

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 148 | शुक्रवार, 10 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### सपा, कांग्रेस और 'आप' सबूत दिखाएं, वरना ड्रामा बंद करें : मायावती

**लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर के दान चोरी प्रकरण पर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी इस मामले में सबूत दिखाएं, वरना ड्रामा बंद करें। उन्होंने कहा कि ऐसी भी आम चर्चा है कि जनहित के मुद्दों को दरकिनार करके, ये पार्टियां अब इस मुद्दे की आड़ में चुनाव में जाना चाहती हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक्स पर पोस्ट पर लिखा कि श्रीराम मंदिर में हुई घटना अति-गंभीर एवं चिंतनीय है।

### अंजनी कुमार यूक्रेन में भारत के राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अंजनी कुमार को यूक्रेन में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि श्री कुमार अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।

### भाजपा के तीन संभागीय कार्यालय मंत्री नियुक्त

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को तीन संभागीय कार्यालय मंत्रियों की नियुक्ति की है। इसमें ग्वालियर में कोमल पवैया, रीवा में वीरेश पांडे और जबलपुर में राजेश मिश्रा को यह दायित्व सौंपा गया है।

### दिल्ली में तीन दिवसीय अनानास महोत्सव कल से

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक बार फिर पूर्वोत्तर भारत की कृषि और संस्कृति की झलक देखने के लिए तैयार है। 10 से 12 जुलाई तक दिल्ली हाट में तीन दिवसीय मेघालय अनानास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य मेघालय के सबसे प्रसिद्ध अनानास को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाना है।

### रामलला के दरबार पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर

**अयोध्या।** फिल्म अभिनेता अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म 'राम की भूमि' की शूटिंग शुरू करने से पहले बुधवार को अयोध्या पहुंचे। प्रभु श्रीराम के दर्शन के बाद मीडिया से उन्होंने कहा, 'छिटपुट घटनाओं से मंदिर की गरिमा या उसकी पवित्रता कम नहीं होती। जिस मंदिर के निर्माण में 500 वर्षों का संघर्ष लगा, उसका सम्मान कुछ लोगों की घटनाओं से कम नहीं हो सकता। पूरे हिंदू समाज को इस बात को समझना चाहिए।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन 10 को शिमला जाएंगे

**शिमला।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के 10 जुलाई को प्रस्तावित शिमला दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपराष्ट्रपति के दौरे को सुरक्षित, व्यवस्थित और प्रोटोकॉल के अनुरूप संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# हिंद-प्रशांत में नई साझेदारीः भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच परमाणु, रक्षा और खनिज समझौते

## पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज की मुलाकात में कई अहम फैसले, यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता साफ

- **भारत और ऑस्ट्रेलिया ने परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए किए अहम समझौते**
- **ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता खुलेगा, स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को मिलेगी रफ्तार**
- **दोनों देशों ने स्वतंत्र, सुरक्षित और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए रक्षा साझेदारी मजबूत करने का लिया संकल्प**



**मेलबर्न**

तेजी से बदलते वैश्विक हालात और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक चुनौतियों के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया ने अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के बीच गुरुवार को हुई अहम बैठक में परमाणु ऊर्जा, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, तकनीक और व्यापार से जुड़े कई महत्वपूर्ण समझौतों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक के बाद दोनों देशों ने स्पष्ट किया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी केवल द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया की यात्रा पूरी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करना है। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग को रणनीतिक जरूरत बताया है। दोनों देश महत्वपूर्ण खनिज गलियारे पर मिलकर काम करेंगे। मोदी ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग स्वच्छ ऊर्जा और रणनीतिक सुरक्षा दोनों के लिए बेहद जरूरी है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा, महत्वपूर्ण तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए भी नई साझेदारी शुरू की गई है। दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते और द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौते पर तेजी से काम करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना है। भारत और ऑस्ट्रेलिया आने वाले वर्षों में आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की योजना बना रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि भारत के साथ उनके देश के संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत और महत्वपूर्ण हो चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई जारी रखेंगे और दोनों देशों का संकल्प मजबूत है। मोदी ने यह भी कहा कि दुनिया में चल रहे संघर्षों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति के जरिए संभव है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि भारत उनके देश के लिए शीर्ष सुरक्षा साझेदार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की साझेदारी शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है।

### हिंद-प्रशांत में सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने सुरक्षा सहयोग को लेकर संयुक्त घोषणा जारी की है। दोनों देशों ने स्वतंत्र, शांतिपूर्ण और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिंद-प्रशांत केवल दो महासागरों का मिलन नहीं है, बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे लोकतांत्रिक देशों की साझा सोच और आकांक्षाओं का प्रतीक है। दोनों देशों की यह पहल ऐसे समय में सामने आई है, जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों को लेकर कई देशों की चिंताएं बढ़ी हुई हैं।

### परमाणु ऊर्जा समझौते से खुलेगा यूरेनियम आपूर्ति का रास्ता

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए सबसे अहम समझौतों में असैन्य परमाणु ऊर्जा सहयोग शामिल है। इस समझौते से ऑस्ट्रेलिया से भारत को यूरेनियम की वाणिज्यिक आपूर्ति का रास्ता आसान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में हुआ यह समझौता भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से मिलने वाला यूरेनियम भारत की परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को मजबूत करने में मदद करेगा। ऑस्ट्रेलिया दुनिया के प्रमुख यूरेनियम उत्पादक देशों में शामिल है। ऐसे में यह साझेदारी भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी साझेदारी

बैठक में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर भी सहमति बनी। दोनों देश रक्षा नवाचार, स्टार्टअप और रक्षा उद्योगों को जोड़ने के लिए नए अवसर तैयार करेंगे। भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नवोन्मेष गलियारे के जरिए दोनों देशों की कंपनियां और संस्थान मिलकर नई तकनीकों पर काम करेंगे। इसके अलावा समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए नया खाका भी तैयार किया गया है। इसमें पोत निर्माण, जहाजों की मरम्मत और रखरखाव जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा।

# एनएच-52 पर भीषण हादसा, लॉरी और कार की टक्कर में सात की मौत

- **कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ में देर रात दर्दनाक सड़क दुर्घटना, दो लोग गंभीर घायल**
- **कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में एनएच-52 पर कार और लॉरी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत, सात लोगों की मौत**
- **हादसे में घायल दो लोगों को गंभीर हालत में हुबली के अस्पताल में कराया गया भर्ती**



**बेंगलुरु**

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। एनएच-52 पर एक कार और लॉरी के बीच हुई भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयानक था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना येल्लापुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अराबैल घाट इलाके में बालागारा क्रॉस के पास हुई। बताया जा रहा है कि रात करीब 1:30 बजे कार और लॉरी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हुबली के केआईएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन का चालक एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़ा हुआ था और पार्ट टाइम डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में काम करता था।

### कार में सवार थे नौ लोग, यात्रा के दौरान हुआ हादसा

पुलिस जांच में सामने आया है कि हादसे के समय एमयूवी कार में ड्राइवर समेत कुल नौ लोग मौजूद थे। सभी लोग धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमगलूर की ओर यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान अचानक यह हादसा हो गया। शुरूआती जानकारी के अनुसार, हादसे में मारे गए लोगों में अधिकतर कार सवार शामिल हैं। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

# शिवसेना पार्षद के हमले के बाद डॉक्टर ने छोड़ा शहर, बोले- 'कभी वापस नहीं आऊंगा'

**ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे स्थित एक सरकारी अस्पताल में डॉक्टर के साथ कथित मारपीट के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शास्त्री नगर अस्पताल में हुई घटना के बाद डॉक्टर ने इस्तीफा दे दिया है और शहर छोड़ने का फैसला किया है। डॉक्टर ने कहा कि वह अब दोबारा ठाणे नहीं लौटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद अस्पताल में डर का माहौल बना हुआ है और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता है। डॉक्टर ने कहा, मैंने इस्तीफा दे दिया है क्योंकि यहां बहुत डर का माहौल है। कुछ लोग हम पर नजर रख रहे हैं। मैंने शहर छोड़ दिया है। वे बहुत खतरनाक लोग हैं। हो सकता है कि दूसरे डॉक्टर यहां काम करते रहें, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकता। मैं दोबारा वहां नहीं जाऊंगा। डॉक्टर के इस बयान के बाद सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार, यह घटना 6 जुलाई को डोंबिवली के कल्याण-डोंबिवली नगर निगम द्वारा संचालित शास्त्री नगर अस्पताल में हुई थी। बताया जा रहा है कि विवाद एक नवजात बच्चे के इलाज को लेकर शुरू हुआ। अस्पताल में नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) में जगह उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में डॉक्टरों ने बच्चे के परिजनों को सलाह दी कि बेहतर इलाज के लिए उसे किसी दूसरे अस्पताल में ले जाया जाए। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, डॉक्टरों ने यह सलाह नवजात की बेहतर देखभाल और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दी थी। लेकिन बच्चे के परिजनों और कुछ अन्य लोगों ने इस सलाह को लेकर आपत्ति जताई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर के साथ मारपीट की। घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों में नाराजगी फैल गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने मांग की कि अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाए।

हालांकि, मामले में संबंधित पक्षों की ओर से अलग-अलग दावे सामने आए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े तथ्यों को जुटाया जा रहा है।

# सेना प्रमुख ने पुंछ के अग्रिम इलाकों का किया दौरा

- **व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय में वरिष्ठ कमांडरों से जम्मू क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर ली जानकारी**
- **अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत किया जा रहा है**
- **सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने पुंछ के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा स्थिति और सैन्य तैयारियों की समीक्षा की**



**जम्मू**

सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और क्षेत्र की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सैन्य अधिकारियों से जमीनी हालात, जवानों की तैनाती और किसी भी चुनौती से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। सेना प्रमुख का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां यात्रा मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। कमांडरों ने सेना प्रमुख को मौजूदा सुरक्षा माहौल, सीमावर्ती क्षेत्रों में गतिविधियों और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की जानकारी दी। सेना प्रमुख ने अधिकारियों के साथ सुरक्षा चुनौतियों और भविष्य की रणनीति को लेकर भी चर्चा की। इसके बाद सेना प्रमुख पुंछ जिले के अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और सैन्य तैयारियों का प्रत्यक्ष जायजा लिया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना की। सेना प्रमुख ने सैनिकों की सतर्कता, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी निभाने के जज्बे की प्रशंसा की। पुंछ क्षेत्र रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां सीमा पार से होने वाली गतिविधियों और घुसपैठ की कोशिशों को देखते हुए सुरक्षा बल लगातार सतर्क रहते हैं। सेना प्रमुख ने पुंछ ब्रिगेड मुख्यालय में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्हें सैनिकों की तैनाती, क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने सेना प्रमुख को बताया कि जवान किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय में अधिकारियों से ली जानकारी

अधिकारियों के अनुसार, जनरल धीरज सेठ ने सबसे पहले नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कोर मुख्यालय का दौरा किया। यहां वरिष्ठ सैन्य कमांडरों ने उन्हें जम्मू क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और कोर के अंतर्गत आने वाली सैन्य इकाइयों की ऑपरेशनल तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# अवैध इमारतों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

## दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में खतरनाक इमारतों पर होगी जांच

- **सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु में अवैध व असुरक्षित इमारतों पर कार्रवाई का मांगा ब्योरा**
- **नगर निगमों को खतरनाक भवनों को गिराने, सील करने और सुरक्षा उपायों की रिपोर्ट देने के निर्देश**



**नई दिल्ली**

देशभर में बढ़ते इमारत हादसों और अवैध निर्माण के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और तमिलनाडु समेत कई राज्यों के प्रशासन से खतरनाक और गैर-कानूनी इमारतों पर की गई कार्रवाई का पूरा रिकॉर्ड मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी इमारतें आम लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं और प्रशासन को समय रहते प्रभावी कदम उठाने होंगे।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने दिल्ली के साकेत में इमारत गिरने की घटना और मालवीय नगर व लखनऊ के अलीगंज में आग लगने जैसी हालिया घटनाओं को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने कहा कि इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि कई स्थानों पर भवन सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने अधिकारियों से पूछा कि ऐसी खतरनाक इमारतों की पहचान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और अब तक कितनी इमारतों पर कार्रवाई की गई है। अदालत ने संबंधित नगर निगमों और स्थानीय प्रशासन को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। देश के कई बड़े शहरों में अवैध निर्माण और कमजोर ढांचों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार बिना अनुमति बनाए गए भवन, पुराने जर्जर मकान और नियमों की अनदेखी कर तैयार की गई बहुमंजिला इमारतें हादसों का कारण बनती हैं।

### दिल्ली, गुरुग्राम और लखनऊ पर विशेष नजर

सुप्रीम कोर्ट ने जिन क्षेत्रों से रिपोर्ट मांगी है, उनमें दिल्ली, गुरुग्राम, लखनऊ, पटना और तमिलनाडु शामिल हैं। इन जगहों पर अवैध निर्माण और असुरक्षित इमारतों को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं। दिल्ली और गुरुग्राम में तेजी से हो रहे निर्माण कार्यों के बीच कई जगहों पर भवन निर्माण नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी पुराने और कमजोर भवनों को लेकर प्रशासन को कई बार चेतावनी दी जा चुकी है।

# असम में नकली नोटों पर सती की मांग, विपक्ष ने सरकार से मांगी बड़ी कार्यवाही



**गुवाहाटी**

असम में नकली करेंसी के मामलों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को विपक्षी नेताओं ने नकली नोटों के कारोबार पर सरकार को घेरा और इस पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

विपक्षी विधायकों ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों से नकली नोट बरामद होने के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन केवल कुछ लोगों की गिरफ्तारी से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि नकली करेंसी तैयार करने और उसे बाजार में पहुंचाने वाले पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाए। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे नकली करेंसी के किसी भी अवैध कारोबार से दूर रहें, क्योंकि इसमें शामिल लोगों को कानून के तहत कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। असम में हाल के दिनों में कई स्थानों से नकली नोटों की बरामदगी हुई है। खासतौर पर गुवाहाटी और अन्य क्षेत्रों में सामने आए मामलों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

### विपक्ष बोला- मास्टरमाइंड तक पहुंचे जांच

कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन सिकदर ने विधानसभा में इस मुद्दे को नियम 54 के तहत उठाया। उन्होंने कहा कि नकली नोटों के मामलों में पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार जरूर किया है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। सिकदर ने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि नकली नोटों का स्रोत कहां है और इसके पीछे कौन लोग काम कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि जांच केवल छोटे स्तर के आरोपियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए बड़े स्तर पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# तृणमूल की रैली में कार्यकर्ता को थप्पड़ मारती दिखीं ममता बनर्जी

**कोलकाता**



बारुईपुर में नाबालिग से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में बुधवार को कोलकाता के बालीगंज फाड़ी से हाजरा तक निकाली गई तृणमूल कांग्रेस के छात्र और युवा संगठनों की रैली के दौरान भारी हंगामा और झड़प हुई। इस बीच सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो तेजी से वायरल हुए, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक व्यक्ति तथा कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को थप्पड़ मारती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि, तृणमूल नेताओं का दावा है कि यह घटना अफरातफरी और भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश के दौरान हुई और इसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की अनुमति के बाद निकाली गई इस रैली के दौरान बालीगंज और कालीघाट इलाके में तनाव का माहौल बन गया। तृणमूल का आरोप है कि निर्धारित मार्ग पर निकाली जा रही रैली में भाजपा समर्थक घुस आए और नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी शुरू हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई।

# दिल्ली में तेज बारिश, यूपी-बिहार समेत सात राज्यों में रेड अलर्ट

**नई दिल्ली**

भारत में ज्यादातर सभी राज्यों में भारी बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे में देश के आधे से ज्यादा इलाकों में खूब पानी बरसा है। कहीं इस बारिश से लोगों को राहत मिली है, तो कहीं इस बारिश ने जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

मौसम विभाग ने कई राज्यों के लिए बारिश को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे भी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सिक्किम, कर्नाटक, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश देखने को मिल सकती है।मौसम विभाग ने बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है।

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- बुवाई में देरी, लेकिन रणनीति पूरी तरह तैयार

# अलनीनो की चुनौती पर सरकार सतर्क : शिवराज सिंह

- **कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 पर आई**

**नई दिल्ली**



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि अल नीनो के संभावित प्रभाव से उपजी मानसून की अनिश्चितता के बीच केंद्र सरकार पूरी तैयारी, स्पष्ट रणनीति के साथ हालात को संभालने में जुटी है। उन्होंने कहा कि चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन संभावित संकट निपटने के लिए सिस्टम सक्रिय और सतर्क है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जून में 33 प्रतिशत कम बारिश के बाद जुलाई में स्थिति में सुधार आया है। कम वर्षा वाले जिलों की संख्या 262 से घटकर 178 रह गई है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के लगभग सभी राज्यों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि जुलाई में बारिश और रफ्तार पकड़ेगी, जिससे खरीफ बुवाई में तेजी आएगी।

### मानसून में देरी का असर सोयाबीन और कपास पर पड़ा

शिवराज सिंह ने बताया कि फिलहाल 350.85 लाख हेक्टेयर में बुवाई हुई है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब 91.95 लाख हेक्टेयर कम है। मानसून में देरी का असर सोयाबीन और कपास पर पड़ा है, लेकिन किसानों को मक्का, बाजरा और मूंग जैसी कम अवधि और कम पानी वाली फसलों की बुवाई की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस चुनौती के लिए पहले ही अप्रैल से तैयारी शुरू कर दी थी। आईसीएआर के सहयोग से प्रभावित होने की संभावना वाले जिलों के लिए कंटिंजेंसी प्लान तैयार कर राज्यों के साथ साझा किए गए हैं।

### 1.75 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार तैयार रखा गया

उन्होंने कहा कि बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए करीब 1.75 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार तैयार रखा गया है, ताकि किसी भी स्थिति में बुवाई प्रभावित न हो। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड अभियान को तेज करते हुए 30 जून तक प्राप्त 1.14 लाख आवेदनों में से 94 हजार से अधिक को स्वीकृति दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास जारी हैं, ताकि किसी भी संभावित नुकसान की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# यूपी में रिटायर्ड एआरटीओ के घर पर विजिलेंस का छापा

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने रिटायर्ड सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के लखनऊ स्थित आवास पर बड़ी कार्रवाई की। करीब 26 घंटे तक चली छापेमारी में अधिकारियों को 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी और बड़ी संख्या में हीरे के आभूषण बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा 1.62 करोड़ रुपये नकद भी मिले, जिन्हें घर की दीवारों, पैकेटों और अलग-अलग कमरों में छिपाकर रखा गया था।

**एक नजर**

### जागरूकता शिविर में विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

**बहेड़ी।** गन्ना विभाग द्वारा किसानों व उनके परिजनों के कल्याण के लिए चलायी जा रहीं योजनाओं के अनुपालन में स्थानीय गन्ना समिति पर आयोजित चार दिवसीय जागरूकता शिविर के दूसरे दिन भी गन्ना किसानों की खासी आमद रही। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रदर्शन अटल पेंशन योजना, तथा जीवन ज्योति बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। योजना के साझीदार होने के चलते क ई बैंकों के प्रतिनिधियों ने किसानों से जानकारी साझा की। इफ्को प्रतिनिधि द्वारा उर्वरक खरीदने के साथ साथ बीमा भी, की जानकारी देकर कई किसानों को बीमा लाभ से आच्छादित भी किया। कार्यक्रम में स्थानीय चीनी मिल के अलावा मीरगंज, पीलीभीत तथा शाहजहांपुर की निगोही चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक भी शामिल हुए। सचिव प्रभारी राजीव सेठ ने किसानों का आभार व्यक्त कर आगंतुक मेहमानों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# झपकी से स्लीपर बस पलटी, 50 घायल

## चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी, 50 से अधिक यात्री घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** दिल्ली से पीलीभीत के पूरनपुर जा रही एक निजी स्लीपर बस गुरुवार तड़के बरेली के सीबीगंज थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गई। हादसे में बस में सवार 50 से अधिक यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस, हाईवे पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। सभी घायलों को जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री की



स्लीपर बस पलटने पर घायल यात्री। -जागरण मोर्चा

हालत गंभीर नहीं बताई गई है।

जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार सुबह करीब चार बजे परधौली गांव के पास हुआ। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने के कारण बस का संतुलन बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। तेज रफ्तार बस अचानक सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे, जिससे उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिल सका। बस पलटते ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की चीख-पुकार से पूरा इलाका गूंज उठा।

कई यात्री सीटों और सामान के बीच फंस गए। आसपास के ग्रामीण सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे और बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। इसके बाद पुलिस और एंबुलेंस की टीम ने राहत कार्य संभालते हुए सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद कुछ समय तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर सड़क पर यातायात सुचारु कराया। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। चिकित्सकों के अनुसार अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कुछ के हाथ, पैर और सिर में चोट लगी है। सभी घायलों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर चालक और परिचालक से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही बस की तकनीकी स्थिति, चालक की लापरवाही और अन्य संभावित कारणों की भी जांच की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि लंबी दूरी की यात्रा से पहले पर्याप्त आराम अवश्य करें। नींद या अत्यधिक थकान की स्थिति में वाहन चलाना गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। समय रहते सावधानी बरतकर इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

# महंत के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो डालना पड़ा भारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**बरेली।** मनौना धाम के महंत ओमेन्द्र महाराज के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व धमकी भरा वीडियो पोस्ट करने के मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर रोहित यादव उर्फ पप्पू को आंवला पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी पुणे के पास एक मशरूम फैक्ट्री में छिपकर रह रहा था, जिसे ट्रांजिट रिमांड पर बरेली लाकर जेल भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, 10 जून 2026 को मनौना निवासी मोहित पाठक की शिकायत पर आंवला थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप था कि भुर्जी टोला निवासी रोहित ने महंत के खिलाफ अभद्र वीडियो प्रसारित किया था। विवेचना के दौरान मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं।फरार आरोपी की तलाश में सर्विलांस की मदद से आंवला पुलिस टीम ने 6 जुलाई को पुणे के निकट स्थित मैंगे एग्रो मशरूम फैक्ट्री से उसे दबोच लिया। इसके बाद 7 जुलाई को वडगांव मावल स्थित कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड हासिल कर पुलिस उसे बरेली लाई। पुलिस ने बताया कि आरोपी रोहित यादव आंवला थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ मारपीट, धमकी और हत्या के प्रयास समेत आठ आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक धर्मपाल सिंह व अन्य शामिल रहे।

# दो घरों से 10 लाख के जेवरात व नकदी चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी खरगपुर गांव में बेखौफ चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर घर के पीछे की दीवार तोड़कर अलमारी में रखे दस लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व नगदी और कीमती सामान समेट कर चोर फरार हो गए। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव खरगपुर निवासी मनोज कुमार किसी काम के सिलसिले में दिल्ली गए हुए थे, और घर पर बुजुर्ग माता-पिता अकेले थे। देर रात अज्ञात चोरों ने मनोज के मकान की पिछली दीवार काटकर मकान के भीतर घुस गए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आठ लाख रुपये जेवरात एवं 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।



चोरी गए सामान के बारे में जानकारी देता पीड़ित। -जागरण मोर्चा

मनोज के बड़े भाई श्रीपाल ने 112 नंबर पुलिस को फोन कर चोरी की घटना की जानकारी दी। इसके बाद चोरों ने खरगपुर गांव निवासी धनपाल के मकान को भी निशाना बनाया। यहां पर भी चोरों ने पीछे की दीवार काटकर घर में प्रवेश किया और अलमारी का ताला तोड़कर डेढ़ लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात समेट ले गए। दोनों घरों से चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलते फतेहगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण एवं मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। दोनों पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। एक ही रात में दो घरों में हुई करीब 11 लाख रुपये की चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि वह 7 तारीख को दिल्ली गए थे उसी रात उनके घर में चोरी हुई सूचना मिलते ही 8 तारीख को वापस आकर थाने में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। और उन्होंने बताया कि चोर अलमारी से उनकी पत्नी आरती का एक गले की सोने की कंठी पेंडल 10 ग्राम, माथे का टीका 2.50 ग्राम, नाक की बेसर लौंग 2.50 ग्राम, सोने की अंगूठी 4 ग्राम, लेडीज अंगूठी 3 ग्राम, कमर का बिछुआ 200 ग्राम, पायल दो जोड़ी 150 ग्राम, कुंडल और झाले 10 ग्राम, 10 हजार रुपए नगद, एवं उनके बच्चे की तीन जोड़ी पायल 12 ग्राम, तीन जोड़ी खंडवा 15 ग्राम, एक सोने का ओम, और बताया कि उनके भाई की बेटी मीनाक्षी के जेवरात मंगलसूत्र 2.5 ग्राम, कुंडल और बाली 7.5 ग्राम, दो जोड़ी पायल 200 ग्राम की उनकी अलमारी में रखी थी। जिन्हें चोरी कर ले गए।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडों के बाद फायरिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के सराय गांव में गुरुवार सुबह भैंस चराने को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग होने का भी आरोप लगाया गया। घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से स्थिति सामान्य हो गई।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि वे अपने खेत के पास भैंस चरा रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के



दो पक्ष के खूनी संघर्ष में सीएससी में उपचार करते घायल। -जागरण मोर्चा

चीकू, भीम सिंह, अर्जुन और पिंटू वहां पहुंच गए और भैंस चराने का विरोध करने लगे। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विपक्षी पक्ष ने पहले लाठी-डंडों से हमला कर दिया और बाद में फायरिंग भी की। हमले में रवि यादव, क्रांति और श्यामवती गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह घायलों को बचाया और एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों के परिजनों का कहना है कि आरोपियों से उनका पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। इस संबंध में पुलिस से शिकायत भी की गई थी, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है और उन्हें आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही सीबीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फायरिंग हुई थी या नहीं तथा विवाद के पीछे की वास्तविक वजह क्या थी। सीबीगंज थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि सुबह मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसमें तीन लोगों को हल्की चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है। घटना में शामिल आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पौधों की रक्षा माँ की तरह करें : वसीम बरेलवी

**बरेली।** मानव सेवा क्लब ने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम गुरुवार को वसीम बरेलवी के फूटा दरवाजा स्थित निवास के गार्डन में किया। जिसमें क्लब के संरक्षक मशहूर शायर प्रो. वसीम बरेलवी ने एक पौधा मां के नाम लगाते हुए कहा कि पौधों की सेवा माँ की तरह करें। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि विभिन्न जन उपयोगी किस्म के 10 पौधे लगाए गए और 25 पौधौं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र बीनू सिन्हा महासचिव मुकेश कुमार सक्सेना, सुरेश बाबू मिश्रा, इन्द्र देव त्रिवेदी,प्रकाश चन्द्र सक्सेना, गंगा राम पाल,तेजपुर आसाम के ऋतुराज कुमार,परमाणु ऊर्जा विभाग दिल्ली के राजभाषा अधिकारी धर्मवीर "धरम', नवनीत श्रीवास्तव और दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधार्थी सचिन कुमार मौजूद रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**जागरण मोर्चा**

**बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।

संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857

मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक

कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।


# झमाझम बारिश से बरेली बेहाल, ऑरेंज अलर्ट जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिले में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश का सिलसिला बुधवार को पूरे दिन रुक-रुककर जारी रहा, जबकि देर शाम करीब एक घंटे की तेज बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी। गुरुवार सुबह भी घने बादलों के बीच रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे में 31.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज करते हुए अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

विभाग ने गरज-चमक, तेज हवाओं और कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। बारिश के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान घटकर 32.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा, जबकि न्यूनतम



झमाझम बारिश से शहर के मार्ग हुए जलमग्न। -जागरण मोर्चा

तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार शाम तक शहर में 12.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं बहेड़ी में 28 मिमी, आंवला में 21.4 मिमी, फरीदपुर में 14 मिमी, नवाबगंज में पांच मिमी और मीरगंज में 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहली तेज बारिश ने नगर निगम की तैयारियों की पोल भी खोल दी। शहर के निचले इलाकों के अलावा कई पॉश कॉलोनियों में भी जलभराव हो गया। कई सड़कों पर दो फुट तक पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा और लंबा जाम लगा। पानी में कई दोपहिया और चारपहिया वाहन बंद हो गए। सिकलापुर में बच्चों द्वारा जलभराव के बीच थर्माकोल की नाव चलाने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालों की सफाई के दावे कागजों तक ही सीमित रहे। बारिश का असर

- 31.4 मिमी वर्षा दर्ज, जलभराव से सड़कें बनी तालाब, नारी निकेतन तक में घुसा पानी

हजियापुर स्थित नारी निकेतन पर भी दिखाई दिया। परिसर के अंदर और बाहर पानी भर जाने से वहां रहने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधीक्षक के अनुसार जलभराव के कारण महिलाओं को तख्त पर बैठकर भोजन बनाना पड़ा, जबकि मुख्य प्रवेश द्वार पर घुटनों तक पानी भर जाने से आवागमन भी प्रभावित रहा। मौसम विभाग ने लोगों से अगले दो दिनों तक सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने जलभराव वाले क्षेत्रों से बचने, गरज-चमक के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

# बरेली बार एसोसिएशन परिसर में शुद्ध पेयजल प्लांट का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुद्ध पेयजल वाटर प्लांट का विधिवत लोकार्पण विधान परिषद सदस्य बहोरनलाल मौर्य के करकमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार हरित एवं सचिव दीपक पांडे ने एमएलसी बहोरनलाल मौर्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शुद्ध पेयजल प्लांट बार परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं, न्यायिक कार्य से जुड़े लोगों, वादकारियों तथा आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर में स्वच्छ पेयजल की सुविधा लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब साकार रूप मिला है। एमएलसी बहोरनलाल मौर्य ने कहा कि समाजहित एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्य उनकी प्राथमिकता में शामिल हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस वाटर प्लांट से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा और बार परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उपस्थित अधिवक्ताओं एवं अतिथियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक कदम बताया।






### अंधी पुलिया पर चार दिन रहेगा डायवर्जन

**बरेली।** सुभाषनगर स्थित अंधी पुलिया पर नाला सफाई कार्य के कारण यातायात पुलिस ने 10 जुलाई सुबह 7 बजे से 13-जुलाई शाम 8 बजे तक डायवर्जन लागू किया है। इस दौरान अंधी पुलिया मार्ग से सुभाषनगर की ओर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार, सुभाषनगर से शहर आने वाले वाहन वाजपेयी ढाल, सुभाषनगर चुंगी और बदायूं रोड होकर चौपला पुल से निकल सकेंगे। वहीं, जंक्शन व कचहरी से सुभाषनगर जाने वाले वाहनों को मॉल रोड और चौपला पुल मार्ग का प्रयोग करना होगा। पुलिस ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

**श्रद्धा** संत प्रेमानंद महाराज और ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन कर लिया ब्रज चौरासी कोस यात्रा का संकल्प

# दंडवती यात्रा पूरी कर बरेली का श्रद्धालु पहुंचा वृंदावन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अटूट श्रद्धा और दृढ़ संकल्प का अनोखा उदाहरण बरेली के एक युवक ने पेश किया है। जिले के व्योधन खुर्द गांव निवासी सौरभ कश्यप ने कीलों की सेज पर दंडवती करते हुए 27 दिनों में बरेली से वृंदावन तक की कठिन यात्रा पूरी की। वृंदावन पहुंचने पर उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए, ठाकुर श्रीबांके बिहारी के चरणों में मत्था टेका और इसके बाद ब्रज चौरासी कोस यात्रा का संकल्प लेकर अपनी आध्यात्मिक यात्रा आगे बढ़ा दी। सौरभ कश्यप ने बताया कि वह लंबे समय से संत प्रेमानंद महाराज के सत्संग और



बरेली से वृंदावन तक की कठिन यात्रा पूरी करते सौरभ कश्यप।

प्रवचनों से प्रभावित हैं। उनके विचारों ने जीवन में आध्यात्मिक मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। इसी प्रेरणा से उन्होंने बरेली से वृंदावन तक दंडवती यात्रा करने का निश्चय किया।

यात्रा के दौरान सौरभ अपने साथी गोपी के साथ पहियों वाले लकड़ी के पट्टे पर बनाई गई कीलों की सेज का उपयोग करते हुए आगे बढ़ते रहे। हर दंडवत के साथ उनके मुख पर "राधे-राधे" का जाप और मन में श्रीराधा-कृष्ण के प्रति अटूट विश्वास बना रहा। रास्ते में अनेक लोगों ने उनकी भक्ति और धैर्य को देखकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। सौरभ का कहना है कि उन्होंने यह कठिन यात्रा किसी व्यक्तिगत इच्छा या मनोकामना की पूर्ति के लिए नहीं की। उनका उद्देश्य केवल संत प्रेमानंद महाराज और ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दर्शन कर अपनी श्रद्धा अर्पित करना था। उन्होंने कहा कि यह पूरी यात्रा ईश्वर और गुरु की कृपा से ही सफल हो सकी। वृंदावन पहुंचने पर उनकी अनूठी साधना और समर्पण ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं का भी ध्यान आकर्षित किया।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

## एक नजर

### जीआरपी ने फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा



**रामपुर।** जीआरपी ने पर्स चुराने वाले को पकड़ने के बाद कोर्ट मे पेश किया ।वहां से आरोपी जेल चला गया। बता दे कि बिहार के जिला सुपौल थाना बलुआ बाजार निवासी धर्मेंद्र 3 जून को दरभंगा यात्रा करने गए थे। इस दौरान किसी ने उनके पर्स को चुरा लिया था। जिसमें 49500 रुपये गायब थे। पैसे गायब देखकर उनके होश उड़ गए थे ।उन्होने दरभंगा में मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में केस रामपुर जीआरपी थाने आ गया था। जांच के दौरान पुलिस ने जिला मुरादाबाद के नूरी मस्जिद निवासी नूर आलम का नाम आने पर पुलिस ने उसको पकड़ लिया। थाना प्रभारी ईश्वर चंद्र ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# रोडवेज बस-ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत, किशोरी की मौत, 15 हुए घायल

## दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ सुबह पांच बजे हुआ हादसा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 24 मार्ग पर सुबह 5 बजे रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली को पीछे टक्कर मार दी। ट्राली में सवार एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 9 महिलाओं समेत 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार, शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि पुलिस ने परिचालक को हिरासत में ले लिया है।

जनपद मुरादाबाद मूंढापांडे क्षेत्र के गांव हसनगंज के मझरा निवासी जोकि पसियापुरा स्थित वरदान रेंस्टोरेंट में आयोजित शादी समारोह में भात देकर गांव लौट रहे थे। कि इसी बीच सुबह 5 बजे पसियापुरा चौराहे के पास रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मौके पर चीखपुकार मच गई। जिसमें प्रियंका पुत्री वीर सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है।



हादसे के बाद हुआ ट्राली का आधा हिस्सा व मृतक प्रियंका का फाइल फोटो।



जिला अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन। –जागरण मोर्चा

### बरेली दिशा की ओर से आ रही थी बस

दिल्ली–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुबह पांच बरेली दिशा की ओर से बस आ रही थी। ट्रैक्टर ट्राली भी उसी दिशा में थी। बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे यह दुर्घटना हुई। अक्सर पसियापुरा चौराहे पर ही दर्दनाक हादसे होते हैं। जबकि कई बार यातयात सुरक्षा समिति की बैठक में पसियापुरा चौराहे का मुद्दे उठ चुके हैं।



राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे के बाद बस को हटवाते एनएचआई कर्मचारी।

### घायलों में यह है शामिल

राधेश्याम, तुलसा, आकाशवती, छात्रवती, फूलवती, भगवती, जमुना देवी, अनारकली, विवेक, अंशु, पिन्टू, सुशीला, हंसिया, राजेश, पप्पू हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# मानसून की पहली झमाझम बारिश से मिली राहत, धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार

- 33 केवी लाइन में ब्रेकडाउन से मसवासी समेत 32 मसवासी समेत गावों की बिजली 12 घंटे गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र में मानसून की पहली झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बारिश के बाद खेत पानी से लबालब हो गए हैं और किसानों ने धान की रोपाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। वहीं, तेज हवाओं के बीच 33 केवी बिजली लाइन में आए ब्रेकडाउन से मसवासी समेत 32 गांवों की बिजली आपूर्ति करीब 12 घंटे तक बाधित रही, जिससे ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी।

बुधवार रात तेज हवाओं के साथ हुई जोरदार बारिश से खेत जलमग्न हो गए। पर्याप्त पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे और धान की रोपाई का कार्य तेज हो गया। खेतों में चारों ओर हरियाली और पानी का नजारा देखने को मिला ।उधर, रात करीब 10 बजे टांडा से मसवासी आने वाली 33 केवी बिजली लाइन में ब्रेकडाउन हो गया ।मसवासी, बिजारखाता, शिकारपुर, किशनपुर , मौलागढ़, शिवनगर, बब्बरपुरी, खानपुर उत्तरी, नानकार रानी, पीपलसाना, सीतारामपुर समेत 12 गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को गर्मी और पेयजल जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा ।अवर अभियंता श्रीकांत ने बताया कि हाईटेंशन लाइन में आए फाल्ट का पता लगाने के लिए लाइनमैन पेट्रोलिंग कर रहे हैं। फाल्ट मिलते ही उसे दूर कर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



धान की रोपाई करता मजदूर।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिलक व साइबर सैल की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए साइबर ठगी करने के आरोप में दो को गिरफ्तार किया ।उसके बाद एसपी ने प्रेसवार्ता करके घटना का खुलासा किया। पुलिस को उनके पास से सात फोन, एटीएम,पासबुक व चेक बुक भी बरामद की है।

एसपी के निर्देश पर ठगी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते मिलक व साइबर सैल पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस उनको थाने ले आई। जहां बाद में एसपी ने प्रेसवार्ता करके खुलासा किया,उन्होने बताया कि जब आरोपियो से पूछा तो उन्होने कहा कि वह लोग नौकरी देने का झांसा देकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे। पुलिस को उनके पास से सात फोन, एटीएम, पासबुक और चेक बुक पुलिस ने की बरामद की। आरोपी कागज वैरीफिकेशन के नाम पर लोगों से 10 हजार रुपये लेते थे। पकड़े गए आरोपी बरेली जिले के थाना शीशगढ़ के ग्राम गुलड़िया निवासी विकास गंगवार और ग्राम बीसलपुर निवासी राजीव हैं। दोनों पढ़ाई करने के बाद साइबर क्राइम में आ गए ।अभी तक दोनों ने 15 लाख रुपये की ठगी की बात आई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।



प्रेस वार्ता करके एसपी और पीछे खड़े आरोपी। –जागरण मोर्चा

# हाल ए अस्पताल: एक बेड पर दो का उपचार

- जिला अस्पताल में है 150 बेड, स्थिति जस की तस

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिले में बुखार से लोगों का बुरा हाल है। हालात यह है कि जिला अस्पताल के सभी बेड फुल हैं। वार्ड के एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज चल रहा है। वायरल बुखार के साथ गला भी जकड़ रहा है। गले में संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं। डॉक्टर बदलते मौसम में सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

गुरूवार को जिला अस्पताल में बनी पुरानी बिल्डिंग में बने डायरिया वार्ड में एक बेड पर दो मरीजों को लिटाकर उपचार कराया गया। बेड की दोना साइडों पर उनके तीमारदार उनकी देखरेख में लगे रहे। ताकि उनका रोगी करवट लेते समय बेड से गिर न जाए। तीमारदार अपने मरीजों के लिए परेशान दिखाई दिए। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर बुखार के मरीज देखे जाने लगे हैं। जिला अस्पतालों में बेड फुल हैं। निजी अस्पतालों से लेकर छोटे-छोटे क्लीनिकों में बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज चल रहा है। स्थिति ये है कि बेड फुल होने के कारण एक बेड पर दो-दो मरीजों का इलाज चल रहा है।



जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बने डायरिया वार्ड में एक बेड पर दो रोगी भर्ती।

> यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं हैं जब मैं गया था तो किसी भी वार्ड में दो बेड पर दो मरीज नहीं थे। वैसे भी 150 बेड के अस्पताल में 300 रोगियों का उपचार कराया जा रहा है ऐसे में स्टॉफ, चिकित्सक अतिरिक्त कार्य कर रहे हैं। – **डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

### झमाझम बारिश से मिली राहत, शहर के कई गली-मोहल्लों मेंजलभराव से हुई आफत

**रामपुर।** गुरूवार को झमाझम बारिश से लोगों को राहत को मिली। लेकिन शहर के अधिकांश गली–मोहल्लों में जलभराव की समस्या बनी रही। जिससे लोगों को आने–जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिनभर रूक–रूकर बारिश होने का सिलसिला लगातार जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक दो दिनों तक जिलो में बादलों की आवाजाही बने रहने की संभावना जताई जा रही हैं। गुरूवार को दिनभर भर रूक–रूकर बारिश होने से शाहबाद गेट, पीला तालाब, पीपल वाला घेर, पुराना गंज,गांधी समाधि समेत कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या बनी रही। जिससे लोगों को आने–जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।



# गवाह को धमकाने के मामले में इंस्पेक्टर को कोर्ट ने किया तलब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गवाह को धमकाने के मामले में कोर्ट ने इंस्पेक्टर को तलब किया है। अब इस मामले में 17 जुलाई को होगी। थाना कोतवाली में यतीमखाना मामले में गवाह को धमकाने के आरोप में नन्हे निवासी बेरियान ने सपा नेता आजम खां और फरहान अली खां, उजैर खां, राजा खां,शानी खां,कामरान,आमिर,राजा खां आदि को नामजद किया था। यह मुकदमा सेशन कोर्ट में चल रहा है। गुरुवार को अदालत में सुनवाई हुई ।जहां कोर्ट ने गवाही के लिए कोतवाली में तैनात रहे इंस्पेक्टर गजेंद्र त्यागी को कोर्ट ने तलब किया है। अब इस मामले में 17 जुलाई को होगी। जबकि आपत्ति जनक टिप्पणी करने के मामले में 16 मई 2026 को मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा आजम खां को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा के साथ पांच हजार का जुर्माना लगाया था। इस फैसले के खिला आजम खां ने अपने वकील के जरिए सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की थी ।अदालत में बचाव पक्ष की बहस जारी है। इसके अलावा मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आज जयाप्रदा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और जौहर विवि से नगर पालिका की मशीन बरामद मामले में गुरुवार को पूर्व चेयरमैन फात्मा जबी और अदीब आजम खां कोर्ट में पेश हुए। दोनों मामलों में अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई नियत की है।

### बाल अपचारी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा

**मिलक।** थाना मिलक पुलिस ने किशोरी को बहला–फुसलाकर ले जाने और पॉक्सो एक्ट के मामले में एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय भेज दिया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 11 जून को थाना मिलक क्षेत्र निवासी ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि उनकी लगभग 16 वर्षीय पुत्री नगर के एक विद्यालय जाने की बात कहकर घर से निकली थी। लेकिन न तो विद्यालय पहुंची और न ही वापस घर लौटी। इस संबंध में थाना मिलक पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था, मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर पोक्सो एक्ट की धारा 5(जी)/6 सहित अन्य सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी की। जांच के दौरान बाल अपचारी अमन निवासी ग्राम आगापुर, थाना मिलक तथा सुमित शर्मा निवासी थाना गोला जनपद लखीमपुर खीरी का नाम प्रकाश में आया।

**अभियान** | 1 निजी वैन का चालान, स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

# परमिट, फिटनेस और बीमा समाप्त होने पर 2 स्कूल वैन और 2 ऑटो सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बिना वैध अभिलेखों के संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यात्रीकर अधिकारी द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान 15 वर्ष पुरानी 2 निजी मारुति वैन स्कूली बच्चों का परिवहन करती पाई गई। जांच में दोनों वाहनों के परमिट, फिटनेस एवं बीमा की वैधता समाप्त पाई गई। दोनों वाहन टांडा के बाजपुर रोड स्थित जॉन वियना स्कूल और रूपापुर सिरका पट्टी स्थित एसएमडी स्कूल के विद्यार्थियों को ले जाते हुए मिले। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दोनों वाहनों को तत्काल सीज कर दिया गया ।इसके अतिरिक्त एक अन्य निजी मारुति वैन बिना वैध अनुमति के सवारी ढोते हुए पकड़ी गई। जिसके विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई ।अभियान के दौरान परमिट, फिटनेस एवं बीमा सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों के बिना अनधिकृत रूप से संचालित दो ऑटो,टेपों भी पकड़े गए, जिन्हें नियमानुसार सीज कर दिया गया। यात्रीकर अधिकारी ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बिना वैध दस्तावेजों अथवा अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन संचालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए ही वाहन संचालित करें।



वाहन चालक से जानकारी लेते पीटीओ। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



टांडा उपजिलाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

### अधिवक्ता सांकेतिक हड़ताल पर

**टांडा।** तहसीलदार न्यायालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर बार वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर तहसील के अधिवक्ता लगातार 22 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उप जिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया गया था कि तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच बैठक कर समस्याओं का समाधान करा दिया जाएगा ।लेकिन तहसीलदार के साथ अधिवक्ताओं की बैठक न हो सकी ।नतीजतन अधिवक्ता उपजिलाधिकारी न्यायालय में भी सांकेतिक रूप से हड़ताल पर चले गए। अधिवक्ता तहसीलदार न्यायालय से तो लगातार हड़ताल पर चल ही रहे हैं,अब उपजिलाधिकारी न्यायालय में भी सांकेतिक हड़ताल पर हैं ।अधिवक्ता बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी कोर्ट से सांकेतिक हड़ताल रहे,शुक्रवार को को भी सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। अधिवक्ताओं का कहना है कि दोनों अधिकारियों द्वारा कई बार अधिवक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन समाधान नहीं कराया गया ।जिससे तहसील के अधिवक्ताओं में रोष है। जिसके चलते अधिवक्ता जहां 22 जून से तहसीलदार न्यायालय से लगातार हड़ताल पर हैं,अब गुरुवार को उपजिलाधिकारी न्यायालय से भी सभी अधिवक्ता सांकेतिक रूप से हड़ताल पर रहे और शुक्रवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे ।इस दौरान अधिवक्ताओं ने अनियमितताओं को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सतपाल सिंह,महासचिव प्रथी सिंह सैनी,हर्षवर्धन गौड़,अनिल भारद्वाज, समर सिंह चौहान, सोमवीर सिंह तारिक हुसैन, श्योराज सिंह सैनी,जयप्रकाश सैनी,कादिर अली, आलम हुसैन, अमित चौहान, नाजिम सिद्दीकी, अनीस, अफजाल, अनूप चौहान, हरिराम सैनी, हरस्वरूप सागर, विजेंद्र पाल सिंह,सुहेल,लईक, फारूक सैफी, केपी चौहान, रघुवीर सिंह,अशोक चौहान, सतवीर चौहान, भोला सिंह, इमरान पाशा, तेजवीर चौहान, राजवीर सिंह और प्रेमपाल सागर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अतिक्रमण व गंदगी पर नगर पंचायत का अभियान

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन ने गुरुवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया ।अभियान के दौरान सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले पांच दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया, जबकि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के आरोप में आठ लोगों पर भी जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर अवैध रूप से रैंप बनाकर अतिक्रमण करने वाले एक व्यक्ति का रैंप भी नगर पंचायत की टीम ने हटवा दिया ।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नगर में अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ यह अभियान लगातार रहेगा ।नगर पंचायत प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सरकारी भूमि, सड़क किनारे, नालों–नालियों और सड़क की पटरी पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा–करकट या घूर आदि डालकर गंदगी न फैलाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी ।अभियान में नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा कर्मचारी मुकेश कुमार, सोमपाल, दिनेश, अमरनाथ, अनीता देवी, रामवीर, राकेश सहित अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

### संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन सतर्क


**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की समीक्षा के क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी ( वित्त एव राजस्व आनन्द कुमार सिंह के साथ तहसीलदार स्वार, जिला आपदा विशेषज्ञ एवं आपदा सहायक ने तहसील स्वार के ग्राम पसियापुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्ष 2021–22 में कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण जलमग्न हुए क्षेत्रों तथा बाढ़ से प्रभावित मार्गों का जायजा लिया ।टीम ने स्थानीय परिस्थितियों का अवलोकन कर संभावित जोखिमों का आकलन किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने तहसीलदार स्वार को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उस सड़क का स्थायी समाधान तय किया जाए,जो कोसी नदी के तेज बहाव के कारण प्रत्येक वर्ष क्षतिग्रस्त हो जाती है। उन्होंने सड़क को सीमेंट–कंक्रीट ( सीसी) से सुदृढ़ कर आवागमन को सुरक्षित एवं निर्बाध बनाए जाने के निर्देश दिए ।उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए ।जिला प्रशासन संभावित बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है तथा सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रहा है।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद में स्थापित होगा बायो-इनपुट रिसोर्स सेंटर

**रामपुर।** भारत सरकार की राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के तहत जनपद में बायो–इनपुट रिसोर्स सेंटर ( बीआरसी) स्थापित किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी, नीमास्त्र सहित अन्य प्राकृतिक जैव–आदान एवं खेती में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद के सभी विकास खंडों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। बायो–इनपुट रिसोर्स सेंटर के संचालन के लिए अभ्यासरत प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, किसान उत्पादक संगठन ( एफपीओ), स्वयं सहायता समूह ( एसएचजी), पीएसीएस, सहकारी समितियां तथा स्थानीय उद्यमी आवेदन कर सकते हैं ।आवेदक प्राकृतिक खेती का अभ्यास करता हो अथवा उसके समूह में प्राकृतिक खेती का अनुभव रखने वाले सदस्य हों ।प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जैव–आदान तैयार करने एवं उनके भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो ।इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक कार्यालय के कार्य दिवसों में अपने आवेदन आवश्यक अभिलेखों सहित उप कृषि निदेशक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### 20 तक हाजी करें आवेदन की प्रक्रिया को मुकम्मल

**रामपुर।** संत शिरोमणि रविदास गेस्ट हाउस में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खडायत, मुख्य वक्फ निरीक्षक मोमिन हसन, शहर इमाम, मदरसों के मौलाना हज़रात–धर्म गुरु मुस्लिम समाज के समाज सेवी व हज ट्रेनरों के बैठक आयोजित हुई। बैठक में हजए सफर को मुकम्मल कर अपने वतन वापसी पर सभी हाजियों का स्वागत कर मुबारक दी। हज पर जाने वाले हाजियों से अपील की। सभी 20 जुलाई तक अपने आवेदन प्रक्रिया को मुकम्मल करें। कहा कि केंद्र, प्रदेश सरकार सभी मुस्लिम भाई बहनों के हज के सफर को सुरक्षित एवं आसान बनाने के लिए लगातार ईमानदारी से काम कर रही है।



संत शिरोमणि रविदास गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में अधिकारी, धर्मगुरू।

### पत्नी से मारपीट करने वाले पति पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के भौंरकी जदीद गांव निवासी प्रीति ने थाने पर तहरीर देकर पति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि गुरुवार को उसके पति अरजेश पुत्र महेंद्र सिंह ने उसके साथ बिना बात के गंदी गंदी गालियां दी और जब उसने गालियां देने को मना किया तो उसके साथ लाठी डंडों, लात घूंसो से मारपीट की, और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

**एक नजर**

### सेमरा लाडपुर के जंगल में मोर को जंगली कुत्तों ने नोचा

**मसवासी।** क्षेत्र के गांव सेमरा लाड़पुर के जंगल में गुरुवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव मिलने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार, बरसात के कारण मोर के पंख भीग गए थे जिसकी वजह से मोर उड़ नहीं पा रहा था जंगली कुत्ते ने उसे पर हमला कर दिया और मौत के घाट उतार दिया। मौत होने के बाद उसका शव जंगल में पड़ा था। इसी दौरान एक ओर कुत्ते ने शव को नोचने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कुत्ते को वहां से भगाया और तत्काल वन विभाग को सूचना दी।सूचना मिलने पर वन दरोगा बलविंदर कुमार मौके पर पहुंचे और मोर के शव को अपने कब्जे में लेकर रामपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वन दरोगा बलविंदर कुमार ने बताया कि मोर के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार पीपली वन क्षेत्र में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# वैदिक मंत्रोच्चार और 'कबूल है से गूंज उठे पंडाल

## महात्मा गांधी स्टेडियम में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1000 जोड़ों का विवाह हुआ सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में दंपती को पुरस्कार देते शहर विधायक। -जागरण मोर्चा



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में जोड़े को निकाह पढ़ाते काजी। -जागरण मोर्चा



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में जोड़ों पर फूल बरसाते अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत फिजिकल ग्राउंड में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता, बेटी सम्मान और जनकल्याण का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया। समारोह में 1000 जोड़ों का विवाह एवं निकाह उनकी धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ हरि सिंह ढिल्लो, शहर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी तथा मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विवाह मंडपों का भ्रमण कर नवदंपतियों से भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। विवाह स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया। पारंपरिक मंडप, पुष्प सज्जा, मंगलगीत, शहनाई की मधुर धुन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के जोड़ों के विवाह एवं निकाह एक ही परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए, जो सामाजिक समरसता और संस्कृति की सुंदर मिसाल बने।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। यह योजना आर्थिक सहायता के साथ-साथ बेटियों को सम्मानपूर्वक नए जीवन की शुरुआत का अवसर भी प्रदान कर रही है।सरकार बेटियों के उत्थान के लिए शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन और विवाह तक अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही आर्थिक सहायता एवं उपहार सामग्री नवदंपतियों के नए जीवन की मजबूत शुरुआत का आधार बन रही है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र परिवार तक योजना का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभी नवदंपतियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना सामाजिक सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।समारोह में प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को शासन की व्यवस्था के अनुसार जीवनोपयोगी उपहार सामग्री भी प्रदान की गई। इनमें घरेलू उपयोग की विभिन्न आवश्यक वस्तुएं, वस्त्र तथा अन्य उपयोगी सामग्री शामिल रही, जिससे नवदंपति आत्मनिर्भर जीवन की शुरुआत कर सकें।कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा, पार्किंग तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से तय की गई थीं।इस मौके पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, जिला प्रभारी राजा वर्मा भी मौजूद रहे।

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन किए जाते हैं। पात्र लाभार्थियों का चयन निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है। जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।
> **-जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी।**

**योजना की विशेषताएं**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब प्रत्येक विवाह पर 1,00,000 का प्रावधान किया गया है। इसमें 64,000 रुपये कन्या के बैंक खाते में, 21,000 रुपये मूल्य की उपहार सामग्री ट्रॉली बैग, लड़का लड़की के लिए कपड़े, डिनर सेट, कुकर, कढ़ाई, गद्दे, कंबल, वाटर कूलर इत्यादि और 15,000 रुपये आयोजन की व्यवस्था पर व्यय किए जाते हैं। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह कराना तथा उन्हें नए जीवन की सशक्त शुरुआत उपलब्ध कराना है।

# विद्या मंदिर में पूर्व छात्र परिषद की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** रुस्तम नगर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेरठ प्रांत के पूर्व छात्र परिषद प्रमुख राजीव कुमार फोगाट ने शिरकत की।

उन्होंने प्रधानाचार्य कार्यालय में विद्यालय के वर्षों पुराने छात्रों से भेंट कर उनका परिचय लिया और पूर्व छात्र परिषद के उद्देश्य व महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रांत प्रमुख राजीव कुमार फोगाट ने बताया कि विद्या भारती के मार्गदर्शन में पूरे देश में चल रहे सरस्वती विद्या मंदिरों से पढ़कर निकले छात्रों का एक विशाल नेटवर्क तैयार हो चुका है। अब तक देश भर के लगभग 11 लाख पूर्व छात्र आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इस दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए सुमित कुमार सैनी को भगवा पटका पहनाकर पूर्व छात्र परिषद का संयोजक मनोनीत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सभी आगंतुकों को सनातन धर्म का पवित्र ग्रंथ 'श्रीरामचरितमानस' भेंट कर उनका स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार की संकल्पना के तहत 12 जुलाई 2026 को होने वाले पर्यावरण संरक्षण वृक्षारोपण महाअभियान को लेकर विद्यालय में जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जागरूकता अभियान के तहत पूर्व छात्र परिषद प्रमुख, आचार्य दिलीप कुमार, पर्यावरण प्रमुख दीदी सुनीता मौर्य और बड़ी संख्या में भैया-बहनों ने विद्यालय के मुख्य भवन के सामने सड़क किनारे सामूहिक रूप से पौधरोपण किया। इस मौके पर उमेश कुमार, ब्रजकिशोर मौर्य, नरोत्तम सिंह मौर्य, प्रिंस सैनी, अंकित कुमार वर्मा, गौरव कुमार मौजूद रहे।

# जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ पर कम से कम एक-एक पौधा लगाए

जागरण मोर्चा, कार्यालय




नगर में पौधरोपण करते विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी।

**रामपुर।** मिलक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। जिसमें सभी बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक पौधे लगाने का कार्य किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर ने बताया कि पूरे देश भर के अंदर बजरंग दल के सेवा सप्ताह के अंतर्गत 5 से 12 जुलाई तक बजरंग दल के बजरंगी संपूर्ण देश में लाखों की संख्या में पौधारोपण करने और निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने का कार्य करेगें।

"सेवा परमो धर्म" को चरितार्थ करते हुए हमारा संगठन समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी पूर्ण रूप से संकल्पित है। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल हमें ऑक्सीजन ही नहीं देते,बल्कि वे जलवायु संतुलन,भूजल संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी भी हैं। आज बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ या किसी विशेष अवसर पर कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। इस अवसर पर अमृत गौड़, उपेंद्र मिश्रा, जोगेंद यादव, संजीव गुप्ता, रोहित गंगवार, विकास गंगवार, सौरभ अग्रवाल, लकी गुप्ता, मोरपाल राठौर, दिनेश शर्मा, भीमा जोशी, सोनू राठौर, घनश्याम गोस्वामी, वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अलम का जुलूस 10 और 11 को निकलेगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मोहर्रम की 24 और 25 तारीख यानी 10 और 11 जुलाई को अलग-अलग जगहों से दो अलम के जुलूस निकलेंगे। जिसमें 10 जुलाई को असलम महमूद उर्फ जानी मियां की देख रेख में शाम को एक जुलूस शाम को इमाम बाड़ा मेहदी हसन कुटकुईया से निकलेगा,जोकि पुराना हाथी खाना,मोहल्ला कलकत्ता में पहुंचकर खत्म होगा। जुलूस के आगे डिप्टी कलेक्टर हर्ष वर्धन और जुलूस के पीछे मुकेश कुमार इंस्पेक्टर और मजिस्ट्रेट के तौर पर तैनात रहेगे। जबकि 11 जुलाई को हजरत जैनुलआवेदीन की साहादत की याद में सैयद मसूद हुसैन जैदी की देख रेख में अलम का जुलूस सुबह 10 :30 बजे इमामबाड़ा मिर्जा जफर बेग से शुरू होगा,जोकि लाल कबर, कटरा,गुईया तालाब,पान दरीबा,दोमहला रोड,बांस मंडी तिराहा,घेर मर्दान खां,चाहे मोटे कल्लन होते हुए देर रात डॉक्टर असलम हसन के घर पहुंचकर खत्म होगा।जुलूस में रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा,संभल,बनारस,आदि जगहों से अंजुमने रामपुर आकर शामिल होगी।जंजीरों का मातम होगा। जुलूस के आगे डिप्टी कलेक्टर प्रतीत त्रिपाठी और चकबंदी अधिकारी,संदेश कुमार जैन तैनात रहेगे।

# दिव्यांगों को 5 प्रतिशत आरक्षण पर दी जाए नौकरी

- **बाग छोटे साहब में आयोजित हुई संगठन की बैठक**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



बाग छोटे साहब में आयोजित बैठक में शामिल दिव्यांग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें दिव्यांगों ने कहा कि संविदा, निविदा कर्मी के रूप में भर्ती उन के 5 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर सभी विभागों में कराने के आदेश किये जाए। विकलांग पेंशन 4500 रूपये शीघ्र उनके खाते में जमा कराई जाए।

विधवा पेंशन जो भेजी गई है वह 3000 रूपये भेजी गई है जबकि एलान 4500 रुपये का किया गया है। दिव्यांग भीमसेन प्रजापति जो जेल पर जलेबी का ठेला लगाकर अपनी जीविका चलाते हैं, उन को ठेला लाने ले जाने में बहुत कठिनाई होती है। वह अपने ठेले को मन्दिर की दीवार से सटा कर खड़ा करते थे। जेलर ने उसे मन्दिर से सटा कर ठेला खड़ा करने से मना कर दिया है। जिससे दिव्यांग को काफी परेशानी हो रही है। ज्ञापन पर नूर अहमद, सिफात अली खान, फैजान अली, भीमसेन प्रजापति, बन्टी,कोशल कुमार, विकास बाबू, राशिद अली, फैसल शाह मौजूद रहे।

**रोजगार योजना** बड़ा गांव चौराहे पर लगाई 10 मशीनों की यूनिट, रोजाना 10 हजार कुल्हड़ का हो रहा उत्पादन

# 7.5 लाख के लोन से भूरा हुसैन ने खड़ा किया कुल्हड़ का बड़ा कारोबार

जागरण मोर्चा कार्यालय




फैक्ट्री में रखे कुल्हड़ को दिखाता व्यक्ति। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना' पारंपरिक कारीगरों के लिए वरदान साबित हो रही है। रामपुर के बड़ा गांव चौराहा निवासी भूरा हुसैन इसके एक सशक्त उदाहरण हैं। कभी सीमित स्तर पर काम करने वाले भूरा आज इस योजना के तहत 7.5 लाख रुपये का ऋण लेकर कुल्हड़ निर्माण की एक बड़ी यूनिट चला रहे हैं।

अपनी इस यूनिट में वह 10 अत्याधुनिक मशीनों और एक टनल के जरिए रोजाना 8 से 10 हजार कुल्हड़ तैयार कर रहे हैं। इससे न केवल उनकी मासिक आय 1 से 1.5 लाख रुपये तक पहुंच गई है, बल्कि उन्होंने अपने साथ-साथ 17 से 18 अन्य लोगों को भी स्थायी रोजगार मुहैया कराया है।भूरा हुसैन बताते हैं कि उन्हें इस सरकारी योजना के बारे में खादी ग्रामोद्योग (पुनर्वास) से जुड़े अपने मित्रों से जानकारी मिली थी। मित्रों ने उन्हें एक अन्य स्थान पर चल रहा प्लांट दिखाया, जिसे देखकर वह बेहद प्रभावित हुए। इसके बाद उन्होंने योजना के तहत आवेदन कर दिया। करीब दो साल पहले (2024 में) उनका साढ़े सात लाख रुपये का ऋण पास हो गया, जिसके बाद उन्होंने बड़ा गांव चौराहे पर अपनी खुद की एक बड़ी यूनिट स्थापित की।शुरुआती संघर्ष के बाद भूरा हुसैन ने अपनी यूनिट को आधुनिक रूप दिया। वर्तमान में उनके कारखाने में कुल्हड़ बनाने वाली 10 मशीनें लगी हैं। इसके अलावा कच्चे माल को पकाने के लिए एक बड़ी टनल (भट्टी) भी स्थापित की गई है। इस सेटअप की मदद से वह प्रतिदिन आठ से दस हजार कुल्हड़ आसानी से तैयार कर लेते हैं, जिससे उन्हें रोजाना 8 से 10 हजार रुपये का औसत रेवेन्यू प्राप्त होता है। बड़ी मात्रा में उत्पादन होने से दुकानदारों की मांग को समय पर पूरा करना उनके लिए संभव हो पाया है।

**नजीबाबाद की ट्रेनिंग ने सिखाया व्यापार का हुनर**

योजना से जुड़ने के बाद भूरा को नजीबाबाद में 8 से 10 दिन का विशेष प्रशिक्षण भी दिलाया गया था। इस ट्रेनिंग में उन्हें सिखाया गया कि माटीकला के उत्पादों से कैसे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है और नए-नए आइटम बनाकर बाजार में कैसे उतारे जा सकते हैं। भूरा मानते हैं कि इसी ट्रेनिंग के कारण वे अपने कुल्हड़ के व्यवसाय को एक लाभकारी ब्रांड में बदल पाए। यह योजना पारंपरिक कुम्हार समुदाय (प्रजापति) और माटी शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और विलुप्त हो रही कला को संरक्षित करने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत माटीकला से जुड़े व्यवसाय जैसे खिलौने, सजावटी सामान, बर्तन या टाइल्स बनाने के लिए 10 लाख रुपये तक का बैंक लोन दिया जाता है। सरकार इस पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी (मार्जिन मनी) देती है, जबकि आवेदक को कुल लागत का मात्र 5 प्रतिशत लगाना होता है। 18 से 55 वर्ष का कोई भी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक और प्रोजेक्ट रिपोर्ट जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

**हर मौसम में रहती है मांग, छोटे-बड़े कुल्हड़ से मुनाफा**

कुल्हड़ की मांग के बारे में भूरा बताते हैं कि यह सदाबहार व्यापार है, लेकिन मौसम के अनुसार उत्पाद की मांग बदलती रहती है। गर्मियों के मौसम में जहां बड़े कुल्हड़ (लस्सी के लिए) की भारी मांग रहती है, वहीं सर्दियों में छोटे कुल्हड़ (चाय के लिए) की खपत बढ़ जाती है। बाजार में छोटे चाय वाले कुल्हड़ की कीमत एक रुपये से अधिक है, जबकि बड़े लस्सी वाले कुल्हड़ दो रुपये से अधिक में बिकते हैं। मांग के अनुसार उत्पादन की इस रणनीति ने उनकी आय को काफी सुदृढ़ किया है।इस व्यवसाय की सबसे बड़ी सफलता केवल भूरा हुसैन की व्यक्तिगत आय तक सीमित नहीं है। उन्होंने अपनी फैक्ट्री में कारीगरों और पैकिंग का काम करने वाले करीब 17-18 लोगों को रोजगार दिया है। जो व्यक्ति कभी खुद एक सामान्य आय के लिए संघर्ष कर रहा था, वह आज लगभग 18 परिवारों की आजीविका का सशक्त माध्यम बन गया है।

**सार संक्षेप**

### शाहबाद में 'स्कूल चलो अभियान' रैली का हुआ आगाज



रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्य अतिथि।


**शाहबाद।** नगर के जीजीआईसी से स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम आशुतोष कुमार रहे, जिन्होंने रैली की प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। वहीं, जफर बेग ने कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और फोटोग्राफी का पूरा दायित्व संभाला। इस जागरूकता रैली में शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सभी संकुल प्रभारी, संकुल शिक्षक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र और शिक्षणेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक अजीम खान, मोहम्मद खालिद खान आदि उपस्थित रहे।

### समिति ने गरीबों को बांटा सामान



साइकिल और सिलाई मशीन देते समिति के पदाधिकारी।

**रामपुर।** गुरुवार को वीर खालसा सेवा समिति की ओर से एक बच्ची बिलासपुर की जिसका नाम किरण था। रोजाना अपने घर से स्कूल पैदल जाती थी आज उसे बच्ची को स्कूल के लिए समिति के द्वारा साइकिल दी गई।ताकि वह साइकिल से आराम से स्कूल जा सके। इसके अलावा काशीराम कॉलोनी निवासी कांता रोजगार से जोड़ने के लिए पीछे सिलाई मशीन दी गई ताकि वह कपड़े सिलचर रोजगार कर सके। ज्वाला नगर निवासी सोनिया को भी जरूरतमंद परिवार को सिलाई मशीन दी गई। जिससे कि बच्चे रोजगार से अपने घर का खर्च उठा सके। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की जाती है। आज भी एक बच्ची को स्कूल के लिए साइकिल दो महिलाओं को रोजगार के लिए सिलाई मशीन दी गई। यह सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। इस मौके पर मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, वजीर सिंह, कमलजीत सिंह मौजूद रहे।



मुख्य शाखा के हॉल में केक काटकर स्थापना दिवस मनाते बैंककर्मी।

### यह केवल तिथि नहीं, संघर्ष, एकता और अधिकारों रक्षा की है कहानी: धनराज

**रामपुर।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के हाल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन का 106 वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने अपने संबोधन में कहा कि यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी संघर्ष, एकता और अधिकारों की रक्षा की कहानी है।

9 जुलाई 1920 को कोलकाता में कुछ मुट्ठीभर बैंक कर्मचारियों ने, उस समय के ब्रिटिश राज की शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई। उन दिनों बैंक कर्मचारियों को असुविधा, भेदभाव और अन्याय का सामना करना पड़ता था। सुविधाओं का अभाव था, अधिकारों का कोई संरक्षण नहीं था। ऐसे कठिन समय में कुछ साहसी साथियों ने संगठित होकर इस संगठन की स्थापना की। यह एसोसिएशन उस समय एक छोटे पौधे के रूप में शुरू हुआ था, जो आज 106 वर्षों में एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। यह वटवृक्ष आज भी हम सभी को छाया देता है, हमारी रक्षा करता है, और कर्मचारियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करता है। इस अवसर पर सर्किल डेलिकेट रितेश त्रिवेदी, अपूर्व जैन, वंशिका, राधिका, प्राची, निशा, प्रदीप कुमार, विनय सिंह, अभिषेक सिसोदिया, दिनेश कुमार सिंह, अमर देव, डीके जोशी, रामेंद्र गोले उपस्थित रहे।

### खेत में काम कर रहे ग्रामीण को सांप डसा

**शाहबाद।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव में खेत में धान की रोपाई कर रहे ग्रामीण मोहम्मद रफीक को एक जहरीले सांप ने डस लिया।सांप के काटने से ग्रामीण की हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही परिजन बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले गए।अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार शुरूकर दिया। फिलहाल मोहम्मद रफीक चिकित्सा निगरानी में हैं और उनका उपचार जारी है। क्षेत्र में इस घटना के बाद से किसानों के बीच भय का माहौल है और लोग खेतों में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



# हाईकोर्ट के आदेश पर जर्जर दिल्ली वाली बिल्डिंग पर चला बुल्डोजर

## सरकारी जमीन नहीं, 1948 में बना निजी भवन था, सुरक्षा के मद्देनजर नगर पंचायत ने कराया ध्वस्तीकरण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** जनपद के नगर पंचायत बबराला क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वर्षों पुराने जर्जर भवन, जिसे स्थानीय लोग दिल्ली वाली बिल्डिंग के नाम से जानते हैं, पर गुरुवार को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई किसी अतिक्रमण हटाने या सरकारी भूमि को खाली कराने के लिए नहीं, बल्कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है।



हाईकोर्ट के आदेश पर बबराला में जर्जर बिल्डिंग को ध्वस्त करतीं जेसीबी।

प्रशासन के अनुसार यह भवन वर्ष 1948 में निजी व्यक्तियों के परिजनों द्वारा निर्मित कराया गया था। समय के साथ भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका था और उसके कभी भी भरभराकर गिरने की आशंका बनी हुई थी। इससे आसपास रहने वाले लोगों एवं राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था।

इसी को लेकर भवन स्वामियों की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका संख्या-18197/2026 (हेमंत गर्ग एवं अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य) दाखिल की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद 29 मई 2026 को हाईकोर्ट ने नगर पंचायत बबराला को आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाते हुए भवन को ध्वस्त कराने के निर्देश दिए थे।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नगर पंचायत ने सबसे पहले भवन में रह रहे किरायेदारों एवं अन्य संबंधित पक्षों को सात दिन के भीतर भवन खाली करने का नोटिस जारी किया। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी गई कि निर्धारित अवधि के बाद यदि कोई व्यक्ति भवन में रहता है और किसी प्रकार की दुर्घटना होती है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कराई और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए बुल्डोजर से भवन का ध्वस्तीकरण कराया। कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। ध्वस्तीकरण के संबंध में प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि जिस भवन को गिराया गया, वह सरकारी भूमि पर नहीं बना था। यह निजी स्वामित्व का भवन था, जिसे उसकी अत्यंत जर्जर स्थिति एवं संभावित जनहानि के खतरे को देखते हुए हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में हटाया गया है। प्रशासन का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य किसी के विरुद्ध दंडात्मक कदम उठाना नहीं, बल्कि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी संभावित दुर्घटना से पहले आवश्यक कार्रवाई करना था। नगर पंचायत ने पूरी प्रक्रिया न्यायालय के निर्देशों एवं विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई।

### भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**बहजोई।** थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर जूना निवासी कालीचरण ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल को प्रार्थना पत्र सौंपकर अपनी खरीदी गई भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि चक संख्या 217 (मूल गाटा संख्या 46/1.97 हेक्टेयर) पर उसका वैधानिक अधिकार होने के बावजूद उसे अब तक कब्जा नहीं मिल सका है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि उक्त चक पर पारित स्थगन आदेश को उपसंचालक चकबंदी न्यायालय द्वारा निरस्त किया जा चुका है। इसके बावजूद संबंधित भूमि पर विक्रेता जसवीर यादव के परिवार के सदस्य कोजीराम यादव का कब्जा बना हुआ है। आरोप है कि वर्ष 2021 में बैनामे के माध्यम से भूमि खरीदने के बाद भी उन्हें अपनी भूमि का उपयोग नहीं मिल पा रहा है। कालीचरण ने जिलाधिकारी से मांग की है कि चक संख्या 217 की राजस्व विभाग से पैमाइश एवं सीमांकन कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए तथा उन्हें उनकी भूमि पर विधिक रूप से कब्जा दिलाया जाए। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेश के बाद भी यदि कब्जा नहीं दिलाया गया तो उन्हें लगातार आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भी प्रशासन से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### श्री सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी।** आरआरके स्कूल के समीप व्यापारी अनुज वार्ष्णेय के आवास पर श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य यजमान अनुज वार्ष्णेय व परिजनों ने हनुमान जी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद भक्तों द्वारा गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया गया। इसके उपरांत सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। जिसमें श्रद्धालु नृत्य करते नजर आए। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रुचि वार्ष्णेय, रुक्मणी देवी, पूजा वार्ष्णेय, दिव्या शर्मा, अंशुल रतन, आशीष कुमार, डा. आकांक्षा वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।



श्री सुंदर कांड का पाठ करतीं महिलाएं।

### बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा द्वितीय वर्षगांठ महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मित्र मंडल द्वारा मुरादाबाद गेट स्थित शिव नारायण खाटू श्याम मंदिर में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें आगरा से भजन गायक यश सिंघल व बरेली से आई भजन गायिका शिवानी चौधरी ने बाबा श्याम के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक भजनों का सिलसिला जारी बना रहा। अंत में आरती के पश्चता प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार रस्तोगी, अजय रस्तोगी, अनुराग अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, करुणा गुप्ता, राजेश रस्तोगी, मुकेश राणा, संजीव रस्तोगी, विशाल रस्तोगी, हर्षित रस्तोगी, विनय कुमार, रोहित रस्तोगी, रजत रस्तोगी, नितिन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

### बचत खाते में गड़बड़ी के चलते डाकघर विभाग को दिए 30 जुलाई तक अपना उत्तर करने के आदेश

**चन्दौसी।** डाकघर बहजोई में बचत खाते में गड़बड़ी की आशंका के चलते खाता धारक की ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया गया है। जिसमें जिला उपभोक्ता आयोग ने डाकघर को नोटिस जारी कर 30 जुलाई तक अपना जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। बहजोई स्थित डाकघर में विभिन्न खाता धारकों की ओर से अपनी-अपनी छोटी-छोटी बचतों को जमा किया जाता है। क्षेत्र के गांव रम्पुरा निवासी सुधा गुप्ता ने भी अपना एक बचत खाता डाकघर बहजोई में खोला था। जहां वह अपनी बचत को एकत्रित करती थी। जब बचत खाते में पांच लाख रुपये हुए तो डाकघर कर्मचारी द्वारा महिला से उक्त रूपयों की एफडी करने की सलाह दी। कहा कि एफडी करके डाकघर से अच्छा ब्याज मिलेगा। महिला उसके कहने पर पांच लाख रुपये की एफडी कर दी। अब महिला को रुपये की आवश्यकता हुई तो वह डाकघर पहुंची और अपनी एफडी तोड़ने की बात कही। इस पर अब विभाग टालमटोल करके महिला गुमराह कर रहा है। महिला की ओर से उपभोक्ता मामलों के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया है। जिसमें आयोग ने डाकघर से 30 जुलाई तक अपना उत्तर प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।



### घरों के जलभराव के विरोध में जताया विरोध

**चन्दौसी।** ब्लाक बनियाखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मौलागढ़ में ग्रामीणों ने जलभराव को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होने की बात कहते हुए विकास नगर पानी छोड़ने पर आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत मौलागढ़ स्थित शिव मंदिर वाली गली में जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिससे लोगों के घरों में गंदा पानी घुसने की समस्या बनी हुई है। बुधवार को हुई झमाझम बारिश का पानी भी लोगों के घरों में घुसने से परेशानी झेलनी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत का हिस्सा विकास नगर के घरों से निकलना वाला गंदा पानी उनके गांव में छोड़ा जा रहा है। जिससे शिव मंदिर के आसपास बनी गलियों में जलभराव की समस्या बन गई है। इसको लेकर ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक पर शिकायत कर चुके हैं। जलभराव होने से बच्चे विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। जलभराव होने से महिलाओं का भी घर निकलना दुश्वार बना हुआ है। जलभराव से लगभग 40 मकान प्रभावित बने है। ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम सचिव विकास नगर के घरों से आने वाला पानी भी उन्हीं की ओर मोड़ दिया है। जिससे गली व खाली प्लाट में जलभराव की समस्या बन गई है। ग्रामीणों ने जलभराव से शीघ्र समाधान की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में ऊषा देवी, प्रविंद्र कुमार, माया देवी, सरोज, सुमन, कविता, पुष्पा, आदर्श कुमार, सुनीता, अभिषेक, सरोज, गीता, कुमकुम, सुनील आदि शामिल रहे।



जलभराव को लेकर विरोध जताते लोग।

### पौधारोपण को लेकर हुई पालिका की बैठक में आपस में भिड़े सभासद

**चन्दौसी।** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में गुरुवार को आगामी पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान वार्डों के विकास के कार्यों पर चर्चा को लेकर सभासद आपस में भिड़ गए। जिन्हें बमुश्किल शांत कराया गया है। नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग के सभागार में आगामी पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर बोर्ड की बैठक संपन्न कराई गई। गुरुवार की सुबह 11.30 बजे बैठक आरंभ हुई। जिसमें केवल पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर ही चर्चा होनी थी। बैठक आरंभ होते हुए कुछ सभासदों ने जलनिगम द्वारा पाइप लाइन व पेयजल आपूर्ति का मुद्दा उठाना शुरू कर दिया। सभासद कोमल रानी अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की समस्या बताई और उसका समाधान नहीं होने पर नाराजगी जताई। इस तरह अन्य सभासदों ने अपनी-अपनी क्षेत्र के पेयजल सहित अन्य समस्याएं बतानी शुरू कर दी। जिसमें सभासद जाकिर सलमानी व अमन कोली आपस में भिड़ गए और जमकर कहासुनी होने लगी। जिससे बैठक में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व ईओ सतेंद्र प्रकाश को स्वयं पहुंचकर दोनों को समझाना पड़ा। इसके बाद भी काफी देर तक बैठक में सभासदों के बीच गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। बताया गया कि नगर पालिका को पौधारोपण कार्यक्रम में 10 हजार पौधे रोहित करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसको लेकर नगर पालिका की ओर से बहेड़ा वाला ताल व अन्य स्थानो पर पौधारोपण कराया जाएगा। इस अवसर पर सभासद तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव, अन्ना खां, अनुराग अग्रवाल, शिव कुमार सैनी, सचींद्र यादव, संजय बंसल आदि सभासद मौजूद रहे।



पालिका की बोर्ड बैठक में आपस में भिड़ंते सभासद।

# समस्या समाधान नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन




जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति का गुरुवार को तीसरे दिन भी तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। किसानो ने कहा कि प्रशासन ने उनकी मांग को गंभीरता से नहीं ले रहा है। किसान भी समस्या के समाधान होने तक आंदोलन करते रहेंगे। समिति के रामेश्वर दयाल शर्मा ने कहा कि किसानों का कहना था कि मूल्यांकन सूची 2025-26 के अनुसार क्रम संख्या 12 पर दर्ज पार्क हिन्दुस्तान प्लेज पार्क की भूमि 2023 में आबादी में दर्ज हो चुकी है। जिसके अनुसार आने वाली सभी भूमि किसानों को क्रम संख्या 12 के अनुसार ही मुआवजा दिया जाए। जब तक सूची के अनुसार किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया तब तक धरना जारी रहेगा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, वीरेंद्र सिंह, अमर सिंह तोमर, अनिल कुमार, आकाश तोमर, पप्पू तोमर, मनोज तोमर, उदय पाल सिंह, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, संजीव, दिनेश पाल सिंह, करण सिंह, भीकम जाटव, लेखराज मौर्य आदि मौजूद रहे।

# परमिट उल्लंघन पर चार वाहन सीज, ओवरलोड ट्रक पर 1.02 लाख का जुर्माना

- **मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई, 40 से अधिक वाहनों के चालान**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल।** परिवहन मुख्यालय के निर्देश पर जुलाई माह में चलाए जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत गुरुवार को परिवहन विभाग ने जिले में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध सघन संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते मिले तीन बसों और एक ईको वैन को सीज कर बनियाठेर थाने में निरुद्ध कराया गया, जबकि ओवरलोड खनन सामग्री ढो रहे एक ट्रक पर 1.02 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया।



हाइवे पर टीम के साथ खड़े सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) अमिताभ चतुर्वेदी तथा यात्री/मालकर अधिकारी योगेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में मार्गों पर चल रहे वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान तीन बसें और एक ईको वैन बिना नियमानुसार संचालन करते तथा परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते पाए गए। सभी वाहनों के चालान कर उन्हें बनियाठेर थाने में निरुद्ध कराया गया।

इसी दौरान खनन सामग्री से ओवरलोड एक ट्रक भी पकड़ा गया। वाहन को थाने में निरुद्ध कराने के साथ उस पर 1.02 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क लगाया गया।

सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर भी परिवहन विभाग ने सख्ती दिखाई। अभियान के दौरान हेलमेट न पहनने वाले 32 दोपहिया वाहन चालकों, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले पांच चारपहिया वाहन चालकों तथा रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले तीन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

अभियान के अंत में अधिकारियों ने वाहन चालकों और परिचालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, निर्धारित दस्तावेज साथ रखें तथा यातायात नियमों का उल्लंघन न करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

# जब रोड नहीं तो वोट नहीं के लगाए बैनर

- **नगर पालिका टीम ने दो माह में समस्या समाधान का आश्वासन देकर उतरवाए बैनर**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** करेली रोड पर श्री गार्डन से रविदास पार्क तक 500 मीटर सड़क पिछले 3 वर्षों से जर्जर बनी हुई। जिससे आवागमन में राहगीरों व आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को आसपास के लोगों ने प्रदर्शन कर विद्युत पोलों पर जब रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर लगा दिए। सूचना पर अपराह्न नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंचे और लोगों से दो माह में समस्या समाधान का आश्वासन देकर बैनर उतरवाए।




करेली रोड पर प्रदर्शन करते लोग। -जागरण मोर्चा

खुर्जा गेट से करेली रोड जाता है। इस मार्ग पर श्री गार्डन से रविदास पार्क तक 500 मीटर की सड़क पिछले 3 वर्ष से जर्जर बनी हुई है। जिस पर पैदल चलने में भी लोगों को खतरा महसूस होता है। जबकि दोपहिया वाहन व ई-रिक्शा सड़क में बने गड्ढों में आने पर पलट जाते हैं। गुरुवार को लोगों का सब्र जवाब दे गया। आसपास के लोगों ने एकत्र होकर जर्जर सड़क को लेकर नगर पालिका के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया और सड़क किनारे लगे विद्युत पोलों पर जब रोड नहीं तो वोट नहीं के बैनर लगा है। सूचना मिलने पर नगर पालिका के ईओ सतेंद्र प्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से वार्ता की। ईओ ने कहा कि दो माह में सड़क का निर्माण करा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद लोगों से बैनर उतरवा दिए। प्रदर्शन करने वालों में राजीव मौर्य, जागन सिंह, संजय प्रकाश गोयल, कैलाश मौर्य, मुकेश प्रजापति, प्रमोद शाक्य, धर्मेंद्र शाक्य, सतीश कुमार वर्मा, प्रदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बारिश होने पर किसानों ने शुरू की धान की पौध की रोपाई, बारिश होने पर नाले में धसी कार

**चन्दौसी।** बारिश का सिलसिला दूसरे दिन गुरुवार को भी बना रहा। प्रशासन ने भारी बारिश की आशंका को देखते हुए गुरुवार को विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया। गुरुवार को रुक-रुककर बूंदाबादी होती रहे। बारिश होने से धान की पौध लगाने वाले किसानों के चेहरे खिले नजर आए। वहीं गोशाला रोड बुधवार को हुई तेज बारिश से कार नाले में धस गई। जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकाला जा सका। बुधवार की शाम झमाझम बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। जिससे शहर के कई स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के बीच गोशाला रोड पर सड़क किनारे खड़ी कार जमीन धसने से नाले में चली गई। जिसे क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया गया। गुरुवार को दिन भर बूंदाबादी होती रही। जिससे सड़कों पर कीचड़ फैली नजर आई। बूंदाबादी से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। लोग घरों से छाता लेकर निकले। वहीं बारिश होने से धान की पौध की रोपाई करने वाले किसानों को काफी मदद मिली।



नाले में धसी कार।

# व्यापारियों समस्या समाधान को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व चन्दौसी व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद लखनऊ को संबोधित ज्ञापन मंडी समिति के सचिव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि प्रदेश बाहर से माल मंगाने के लिए क्रेता व्यापारी को प्री-एराइवल स्लिप बनानी होती है तथा प्री-एराइवल स्लिप बनाने के उपरांत मंडी एप पर वाहन की जियो टैंगिग की व्यवस्था मंडी विभाग द्वारा लागू की गई है। जिसमें विक्रेता व्यापारी अन्य प्रदेश का होता है, उसके पास उत्तर प्रदेश मंडी के नियमों की जानकारी व एप चलाने की कोई क्षमता नहीं है, यदि उससे वाहन टैगिंग के लिए कहा जाता है तो वह बहुत अधिक परेशानी मानता है। उत्तर प्रदेश के व्यापारी से व्यापार करने में रुचि नहीं दिखाता। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल है। ज्ञापन देने वालों में अरविंद कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार वार्ष्णेय, गोविंद गर्ग, नेत्र पाल वार्ष्णेय, आदेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सुबोध कुमार गुप्ता, आशीष गुप्ता, नीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।



मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**आयोजन** धूमधाम से मनाया गया विद्यार्थी परिषद का स्थापना दिवस

# विद्यार्थी परिषद ने प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्रों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा स्थापना दिवस पर राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि सिद्धार्थ स्वामी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम व संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट नागरिक बनने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि व विद्यालय के प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री ने कहा कि प्रतिभा तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ अच्छे संस्कार और निरंतर परिश्रम जुड़ा हो। उन्होंने विद्यार्थी परिषद द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की इस पहल की सराहना की। विभाग संयोजक पीयूष बिड़ोलिया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से कार्य कर रही हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान कर उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करना है।



विद्यार्थी परिषद द्वारा सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम में कक्षा 9 से प्रथम आकाश, द्वितीय वंशिका चौहान व तृतीय प्रतीक्षा, कक्षा 10 से प्रथम नितेश, द्वितीय गौरव, तृतीय अमन कुमार, कक्षा 11 से प्रथम अंश शर्मा, द्वितीय अमन एवं तृतीय तरुण कुमार तथा कक्षा 12 से प्रथम विशाल, द्वितीय बंटी मीणा व तृतीय प्रियांशु प्रजापति रहे। इस अवसर पर दिवाकर बावरा, पंकज शर्मा, डिंपल वार्ष्णेय, अखिलेश श्रीवास्तव, आशीष कुमार, शोएब, रवि दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# डबल मर्डर या अलग-अलग हत्याएं

## जंगल में दूसरे दिन मिला बालक का शव, महिला की हत्या से कनेक्शन की आशंका

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव मोहड़ा तैया के जंगल में लगातार दूसरे दिन शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद गुरुवार को उसी क्षेत्र से एक बालक का शव बरामद हुआ। पुलिस प्रारंभिक जांच में दोनों घटनाओं के बीच संभावित संबंध की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, बालक के शव पर मिले प्रारंभिक साक्ष्यों से गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एक दिन पहले मिले महिला के शव के मामले में भी पुलिस ने गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की थी। महिला की पहचान छिपाने का प्रयास किए जाने की भी जांच की जा रही है। इसी बीच अगले दिन उसी इलाके से बालक का शव मिलने के बाद पुलिस ने दोनों मामलों की जांच को और तेज कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया संभावना है कि दोनों मृतकों के बीच पारिवारिक संबंध हो सकता है, हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पहचान स्थापित होने और जांच आगे बढ़ने के बाद ही इस संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

घटना की सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस आसपास के जनपदों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों और पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही मामले के कारणों और आरोपियों के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

## प्रसिद्ध जादूगर सुरेंद्र प्रकाश 'जुगनू' गौ रक्षा संघ के जिलाध्यक्ष बने



**मुरादाबाद।** गौ रक्षा संघ ने संगठन के विस्तार के क्रम में मुरादाबाद के वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रसिद्ध जादूगर सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता 'जुगनू' को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन की ओर से जारी जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चंद्रानंदन गिरि महाराज तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत रोशन गिरी महाराज की सहमति से की गई। नवीन नगर निवासी सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी जादुई कला के कारण भी शहर में पहचान रखते हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा, सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकताओं में जिले की निराश्रित एवं घायल गौवंश को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना, गो-आश्रय स्थलों और गौ सेवा से जुड़े लोगों के साथ समन्वय स्थापित करना तथा गौ संरक्षण के प्रति समाज में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाना शामिल रहेगा। सुरेंद्र प्रकाश 'जुगनू' ने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए शीघ्र ही जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### एआई से अश्लील फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की धमकी, मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना अगवानपुर क्षेत्र की एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की मदद से कथित रूप से अश्लील फोटो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार, फरीन पत्नी वसीम, निवासी गांव चौराहा, थाना अगवानपुर, जनपद मुरादाबाद, ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि अयान पुत्र वकील, निवासी महोली, दिल्ली, उनकी तस्वीरों का दुरुपयोग कर एआई ऐप के माध्यम से अश्लील फोटो तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देता है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी उन्हें पति को छोड़कर उसके साथ रहने का दबाव बनाता है। आरोप है कि मना करने पर वह उनकी अन्य लोगों के साथ भी आपत्तिजनक तस्वीरें तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल करने और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता है। एफआईआर के अनुसार, महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी की मां बबली भी इस मामले में उसका साथ दे रही हैं। शिकायत में कहा गया है कि यदि कानूनी कार्रवाई की गई तो फोटो फेसबुक और इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दी जाएंगी। महिला ने पुलिस से आरोपी और सह-आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।






### 'गोवंश संरक्षण व्यवस्था को और मजबूत बनाएं'

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की निराश्रित एवं असहाय गोवंश संरक्षण नीति के तहत मुरादाबाद जनपद में गोवंश की देखभाल और संरक्षण के लिए व्यापक व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। जिला प्रशासन के अनुसार वर्तमान में जनपद के 36 गो-आश्रय स्थलों में 7,870 निराश्रित गोवंश का संरक्षण, पालन-पोषण और नियमित देखभाल की जा रही है। दर्जा मंत्री दीपक गोयल के मुताबिक प्रदेशभर में हजारों गो-आश्रय स्थल संचालित हैं, जहां निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आवास, चारा, स्वच्छ पेयजल और आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण को प्रशासनिक जिम्मेदारी के साथ सामाजिक दायित्व के रूप में भी आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत पात्र गोपालकों को प्रति गोवंश प्रतिदिन 50 रुपये की दर से पोषण सहायता सीधे डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के तहत बड़ी संख्या में गोवंश जिम्मेदार गोपालकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं, जिससे गोसंरक्षण के साथ ग्रामीण आय को भी बढ़ावा मिल रहा है। दर्जा मंत्री दीपक गोयल के अनुसार मुरादाबाद में सहभागिता योजना के तहत 580 गोपालकों ने 741 गोवंश को अपनाकर उनके संरक्षण में भागीदारी निभाई है। इसे सामुदायिक सहयोग का सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है। गो-आश्रय स्थलों की निगरानी और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रदेश स्तर पर सीसीटीवी कैमरों सहित आधुनिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। कहना है कि गो-आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## टीएमयू के प्रो. राजुल रस्तोगी की झोली में एक और प्रतिष्ठित अवार्ड

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रेडियोडाग्नोसिस विभाग की सीनियर फैकल्टी एवम् कॉलेज रिसर्च कमेटी के चेयरमैन प्रो. राजुल रस्तोगी की झोलीमें एक और प्रतिष्ठित पुरस्कार आया है। प्रो. रस्तोगी को इमर्जिंग क्लिनिकल लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित प्रतिष्ठित केयरकॉन 2026 समारोह में स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए प्रो. रस्तोगी को इस अवार्ड से नवाजा गया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. रस्तोगी ने कहा, यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, प्रभावी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में आगे बढ़ने की एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में वास्तविक परिवर्तन केवल नई तकनीकों को अपनाने से नहीं, बल्कि पूरे केयर कंटिन्यूम में स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी को नए सिरे से डिज़ाइन करने से संभव होगा। प्रो. रस्तोगी ने बताया, पैसिफिक वनहेल्थ ग्रुप की ओर से आयोजित केयरकॉन 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान खोजने का एक प्रभावी मंच था। इस दौरान डायग्नोस्टिक्स, हेल्थ टेक्नोलॉजी और नीति निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों एवम् निर्णयकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श का अवसर मिला, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य को लेकर नई सोच विकसित हुई।

**मोरक्को में प्रो. राजुल ने दिया विशेष प्रशिक्षण**

मोरक्को-फ्रांस के संयुक्त सहयोग से मोरक्को के कैसाब्लांका में संचालित प्रतिष्ठित हॉस्पिटल यूनिवर्सिटेयर इंटरनेशनल शेख खलीफा में ड्यूल-एनर्जी कंप्यूटेड टोमोग्राफी-डीईसीटी की उन्नत क्लीनिकल एप्लीकेशंस पर विशेष प्रशिक्षण में प्रो. राजुल रस्तोगी ने बतौर ट्रेनर प्रतिभगियों को प्रशिक्षित किया।

## घटतोली करने पर 8 दुकानदारों के किए चालान

**चन्दौसी।** विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा तहसील गुन्नौर में ओवर रेड, घटतोली करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 8 दुकानदारों के चालान किए गए हैं। गुरुवार को विधिक माप विज्ञान अधिकारी शीवा कादरी ने गुन्नौर तहसील क्षेत्र में गांव उधरनपुर, कैल, बबराला से चाऊपुर डांडा व रजपुरा आदि क्षेत्रों में छापेमारी की गई। जिसमें दुकानदारों द्वारा खाद्य वस्तुओं को ओवररेट, घटतोली, असत्यापित तोल उपकरण का प्रयोग किया जा रहा था। अधिकारी द्वारा खाद्य, मिठाई व किराना सहित 45 दुकानों पर चेकिंग की गई। जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 12 दुकानों पर कार्रवाई की गई। साथ ही 8 दुकानदारों के चालान किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि घटतोली करने, प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# दूसरी शादी छिपाने, लाखों रुपये लेने और धमकी देने में पति समेत पांच पर मुकदमा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर दूसरी शादी की जानकारी छिपाकर विवाह करने, बड़ी धनराशि लेने और बाद में धमकी देने के आरोप में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, शेरुल पुत्री हनीफ हसन, निवासी कांठ रोड, भवानी विहार, थाना सिविल लाइंस, जनपद मुरादाबाद, ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी शादी 4 नवंबर 2024 को मोहम्मद सुल्तान अहमद पुत्र रईस अहमद, निवासी हिजागरी कॉलोनी, सवारी मस्जिद के निकट, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद से हुई थी।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि शादी के बाद उन्हें पता चला कि उनके पति की पहले से शादी हो चुकी है और यह तथ्य विवाह से पहले उनसे छिपाया गया। तहरीर में कहा गया है कि लड़की पक्ष ने विवाह में लगभग 40 लाख रुपये खर्च किए थे। महिला का आरोप है कि बाद में पंचायत में पति ने अपनी पहली शादी स्वीकार करते हुए अपनी इच्छा से तलाक देने की बात कही, लेकिन उसके बाद विवाद बढ़ गया। शिकायतकर्ता के अनुसार, लगभग 43.50 लाख रुपये में समझौता हुआ, जिसमें से 18.50 लाख रुपये उनके खाते में जमा कराए गए, जबकि शेष रकम नहीं दी गई। एफआईआर में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाकी रकम मांगने पर पति मोहम्मद सुल्तान अहमद, ससुर रईस अहमद, सास नाजमा, निशा और फरहा ने कथित रूप से गाली-गलौज, धमकी दी और कहा कि यदि बाकी पैसे मांगे तो तलाक और अन्य कानूनी कार्रवाई कर दी जाएगी। महिला ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को लगातार धमकियां दी जा रही हैं, जिससे उनकी जान-माल को खतरा बना हुआ है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# काउंसलिंग में समझौता नहीं, अब मुकदमा वापस लेने को धमकियां

- पति समेत छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के महिला थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की शिकायत पर पति और उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर के अनुसार, स्नेहा वर्मा (21 वर्ष), पत्नी मयंक वर्मा, निवासी आवास संख्या C-1/83-84, आशियाना फेज-2, शिवाजी पार्क के निकट, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका विवाह 20 अप्रैल 2025 को मयंक वर्मा, पुत्र संजीव वर्मा, निवासी शिव मूर्ति के पास, कस्बा स्योहारा, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विवाह से पहले पति और उसके परिवार ने महत्वपूर्ण चिकित्सीय तथ्य छिपाए। विवाह के बाद इस संबंध में जानकारी मिलने पर विरोध करने पर कथित रूप से प्रताड़ित किया गया। तहरीर में यह भी आरोप है कि विवाह के समय लड़की पक्ष से लगभग 35 लाख रुपये खर्च कराए गए तथा बाद में 70 लाख रुपये नकद लाने का दबाव बनाया गया।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति, सास-ससुर और अन्य परिजनों द्वारा मारपीट, गाली-गलौज, मानसिक उत्पीड़न और दहेज की मांग की गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार किया गया और बेटी के जन्म के बाद उसे बच्ची सहित घर से निकाल दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसका स्त्रीधन और अन्य सामान भी वापस नहीं किया गया। एफआईआर के अनुसार, महिला थाना में काउंसलिंग कराई गई, लेकिन समझौता नहीं हो सका। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि शिकायत के बाद कुछ लोगों द्वारा उसे मुकदमा वापस लेने के लिए धमकियां दी गईं।

इस मामले में शिकायतकर्ता ने मयंक वर्मा, संजीव वर्मा, रंजना वर्मा, वाणी वर्मा, राजीव वर्मा, हिमांशी वर्मा तथा अमित भारद्वाज के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुरादाबाद में 93 हेक्टेयर सरकारी भूमि कब्जामुक्त

- डीएम का दावा- कब्जामुक्त कराई गई जमीन की कीमत 80 करोड़ रुपये



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत जिला प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। प्रशासन ने थाना मूंढापांडे क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर एतमाली में लगभग 93 हेक्टेयर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करा लिया है। प्रशासन के अनुसार इस भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 80 करोड़ रुपये है।

इस संबंध में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर एतमाली में पिछले लगभग डेढ़ महीने से सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा था। लगातार कार्रवाई के बाद प्रशासन को इस अभियान में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम में कुल लगभग 150 हेक्टेयर सरकारी भूमि चिन्हित की गई है। इनमें से अब तक 93 हेक्टेयर भूमि को प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर 100 से अधिक लोगों द्वारा खेती किए जाने की जानकारी सामने आई थी।

उन्होंने कहा कि शेष सरकारी भूमि को भी जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा और इसके लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कब्जामुक्त कराई गई भूमि के भविष्य में उपयोग के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस भूमि पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराया जा सकता है अथवा इसे ऐसे सार्वजनिक कार्यों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा, जिनमें स्थायी निर्माण की आवश्यकता न हो।

डॉ. पैंसिया ने बताया कि जनपद के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी भूमि की पहचान की जा रही है। जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई कर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### शिव इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को होनी थी 267 जोड़ों की शादी, 216 जोड़े ही उपस्थित हो सके



**मुरादाबाद।** हिंदू विवाह के लिए वेदी रचाई गईं। जिन पर विधि विधान से नवदंपतियों ने फेरे लिए।दूसरी तरफ मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह हो रहे थे। मुख्य अतिथि मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने वर और कन्याओं को आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि घर में बेटी के जन्म लेने पर अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। उसकी शादी की जिम्मेदारी योगी आदित्यनाथ की सरकारा अपने कंधों पर लेती है। ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने नवदपंतियों से आह्वान किया कि अब उन्होंने गृहस्थी में प्रवेश कर लिया है। छोटी-मोटी बात हो जाने पर संवाद से समाधान करें। मुख्य अतिथि धनौरा विधायक, ब्लॉक प्रमुख, सीडीओ, समाज कल्याण पंखुड़ी जैन, बीडीओ लोकचंद आनंद आदि ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक ने प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। इस मौके पर सत्यपाल सिंह पाल, चंद्रभान भाटी, राम कृष्ण चौहान, जसवीर सिंह, सोम प्रकाश, राजीव चौहान, अतुल चौधरी, निहार त्यागी आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण महायज्ञ-2026 के तहत 12 जुलाई को होगा बृहद वृक्षारोपण अभियान

**बहजोई।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा पौधारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 12 जुलाई को बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल परिसर तथा आसपास की सड़कों के किनारे बृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान में बड़ी संख्या में समाज के लोगों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी की गई है। न्यास अध्यक्ष डा. पवन कुमार जैन ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार वृक्षारोपण, जनजागरूकता अभियान एवं विभिन्न पर्यावरणीय कार्यक्रम आयोजित करती रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन को भी प्राथमिकता देना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण मिल सके। उन्होंने समाज के सभी जागरूक नागरिकों से अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बड़ी सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान अधिक से अधिक वृक्षारोपण और उनका संरक्षण ही है। न्यास सचिव नमन जैन, कार्यक्रम संयोजक संभव जैन एवं अमन जैन ने बताया कि पौधारोपण के बाद पौधों की नियमित देखभाल के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता तथा उपप्रधानाचार्य गौरव मेधावृत के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई है, जो प्रतिदिन पौधों की सिंचाई, सुरक्षा एवं विकास की निगरानी करेगी। प्रत्येक सदस्य को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे लगाए गए सभी पौधों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। न्यास पदाधिकारियों ने पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने की अपील की है। उनका कहना है कि जनसहभागिता से ही पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान समाज के लिए प्रेरणादायी मिसाल बनेगा।

**रहे सावधान** मारपीट और फायरिंग का भी आरोप, सिविल लाइंस थाने में पांच नामजद समेत अन्य पर मुकदमा

# दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाया और लूटा, मामले की जांच शुरू

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस पुलिस ने दिल्ली में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बुलाने, रुपये हड़पने, मारपीट करने तथा जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के आरोप में पांच नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

एफआईआर संख्या 0454/2026 के अनुसार यह मुकदमा महेन्द्र कुमार पुत्र महेश कुमार, निवासी ग्राम हसनापुर, पोस्ट फतेहपुर, थाना कोतवाली सदर, जनपद फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) की तहरीर पर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट 9 जुलाई 2026 को रात 12:39 बजे थाना सिविल लाइंस, जनपद मुरादाबाद में दर्ज हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार उनकी दोस्ती अक्षय नामक युवक से हुई थी। आरोप है कि अक्षय ने उन्हें अकाउंटेंट तथा सेल्स पर्सन की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने साथ अमन पुत्र रमेश सिंह तथा मोहित पुत्र धर्मपाल, दोनों निवासी ग्राम शाहपुर कुंडैया, थाना हुसैनगंज, जनपद फतेहपुर को लेकर 6 जुलाई 2026 को दिल्ली पहुंचे।

एफआईआर के मुताबिक वहां से उन्हें कार के माध्यम से मुरादाबाद जनपद के ठाकुरद्वारा क्षेत्र लाया गया। आरोप है कि रास्ते में पहले से मौजूद कुछ लोगों ने नौकरी दिलाने के बहाने उनसे एटीएम कार्ड का पिन पूछकर खाते से रुपये निकाल लिए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनसे और उनके साथियों के खातों एवं यूपीआई के माध्यम से कई किश्तों में रकम भी ट्रांसफर कराई गई।

रिपोर्ट में आगे आरोप लगाया गया है कि बाद में आरोपियों ने उन्हें एक सुनसान स्थान पर ले जाकर मारपीट की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई और कथित रूप से तमंचे से फायरिंग भी की गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि फायरिंग में उन्हें गोली नहीं लगी और आरोपी मौके से कार व बाइक लेकर फरार हो गए।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की विभिन्न धाराओं, जिनमें 191(2), 318(4), 115(2), 351(2), 109(1) तथा 3(5) शामिल हैं, के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# शाहबाद के परौता गांव में एक करोड़ की लागत से शिवमन्दिर का होगा जीर्णोद्धार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहाबाद।** तहसील क्षेत्र के परौता गांव स्थित प्राचीन शिवमन्दिर के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से काम शुरू कराया गया है। जिसका शिलान्यास गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने मन्दिर परिसर का निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा की।इसी क्रम में एसडीएम व सीओ शाहबाद ने आगामी सावन मास में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों के दृष्टिगत प्राचीन शिवमन्दिर तक पहुंचने वाले मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। क्षेत्रवासियों ने पर्यटन विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे मन्दिर के धार्मिक एवं पर्यटन महत्व को बढ़ाने वाला कदम बताया। शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर विधायक पति दिलीप लोधी, एसडीएम आशुतोष कुमार,सीओ देवकीनंदन, कोतवाल रणवीर सिंह तहसीलदार अमित कुमार बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, महेश चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।



पारोता गांव में शिवमन्दिर के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास करती क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह।

**एक नजर**

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान 33 वें दिन मौत,परिवार में कोहराम

**बदायूं।** सड़क हादसे में घायल महिला की 33 दिन बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव पापड़ हमजापुर निवासी सुधीर कुमार पंजाब में रहकर मेहनत मजदूरी करता था ।वह 5 जून को अपनी पत्नी विनीता के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान पंजाब के आनंदपुर साहिब के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पत्नी विनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। सुधीर ने घायलावस्था में उन्हे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उन्होंने बरेली, लखनऊ में पत्नी का इलाज कराया। लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। बुधवार को वह अपनी पत्नी को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने विनीता को मृत घोषित कर दिया।

# वजीरगंज में स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी तीन क्लीनिक सील, एक संचालक पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** कस्बे में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ गुरुवार को प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। अभियान के तहत तीन क्लीनिकों को सील कर उनके संचालकों को नोटिस जारी किए गए, जबकि एक संचालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।



मौके पर जमा भीड़ व पुलिस। –जागरण मोर्चा

यह कार्रवाई महानिदेशक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशों के तहत की गई। छापेमारी में एसडीएम बिसौली, कानूनगो सर्वेश यादव और सीएचसी सैदपुर के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुनैद मेहंदी की मौजूदगी में टीम ने विभिन्न क्लीनिकों की जांच की। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। संबंधित क्लीनिकों के पास न तो वैध पंजीकरण था और न ही बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध थे। इसके अलावा प्रदूषण विभाग की एनओसी और अग्निशमन विभाग की अनुमति भी नहीं मिली। डॉ. जुनैद मेहंदी ने बताया कि संचालकों को तीन दिन का समय दिया गया है, जिसमें उन्हें सभी आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने होंगे। समय सीमा के बाद भी अभिलेख प्रस्तुत न करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की सूचना मिलते ही कस्बे में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई अवैध क्लीनिक संचालक अपने प्रतिष्ठान बंद कर फरार हो गए। बड़ा बाजार स्थित एक क्लीनिक के संचालक लवकुश को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति और मानकों के विपरीत चल रहे क्लीनिकों पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### वजीरगंज में बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे लव कुश क्लीनिंग एवं फिजियोथैरेपी सेंटर किया सील

**वजीरगंज ( बदायूं)।** कस्बे में बड़ा बाजार स्थित लव कुश क्लीनिक एवं फिजियोथेरेपी सेंटर पर बिना वैध अनुमति के संचालन की शिकायत मिलने पर गुरुवार को प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान उपजिलाधिकारी बिसौली, नायब तहसीलदार, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा थाना प्रभारी अश्विनी सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान जब एसडीएम द्वारा क्लीनिक संचालक से पंजीकरण एवं चिकित्सकीय योग्यता से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका, इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक को सील करते हुए वहां से दवाएं और चिकित्सकीय उपकरण जब्त कर लिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह क्लीनिक काफी समय से संचालित हो रहा था। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक संचालक सुशील कुमार सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी अश्विनी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। यदि बिना वैध अनुमति के क्लीनिक संचालित करना पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घरेलू कलह से तंग आकर युवक ने जहर पीकर जान दी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- उसावां थाना क्षेत्र के गांव नगरिया चिकन की घटना
- दो दिन पहले पत्नी से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी

**बदायूं।** घरेलू कलह से तंग आकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव नगरिया चिकन निवासी पंकज कुमार (28) पुत्र हरप्रसाद ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जाता है कि पंकज की मंगलवार को अपनी पत्नी नीलम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी से क्षुब्ध होकर वह खेतिहर इलाके में चला गया। वहां उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। काफी देर तक वह खेतिहर इलाके में पड़ा रहा। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। परिजनों को पंकज बेहोशी की हालत में खेतिहर इलाके में पड़ा मिला। परिजनों ने बेहोशी की हालत में उसे अलापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधशाम करीब 4 बजे उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# बारात में करंट हादसे के बाद पीड़ित परिवार को मिली मदद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के सादपुर गांव में रविवार रात बारात के दौरान हुए दर्दनाक हादसे के बाद आज पीड़ित परिवार को राहत मिली। वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव आज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और दुख की इस घड़ी में 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।



सहायता राशि प्रदान करते भाजपा नेता विक्रांत यादव। –जागरण मोर्चा

- भाजपा नेता विक्रांत यादव ने दिए 50 हजार रुपये
- सादपुर गांव का मामला, रंगशाला की ट्रॉली हाईटेंशन लाइन से टकराई थी

बता दें कि रविवार रात करीब 12:00 बजे गांव में बारात निकाली जा रही थी। बारात में चल रही रंगशाला की ट्रॉली रास्ते में नीचे लटक रहे हाईटेंशन बिजली के तारों से छू गई। तार छूते ही पूरी ट्रॉली में तेज करंट फैल गया। इस हादसे में अपिल यादव पुत्र धर्मपाल यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं श्री ओम सहित 4-5 अन्य लोग भी करंट की चपेट में आकर झुलस गए थे। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाया और बिजली सप्लाई बंद कराई गई, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद बारात में खुशी का माहौल मातम में बदल गया था।

### भाजपा नेता विक्रांत यादव ने बढ़ाया मदद का हाथ

वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत यादव पीड़ित परिवार से मिले और उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार को 50000 की आर्थिक मदद सौंपी। विक्रांत यादव पहले भी सामाजिक कार्यों में आगे रहते आए हैं। चाहे बच्चों की पढ़ाई का मामला हो या किसी पीड़ित परिवार पर आई आपदा का, वे हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते हैं। प्रथम दृष्टया हादसे की वजह बिजली के तारों का नीचे लटकना और ट्रॉली की ऊंचाई ज्यादा होना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि बारात-समारोह में डीजे की ऊंची ट्रॉलियों के बिजली तारों से टकराने से हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। प्रशासन की ओर से कई बार चेतावनी के बावजूद ऐसी घटनाएं रुक नहीं रही हैं।

## बाल सेवा योजनाः 421 अनाथ बच्चों को सहारा

**बदायूं।** कोविड महामारी में माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) संजीवनी साबित हो रही है। जनपद में महिला कल्याण विभाग द्वारा इस योजना के तहत 421 बच्चों को आर्थिक और शैक्षणिक सहायता दी जा रही है।योजना के संबल से कई बच्चों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में प्रथम श्रेणी हासिल की है और अब वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विभाग ने अब आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। ऐसे पात्र बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता या कमाने वाले अभिभावक को खोया है, वे योजना का लाभ लेने के लिए आसानी से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# मेडिकल कॉलेज पार्किंग में अवैध वसूली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में पार्किंग व्यवस्था के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों से निर्धारित शुल्क से दो से तीन गुना तक रकम वसूली जा रही है। ठेकेदार की मनमानी के चलते सैकड़ों लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।




बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज परिसर में दिन-रात हजारों वाहन पार्क किए जाते हैं। नियमों के अनुसार तय पार्किंग शुल्क की सूची भी प्रदर्शित होनी चाहिए, लेकिन मौके पर न तो सूची लगी है न ही उसका पालन नहीं किया जा रहा। वाहन चालकों का आरोप है कि पार्किंग कर्मी मनमाने ढंग से पैसे वसूलते हैं और विरोध करने पर अभद्रता तक करते हैं। मरीजों के परिजनों का कहना है कि पहले से ही इलाज के खर्च से जूझ रहे लोगों पर यह अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। कई लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार की मिलीभगत के चलते यह खेल लंबे समय से चल रहा है। पार्किंग के नाम पर हर दिन हजारों रुपये की अवैध वसूली हो रही है, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। इस संबंध में जब जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और पार्किंग व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की है।

# मौसम खराब होने से उप मुख्यमंत्री का दौरा निरस्त, उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** खराब मौसम के चलते उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का 10 जुलाई को प्रस्तावित बदायूँ दौरा निरस्त हो गया है। उनके कार्यक्रम के तहत बिल्सी रोडवेज बस अड्डा समेत कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाना था, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है।



गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को जनपद आगमन पर बिल्सी में नवनिर्मित रोडवेज बस अड्डे और ब्लॉक समरेर में बने ऑडिटोरियम का लोकार्पण करने वाले थे। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पूर्व में जानकारी देते हुए बताया था कि बिल्सी का बस अड्डा करीब 2100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित है, जिसकी लागत 225.40 लाख रुपये है। बस अड्डे में यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य भवन, अधिकारी कक्ष, स्टाफ कक्ष, पुरुष एवं महिला शौचालय, प्रतीक्षालय तथा तीन दुकानों का निर्माण कराया गया है। परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स भी बिछाई गई हैं। वहीं, समरेर ब्लॉक में निर्मित ऑडिटोरियम 325 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में तैयार किया गया है, जिसकी लागत 1.29 करोड़ रुपये है। इसमें एक बड़ा हॉल, ग्रीन रूम और शौचालय की व्यवस्था की गई है। ऑडिटोरियम में लगभग 125 लोगों के बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बताया जा रहा है कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण उप मुख्यमंत्री का दौरा अंतिम समय में निरस्त करना पड़ा। प्रशासन द्वारा जल्द ही नई तिथि घोषित किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

## गाइड दीप्ति और रिया सम्मानित

**उझानी।** भदवार गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित डायमंड जुबली समारोह के दौरान नगर की गाइड दीप्ति शर्मा और रिया को मुख्य अतिथि राजन मेंदीरत्ता ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इन छात्राओं ने लखनऊ के वृंदावन योजना में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में जिला स्काउट गाइड दल के साथ प्रतिभाग किया था।कॉलेज अध्यक्ष राजन मेंदीरत्ता ने इस अवसर पर छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए संघर्ष को ही जीवन बताया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि लखनऊ में आयोजित इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय जंबूरी में देश-विदेश के स्काउट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था, जिसका शुभारंभ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने और समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था।

# मशहूर शायर ज़ौक़ वज़ीरगंजवी का इंतकाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वज़ीरगंज।** मशहूर शायर डॉ हिलाल बदायूँनी के पिता आले अहमद ज़ौक़ वज़ीरगंजवी का बुद्धवार को निधन हो गया , वह विगत लंबे समय से वीमार चल रहे थे ,उनका बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके इंतेक़ाल पर समूची बस्ती व साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गयी है। ज़ौक़ साहब अपने वक्त के श्रेष्ठ शायर रहे हैं।



शायर जौक वजीरगंजवी का फाइल फोटो।

शायर आले अहमद ज़ौक़ राममूर्ति अस्पताल बरेली में भर्ती थे। पिछले कुछ महीनों से चलने फिरने संबधी समस्या से पीड़ित थे जहां उनकी इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गयी। इधर बस्ती में सभी उनके व्यवहार से बहुत प्रभावित रहते थे। बुधवार दोपहर 3 बजे उनकी तदफीन पैतृक निवास के निकट क़ब्रिस्तान में अदा की गई। आले अहमद ज़ौक़ साहब की दो औलादें हैं जिनमे एक पुत्र मशहूर शायर डॉ हलाल बदायूँनी व एक पुत्री मुरादाबाद में विवाहित है। इधर मरहूम की तदफीन में सांसद पीए अनिल यादव, मशहूर क़व्वाल आरिफ सैदपुरी, मास्टर आफताब, चैयरमैन इशरत अली, वक़ार खा, चैयरमैन पुत्र ज़हीर अहमद, भाजपा नेता राहुल वार्ष्णेय, अमन मयंक शर्मा, शायर अहमद अमजदी, खालिद सुल्तानपुरी, राजवीर सिंह तरंग, तालिब हमीद रामपुरी, राशिद राहत कुन्दरकवी, सुलेमान सलमानी, गुलमुहम्मद कदीरी, सोहराब ककरालवी, अरशद रसूल, सगीर बदायूँनी एवं सैकड़ों नगर वासी मौजूद रहे।

ज़ौक़ वज़ीरगंजवी का ताल्लुक़ उत्तर प्रदेश के ज़िला बदायूँ के क़स्बा वज़ीरगंज से था। अपने आबाई वतन की निस्बत से उन्होंने "वज़ीरगंजवी" तख़ल्लुस इख़्तियार किया। उनके घराने में इब्तिदा ही से अदब और शायरी का माहौल था, जिसने उनके ज़ौक़-ए-सुख़न को परवान चढ़ाया। उनकी यही अदबी विरासत उनके बेटे डॉ. हिलाल बदायूँनी ने आगे बढ़ाई, जो आज हिंदुस्तान के मारूफ़ शायर और नाज़िम-ए-मुशायरा हैं। ज़ौक़ वज़ीरगंजवी ने सादा, सलीस और आम-फ़हम ज़बान में ग़ज़लें, नज़्में और शेर कहे हैं।

### उनके कुछ प्रमुख शेर हैं

*हक़ीक़त ज़िंदगी की इस जहां में ख्वाब है ऐ ज़ौक़*
*गुज़र जाता है जो लम्हा वो अफसाना सा लगता है*

*ग़मे हस्ती के अफसानों को दोहराया नहीं करते*
*कभी रंजो आलम में अश्क बरसाया नहीं करते।*

*बेक़रारी में मुब्तिला था मैं*
*ज़िंदगी भर न सो सका था मैं*
*नींद आई है क़ब्र में आकर*
*उम्र भर का थका हुआ था मैं।*

## स्टेशन पर मिले अधेड़ को डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**बदायूं।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में बृहस्पतिवार सुबह एक अज्ञात अधेड़ अचेतावस्था में मिला। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जीआरपी एसओ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर मौजूद आसपास के लोगों से अधेड़ की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। एसओ के अनुसार, मृतक की शिनाख्त होने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### किशोरी के ले जाने के आरोप में महिला समेत 4 पर केस

**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बिल्सी के टंकी मोहल्ला में रहने वाला तालिब पुत्र शमशाद उसके गांव में रहने वाली अपनी बहन आस्मा पत्नी रफीक के घर काफी समय आता-जाता था। उसका मकान रफीक के घर के सामने है। 29 जून को वह मजदूरी करने ककराला गया था व पत्नी अपने मायके सहावर गई हुई थी। इसी दौरान तालिब अपने चाचा शमशेर के सहयोग से उसकी 13 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। इसमें उसकी बहन आस्मा व बहनोई रफीक ने पूरा सहयोग किया। काफी खोजबीन के बाद भी उसे बेटी का सुराग नहीं लगा है। पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।




# जेल में बच्चों की सुविधाओं का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** संयुक्त निगरानी समिति द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां सुरक्षित बचपन के तहत चिन्हित बच्चों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने बच्चों की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की।



- संयुक्त निगरानी समिति ने किया जिला कारागार का निरीक्षण, बच्चों के स्वास्थ्य-शिक्षा पर जोर

समिति ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसीएमओ एवं बाल रोग विशेषज्ञ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वर्तमान में जिला कारागार में पांच बच्चे अपनी माताओं के साथ रह रहे हैं। इन बच्चों की व्यक्तिगत देखभाल योजना (आईसीपी) का नियमित फॉलोअप करने तथा समय-समय पर काउंसलिंग कराने के लिए जिला बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार ने निर्देश दिए कि महिला बंदियों के परिवार में घर पर रह रहे बच्चों को भी सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। इसके लिए संबंधित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने और लाभ दिलाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन झा, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नंद किशोर पाठक, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह, अधीक्षक जिला कारागार राजेंद्र कुमार, जेलर शैलेश कुमार सिंह सोनकर एवं उप अधीक्षक अनन्या अत्री मौजूद रहे।

## बाइक से गिरकर महिला घायल, इलाज के दौरान हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- कुंवरगांव थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे के समीप की घटना

**बदायूं।** आंवला-बदायूं रोड पर गंगा एक्सप्रेस-वे के पास सड़क हादसे में एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। महिला को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर कॉलोनी में रहने वाली कमलेश (52) पत्नी कमल सिंह अपनी बहन के घर बरेली जिले के थाना व कस्बा आंवला गई थीं। आंवला से वह अपने बहन के बेटे शिवम के साथ बुधवार शाम बाइक से अपने घर लौट रहीं थी। बताया जाता है कि थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस-वे के पास जा रहे एक ट्रक की हवा का झोका बाइक को लगा,जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक का पहिया गहरे गड्ढे में चला गया। जिससे कमलेश बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई और गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने गंभीर घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# सम्पादकीय

## बिहार में बदलाव की बयार, जाति-धर्म तोड़ न्याय के लिए एक हुआ समाज

जाति और धर्म के बिना आज राजनीति की कल्पना बेमानी है, लेकिन बिहार में जातिवाद का असर कुछ ज्यादा ही दिखता है। यहां मानस किस कदर जातिवाद के घेरे में है, इसे समझने के लिए किसी खास जाति के अपराधियों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई को देखना होगा। तब उस अपराधी के जाति विशेष द्वारा उसे बेकसूर बताने और कार्रवाई को जातिवादी बदला बताने की होड़ लग जाती है। लेकिन इसी बिहार में हाल ही में हुई एक घटना की प्रतिक्रिया में उभरा जनाक्रोश इसके ठीक उलट है। इसमें जाति और धर्म की सीमाएं टूट गई हैं। भोजपुर पुलिस के कथित एनकाउंटर में मारे गए सवर्ण युवक भरत तिवारी के इंसाफ के लिए उतरे लोगों के बीच कोई जातीय दीवार नजर नहीं आ रही। हालांकि इसे भी जातीय रंग देने की कोशिश की गई, तो उसके खिलाफ उसी दलित समाज के स्त्री और पुरूष मैदान में उतर आए, जिनकी रहनुमाई का दावा करने वाली राजनीति हस्ती ने यह रंग देने का प्रयास किया था।

इससे इनकार नहीं कि भारतीय समाज में ऊंच-नीच का भाव रहा है। फिर भी समाज में सद्भाव, सहयोग और मेलजोल की गहरी परंपरा है। सामाजिक मामलों में कई बार जाति की दीवारें टूटती भी नजर आती हैं। लेकिन जैसे ही चुनाव और राजनीति का मसला सामने आता है, जातीय सोच पूरी ताकत से उभर आती है। बिहार इस मामले में कुछ ज्यादा ही बदनाम है। ऐसे माहौल में अगर सवर्ण समुदाय के भरत तिवारी की पुलिस के हाथों हुई हत्या के खिलाफ सड़कों पर दलित और पिछड़े समुदाय तक के लोग उतर आएं तो मानना पड़ेगा कि पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था का जीन अब भी देश की रगों में बह रहा है। बस उसे जगाने की जरूरत है। हालांकि भरत तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ को भी जातीय रंग देने की कोशिश भी हुई। हैरत की बात है कि इसके पीछे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी नजर आए। जातिवादी चश्मे से इस घटना को देखते हुए उन्होंने कह दिया कि भरत तिवारी चूंकि ब्राह्मण था, इसीलिए सवर्ण समाज आक्रोशित है। उसकी जगह कोई दलित और पिछड़ा होता तो इस मामले को इतना तूल नहीं दिया जाता। मांझी के इस बयान ने जातिवादी खोल से बाहर निकले जनाक्रोश की आग में घी का काम किया। विरोध में भरत के गांव बिलौटी ही नहीं, आसपड़ोस के दलित और पिछड़े परिवार भी गुस्से से भर उठे। गंगा के कटान से प्रभावित ये लोग मांझी की लानत-मलामत में उतर आए। उन्होंने उलटे मांझी से ही पूछ लिया कि हमारे नेता होने के बावजूद उन्होंने उनकी हालत जानने की कोशिश क्यों नहीं की। लोगों का कहा था कि जिसके खिलाफ वे बोल रहे हैं, साधनहीन होने की बजाय वही व्यक्ति उनके साथ खड़ा रहा।

बिहार में ठीक साढ़े इक्कीस साल पहले इसी तरह जाति और धर्म का बंधन टूटा था। झारखंड के अलग होने के बाद राज्य में पहला विधानसभा चुनाव हो रहा था। इसी दौरान बारह जनवरी 2005 को पटना के पटेल नगर से दिनदहाड़े पंद्रह साल के किसलय का अपहरण कर लिया गया। इस अपहरण के खिलाफ तब बिहार का पूरा समाज उतर आया था। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में उतरे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का बयान तब जन-जन की जुबान पर चढ़ गया था। उन्होंने कहा था, मेरा किसलय लौटा दो। किसलय की वापसी का सवाल जाति और धर्म की सीमाओं को तोड़ समूचे बिहार की आवाज बन गया था। भोजपुर जिले के बिलौटी गांव के भरत तिवारी की कथित मुठभेड़ में हत्या के बाद एक बार फिर बिहार का समाज ठीक उसी तरह जाति और समुदाय के खांचों को तोड़ सत्य और न्याय के साथ खड़ा नजर आ रहा है।

भोजपुर जिले का जवानिया गांव गंगा के ठीक किनारे है। इस गांव को पिछले साल गंगा की लहरों ने तकरीबन लील लिया। कटान से प्रभावित लोगों को अपने घर-खेत गंवाना पड़ा, तब से ज्यादातर लोगों की स्थिति बदहाल है। प्रभावितों को घर के लिए जमीन और पैसे तो दिए गए, लेकिन जो जगह उन्हें मिली, वह गड्ढे वाली है। बाकी सहूलियतें भी ना के बराबर मिली हैं। इनकी बस्ती में हाल के दिनों तक पानी का चापाकल तक नहीं थे, कुछ थे भी तो उनमें पानी नहीं आ रहा था। इन्हीं बदहाल लोगों की आवाज बनकर भरत तिवारी सक्रिय थे। भरत तिवारी के न रहने के बाद बिलौटी और जवानिया के उजड़े लोगों का कहना है कि उन्हें भरत तिवारी की ही वजह से थोड़ी-बहुत सुविधाएं मिली हैं। इनके लिए वे ही प्रशासन से लड़ते रहे। कटान पीड़ित जवानिया गांव वालों का दर्द है कि उन्हें पानी से निकालकर फिर से पानी में ही बसा दिया गया है। उन्हें डर है कि फिर बारिश और बाढ़ आई तो उन्हें उजड़ना पड़ सकता है। भरत तिवारी इन्हीं मुद्दों को उठा रहे थे। भरत के गांव वालों का कहना है कि वह थोड़े तुनक मिजाज जरूर थे, लेकिन लोगों के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते थे। प्रशासन के यहां कटान पीड़ितों की सुनवाई ना होने से भरत गुस्से में थे। गांव वाले मानते हैं कि प्रशासन के प्रति भरत के मन में गुस्सा था। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में एक पुलिस वाले का एनकाउंटर करने की भी बात कही थी। इसके वायरल होने के बाद पुलिस ने भरत के खिलाफ जांच शुरू की थी। गांव पहुंची पुलिस के सामने भरत के माता-पिता ने भी उन्हें डांटा था। पुलिस से भरत की नोकझोक और झूमाझटकी भी हुई थी। इसके बाद 16 जून को एक बयान में पुलिस ने उन्हें मानसिक रूप से अस्थिर बताया था। लेकिन अगले ही दिन यानी सत्रह जून को पुलिस ने उन्हें घेर लिया। तब भरत के हाथ में पिस्तौल थी। उन्होंने जवानियां के गड्ढे भरने के साथ तीन मांगें रखीं थी। जब प्रशासन ने उनकी मांगें मानने का भरोसा दिया तो उन्होंने पिस्तौल फेंक कर सरेंडर कर दिया था। जिसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस वहां से उन्हें ले गई और बाद में उन पर पंद्रह-बीस फायर करने का आरोप लगाते हुए उनके मुठभेड़ की बात कही थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करा दिया था, जहां सत्रह जून को उनकी मौत हो गई। लेकिन पुलिस की थ्योरी पर लोगों को भरोसा नहीं हुआ और इलाके का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि जब भरत ने पिस्तौल पुलिस को सौंप दी तो फिर वे गोली कैसे चला सकते हैं। भरत की शव यात्रा में उमड़ी भीड़ बिहार के नए समाज का आइना कही जा सकती है। हालांकि बिहार सरकार का रवैया पारंपरिक रहा। वह प्रशासन के ही बचाव में नजर आई। लेकिन जनाक्रोश देखते हुए उसे झुकना पड़ा। भरत की हत्या की जांच के लिए पटना हाईकोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा की अगुआई में जांच आयोग गठित किया गया है। इसी बीच आरोपी पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है, जिनमें डीएसपी और शाहपुर के थानेदार भी शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर सवर्ण के पक्ष में दलित और पिछड़ों के उतरने से जाति और धर्म के आधार पर चाल चलने वाली राजनीति को परेशानी जरूर महसूस हो रही होगी। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि समाज की सोई सकारात्मक आत्माएं ऐसे ही जागती हैं और बदलाव की बुनियाद बनती हैं। बस उसके लिए चिंगारी की जरूरत होती है। उम्मीद की जा सकती है कि भरत की हत्या के बाद उभरा जनाक्रोश प्राचीन भारतीय सामाजिक सोच को उभारने का प्रस्थान बिंदु बनेगा, जिसमें समायोजन होगा और मेलजोल भी।

अभाविप के 78वें स्थापना दिवस पर

# राष्ट्र निर्माण में छात्रशक्ति



चेतस सुखाड़िया

(लेखक अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हैं।)

भारत के राष्ट्रीय जीवन में विद्यार्थियों की भूमिका केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं रही है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक जागरण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्रनिर्माण तक छात्रशक्ति ने समय-समय पर अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी छात्रशक्ति को संगठित, संस्कारित और राष्ट्रोन्मुख बनाने के उद्देश्य से 9 जुलाई 1949 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की स्थापना हुई। आज 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर यह केवल एक संगठन की वर्षगाँठ नहीं, बल्कि सात दशकों से अधिक समय से चल रहे एक ऐसे छात्र आंदोलन का उत्सव है, जिसने शिक्षा, समाज और राष्ट्र के बीच सशक्त संवाद स्थापित करने का प्रयास किया है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने की चुनौती नहीं थी, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक चेतना के पुनर्निर्माण का दायित्व भी था। ऐसे समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का ध्येय सामने रखते हुए यह विचार प्रस्तुत किया कि विद्यार्थी केवल 'भविष्य का नागरिक' नहीं, बल्कि 'आज का सक्रिय नागरिक' है। यही विचार आगे चलकर परिषद की कार्यशैली का आधार बना। 'ज्ञान, शील और एकता' का मूल मंत्र परिषद के व्यक्तित्व निर्माण के दृष्टिकोण को स्पष्ट करता है-ज्ञान से बौद्धिक विकास, शील से चरित्र निर्माण और एकता से राष्ट्र के प्रति समर्पण।

पिछले 78 वर्षों में परिषद ने छात्रहित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्ध परिणाम, छात्रवृत्ति, छात्रावास, पुस्तकालयों का सुदृढ़ीकरण, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन, रोजगारोन्मुख शिक्षा तथा परिसरों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने जैसे विषय परिषद के प्रमुख अभियान रहे हैं। देश के अनेक विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की समस्याओं को लोकतांत्रिक माध्यमों से उठाने और उनके समाधान के लिए संवाद स्थापित करने में परिषद की सक्रिय भूमिका रही है।

अभाविप की पहचान केवल आंदोलनों से नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यों से भी जुड़ी है। संगठन ने समय-समय पर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सेवा कार्यों के माध्यम से सिद्ध किया है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत एवं पुनर्वास, रक्तदान अभियान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सामाजिक समरसता, ग्राम विकास, जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकता के कार्यक्रम परिषद की व्यापक सामाजिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी परिषद के कार्यकर्ताओं ने देशभर में राहत कार्यों में उल्लेखनीय भागीदारी निभाई।

अभाविप की कार्यपद्धति का एक विशिष्ट पक्ष उसके विविध आयाम हैं, जिनके माध्यम से संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का प्रयास करता है। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, जैव विविधता, सतत विकास और जनजागरूकता के माध्यम से युवाओं को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी बनाता है। वहीं स्टूडेंट्स फॉर सेवा (एसएफएस) समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और सेवा गतिविधियों को पहुँचाकर छात्रशक्ति को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का कार्य करता है। इसी प्रकार 'खेलो भारत' अभियान के माध्यम से परिषद महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान युवा पीढ़ी के निर्माण का प्रयास कर रही है। वहीं 'राष्ट्रीय कला मंच' भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, लोक परंपराओं और सृजनात्मक अभिव्यक्तियों को मंच प्रदान कर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय गौरव का भाव विकसित करता है।

संगठन का विश्वास है कि महिला सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। इसी दृष्टि से छात्राओं के नेतृत्व विकास, सुरक्षा, स्वाभिमान, उच्च शिक्षा में समान अवसर तथा व्यक्तित्व निर्माण के लिए परिषद निरंतर कार्य कर रही है। 'मिशन साहसी' जैसे अभियानों के माध्यम से लाखों छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देकर आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया है। छात्रावासों की सुविधाएँ, परिसर सुरक्षा, महिला स्वास्थ्य, शिक्षा में समान अवसर तथा नेतृत्व निर्माण जैसे विषयों पर परिषद लगातार रचनात्मक पहल और लोकतांत्रिक संवाद करती रही है। आज एबीवीपी के विभिन्न स्तरों पर बड़ी संख्या में छात्राएँ नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं, जो संगठन की समावेशी कार्यसंस्कृति और महिला नेतृत्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

आज भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देशों में अग्रणी है। यदि इस युवा शक्ति को सही दिशा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल, नवाचार और राष्ट्रीय दृष्टि प्राप्त हो, तो भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को अपेक्षाकृत कम समय में प्राप्त कर सकता है। इस संदर्भ में छात्र संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अभाविप ने युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, संगठन कौशल और राष्ट्रभाव विकसित करने के लिए अनेक प्रशिक्षण, अध्ययन, संवाद और नेतृत्व विकास कार्यक्रम संचालित किए हैं।

वर्तमान समय में शिक्षा जगत तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल शिक्षा, स्टार्टअप संस्कृति, अनुसंधान, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे विषय नई पीढ़ी के सामने अवसर और चुनौतियाँ दोनों प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे समय में केवल तकनीकी दक्षता पर्याप्त नहीं है। आवश्यक है कि विद्यार्थियों में नैतिकता, संवेदनशीलता, लोकतांत्रिक आचरण और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व भी विकसित हो। यही वह संतुलन है जिसकी आवश्यकता आज के भारत को है।

परिषद ने भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा में शिक्षा, अनुसंधान संस्कृति, नवाचार तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर भी निरंतर विमर्श को आगे बढ़ाया है। साथ ही पूर्वोत्तर भारत, सीमांत क्षेत्रों और जनजातीय अंचलों के विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने तथा 'एक जन - एक राष्ट्र - एक संस्कृति' की भावना को मजबूत करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करना भी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि परिषद ने अनेक ऐसे कार्यकर्ता तैयार किए जिन्होंने आगे चलकर शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, न्यायपालिका, उद्योग, सामाजिक जीवन और सार्वजनिक जीवन के विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। इससे स्पष्ट होता है कि छात्र जीवन में प्राप्त संगठनात्मक संस्कार व्यक्ति के दीर्घकालीन व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

78वाँ स्थापना दिवस केवल उपलब्धियों का स्मरण नहीं, बल्कि भविष्य के प्रति नए संकल्प का अवसर भी है। भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षित, संस्कारित और उत्तरदायी युवा शक्ति सबसे बड़ी पूँजी सिद्ध होगी। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के परिसर केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान न बनें, बल्कि चरित्र, नेतृत्व, शोध, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के केंद्र बनें–यह समय की आवश्यकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि छात्र राजनीति केवल चुनावों तक सीमित न रहे, बल्कि शिक्षा सुधार, सामाजिक संवेदनशीलता, पर्यावरण संरक्षण, संवैधानिक मूल्यों, नवाचार और राष्ट्रनिर्माण जैसे विषयों पर भी सक्रिय भूमिका निभाए। जब विद्यार्थी अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी समान रूप से निर्वहन करेगा, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण होगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस पर हम उन सभी ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं को नमन करते हैं जिन्होंने अपने परिश्रम, त्याग और समर्पण से इस संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। अभाविप की यह प्रतिबद्धता है कि राष्ट्रहित, छात्रहित और समाजहित के अपने संकल्प को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाते हुए विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में छात्रशक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई) की अति का संकट



डॉ. अंकिता त्रिपाठी

(लेखिका स्तंभकार हैं।)

'अति सर्वत्र वर्जयेत।' भारतीय ज्ञान परंपरा का यह शाश्वत सिद्धांत आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उद्देश्य सदैव मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और समृद्ध बनाना रहा है, किंतु जब कोई तकनीक बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के हर क्षेत्र में लागू की जाने लगे, तब उसके परिणामों पर गंभीर चिंतन आवश्यक हो जाता है।

भारत में 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने तकनीकी प्रगति को नई गति दी है, जो अपने आप में सराहनीय है। किंतु चिंता का विषय यह है कि अनेक क्षेत्रों में यह धारणा बनती जा रही है कि हर समस्या का समाधान केवल एआई आधारित प्रणालियों में ही निहित है। बिना पर्याप्त परीक्षण, नैतिक समीक्षा और सामाजिक प्रभावों के आकलन के प्रत्येक प्रक्रिया को एआई आधारित बनाने की प्रवृत्ति दीर्घकाल में गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती है।

एआई निस्संदेह चिकित्सा, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। परंतु प्रश्न यह है कि यदि प्रत्येक निर्णय, प्रत्येक विचार, प्रत्येक सृजन और प्रत्येक संवाद का नियंत्रण धीरे-धीरे मशीनों के हाथों में चला जाए, तो मानव की भूमिका क्या रह जाएगी? क्या मनुष्य केवल मशीनों का संचालक बनकर रह जाएगा या अंततः अपनी मौलिक क्षमता खो देगा?

सबसे बड़ी चिंता रोजगार की है। आने वाले वर्षों में एआई करोड़ों नौकरियों को प्रभावित कर सकता है। केवल कारखानों के श्रमिक ही नहीं, बल्कि वकील, डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक, लेखाकार, इंजीनियर और कलाकार जैसे बौद्धिक व्यवसाय भी इससे अछूते नहीं रहेंगे। यदि उत्पादकता का लाभ कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित रह गया और रोजगार के अवसर तेजी से घटे, तो आर्थिक असमानता अभूतपूर्व स्तर पर पहुँच सकती है।

दूसरा गंभीर संकट सत्य का है। एआई कुछ ही क्षणों में ऐसे लेख, चित्र, वीडियो और आवाज तैयार कर सकता है जिन्हें वास्तविक और कृत्रिम में अलग करना कठिन होता जा रहा है। डीपफेक तकनीक लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था, चुनाव, मीडिया और सामाजिक विश्वास की नींव को कमजोर कर सकती है। यदि समाज यह तय ही न कर सके कि क्या वास्तविक है और क्या कृत्रिम, तो सत्य का मूल्य ही संकट में पड़ जाएगा।

व्यक्तिगत गोपनीयता का क्षरण भी एक बड़ी चिंता है। आज हमारा व्यवहार, पसंद, खरीदारी, स्वास्थ्य, यात्रा और सामाजिक संबंधों तक का विशाल डेटा डिजिटल माध्यमों पर उपलब्ध है। यदि एआई इस डेटा का विश्लेषण करके हमारी सोच, निर्णय और व्यवहार को प्रभावित करने लगे, तो व्यक्तिगत स्वतंत्रता धीरे-धीरे केवल एक भ्रम बनकर रह जाएगी। सुविधा के नाम पर व्यापक निगरानी किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए गंभीर चुनौती है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई दोधारी तलवार है। यदि विद्यार्थी स्वयं अध्ययन, चिंतन और लेखन के स्थान पर हर उत्तर एआई से प्राप्त करने लगें, तो मौलिक चिंतन, विश्लेषण और रचनात्मकता का विकास बाधित होगा। परीक्षा में अंक बढ़ सकते हैं, किंतु ज्ञान और विवेक का स्तर गिरने का खतरा रहेगा। ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया ही मनुष्य को परिपक्व बनाती है, उसका स्थान कोई मशीन नहीं ले सकती।

न्याय व्यवस्था में एआई का प्रयोग भी अत्यंत सावधानी की मांग करता है। न्याय केवल तथ्यों का गणितीय विश्लेषण नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, परिस्थितियों और न्यायिक विवेक का संतुलन है। यदि एल्गोरिद्म में पूर्वाग्रह हो, तो वह हजारों मामलों में अन्याय को भी वैज्ञानिक रूप देकर प्रस्तुत कर सकता है।

एआई के व्यापक विस्तार का एक दूरगामी सामाजिक दुष्प्रभाव यह भी हो सकता है कि यदि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर समाप्त होते हैं और उनके स्थान पर पर्याप्त वैकल्पिक आजीविकाएँ उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तो बेरोजगारी और आर्थिक असुरक्षा बढ़ेगी। ऐसी परिस्थितियों में सामाजिक तनाव, असंतोष और निराशा भी बढ़ सकती है। इतिहास और अपराधशास्त्र संकेत करते हैं कि व्यापक बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और सामाजिक उपेक्षा अपराध की प्रवृत्तियों को बढ़ावा देने वाले प्रमुख कारकों में रही हैं। इसलिए एआई आधारित अर्थव्यवस्था के साथ सरकारों का दायित्व होगा कि वे नए रोजगार सृजित करें, कौशल उन्नयन को बढ़ावा दें तथा प्रभावी सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था विकसित करें, जिससे तकनीकी प्रगति सामाजिक असंतुलन का कारण न बने।

मानवीय संबंधों पर भी एआई का प्रभाव चिंताजनक हो सकता है। यदि मित्रता, परामर्श, मनोरंजन और संवाद का बड़ा भाग कृत्रिम प्रणालियों से होने लगे, तो परिवार, समाज और मानवीय संवेदनाओं का स्वाभाविक विकास प्रभावित होगा। तकनीक सुविधा दे सकती है, किंतु स्नेह, विश्वास, त्याग और करुणा जैसे मानवीय मूल्यों का विकल्प नहीं बन सकती।

यह भी विचारणीय है कि एआई का नियंत्रण मुख्यतः कुछ वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों के हाथों में केंद्रित होता जा रहा है। यदि ज्ञान, सूचना, संचार और निर्णय-सहायक प्रणालियों पर सीमित संस्थाओं का प्रभाव बढ़ता गया, तो तकनीकी शक्ति का यह केंद्रीकरण लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकता है।

इसका अर्थ यह नहीं कि एआई का विरोध किया जाए। विरोध प्रौद्योगिकी का नहीं, बल्कि उसकी अति, अनियंत्रित विस्तार, बिना विचार के अंधानुकरण, नैतिक नियंत्रण के अभाव और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के क्षरण का होना चाहिए। जिस प्रकार परमाणु ऊर्जा मानव कल्याण का साधन भी बन सकती है और विनाश का कारण भी, उसी प्रकार एआई भी उसके उपयोग और नियंत्रण पर निर्भर करेगा।

भारतीय संस्कृति का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है- 'अति सर्वत्र वर्जयेत।' यदि एआई मानव की सहायता तक सीमित रहे तो वह वरदान है, यदि मानव का स्थान लेने लगे तो वही तकनीक अभिशाप सिद्ध हो सकती है। इसलिए आवश्यकता एआई के अंधानुकरण की नहीं, बल्कि उसके उत्तरदायी, पारदर्शी, नैतिक और विधिसम्मत उपयोग की है। मानव ने एआई का निर्माण किया है, भविष्य ऐसा न हो कि एआई ही मानव के भविष्य का नियंत्रक बन बैठे। तकनीक का अंतिम उद्देश्य मनुष्य की गरिमा की रक्षा होना चाहिए, उसका प्रतिस्थापन नहीं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**


# समंदर बन गई हैं महानगरों की सड़कें, डूबती गाड़ियों को कोई किनारा नहीं मिलता

हम 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं। हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहे हैं। हम आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्मार्ट शहरों और वैश्विक स्तर की सुविधाओं का दावा कर रहे हैं। लेकिन क्या हर मॉनसून हमारे इन सभी दावों की वास्तविकता सामने नहीं रख देता? क्या यह सवाल पूछने का समय नहीं आ गया है कि यदि हमारे महानगर और राज्य की राजधानियां कुछ घंटों की बारिश भी नहीं झेल पा रही हैं, तो विकसित भारत की बुनियाद आखिर कितनी मजबूत है?

क्या यह आश्चर्य की बात नहीं कि महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और गुरुग्राम जैसे देश के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हर वर्ष मानसून आते ही जलभराव, जाम और अव्यवस्था की पहचान बन जाते हैं? क्या यह केवल मौसम की मार है, या फिर हमारी नगर योजना, निर्माण व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारी की सबसे बड़ी असफलता है? यदि हर वर्ष यही स्थिति बननी है, तो फिर हर वर्ष होने वाली तैयारियों और बैठकों का परिणाम आखिर कहां दिखाई देता है? क्या स्मार्ट सिटी का अर्थ केवल चौड़ी सड़कें, चमकदार भवन और आकर्षक परियोजनाएं हैं? क्या स्मार्ट शहर वह नहीं होना चाहिए जो सामान्य से अधिक बारिश को भी सहजता से संभाल सके? यदि अरबों रुपये जल निकासी, सड़क निर्माण और शहरी विकास पर खर्च हो रहे हैं, तो पहली तेज बारिश में ही सड़कें नदी और चौराहे तालाब क्यों बन जाते हैं? क्या हर मानसून के बाद वही तस्वीरें, वही बयान और वही आश्वासन सुनना हमारी नियति बन चुकी है? क्या कभी किसी अधिकारी, किसी एजेंसी या किसी निर्माण करने वाली संस्था की जवाबदेही तय हुई? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं कि हर वर्ष खर्च होने वाला धन आखिर किस काम में लगाया जाता है? क्या समस्या केवल अधिक बारिश की है, या फिर प्राकृतिक जलमार्गों पर अतिक्रमण, बिना योजना के विस्तार, कमजोर निर्माण और रखरखाव की अनदेखी इसकी असली वजह है? क्या नदियों, तालाबों और पुराने जल निकासी मार्गों को पाटकर खड़ी की गई इमारतों की कीमत अब पूरा समाज नहीं चुका रहा है? यदि शहरों की सांस लेने वाली प्राकृतिक व्यवस्था को ही समाप्त कर दिया जाएगा, तो पानी आखिर जाएगा कहां? क्या यह सामान्य बात मानी जा सकती है कि बारिश होते ही एंबुलेंस फंस जाए, बच्चे स्कूल न पहुंच सकें, कर्मचारी दफ्तर न जा सकें, बाजार ठप हो जाएं, रेल और हवाई यात्रा थम जाएं और सामान्य जीवन रुक जाए? क्या हर वर्ष होने वाले आर्थिक नुकसान, समय की बबार्दी और जनजीवन की परेशानी का कोई हिसाब भी रखा जाता है? यदि रखा जाता है, तो फिर समाधान आज तक क्यों नहीं मिला? क्या विकसित भारत केवल बुलेट ट्रेन, एक्सप्रेस वे और गगनचुंबी इमारतों से बनेगा? या फिर उसकी पहचान ऐसी मजबूत बुनियादी व्यवस्था से होगी जो हर मौसम में नागरिकों को सुरक्षित और सुगम जीवन दे सके? क्या विश्व स्तर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना उन शहरों के सहारे पूरा होगा जो हर मानसून में ठहर जाते हैं? क्या केवल सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाना पर्याप्त है? क्या नागरिकों की भी जिम्मेदारी नहीं कि वे नालों में कचरा न डालें, जलमार्गों पर अतिक्रमण का विरोध करें और सार्वजनिक व्यवस्था के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं? लेकिन क्या यह भी उतना ही सच नहीं कि व्यवस्था की सबसे बड़ी जिम्मेदारी उसी पर होती है जिसके हाथ में योजना, संसाधन और निर्णय की शक्ति होती है? देखा जाये तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हम 2047 के विकसित भारत की इमारत उस बुनियाद पर खड़ी कर रहे हैं जो हर मानसून में हिल जाती है? क्या अब समय नहीं आ गया है कि विकास के दावों से पहले शहरों की जल निकासी व्यवस्था, निर्माण की गुणवत्ता, नगर नियोजन और प्रशासनिक जवाबदेही को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए? क्या जनता को हर वर्ष एक ही परेशानी झेलने के लिए मजबूर रखना किसी भी विकसित राष्ट्र की पहचान हो सकती है? और यदि इन सवालों का उत्तर आज भी हमारे पास नहीं है, तो फिर क्या हमें पहले विकसित भारत का सपना देखना चाहिए, या पहले उसकी मजबूत बुनियाद तैयार करनी चाहिए?

## प्रकृति का सच्चा सहजीवन





'विशाल जंगली भैंसा और नन्ही चिड़िया... एक की चोंच को भोजन मिला, दूसरे की आँख को राहत। यही है प्रकृति का अनकहा नियम , जहाँ सहयोग ही सबसे बड़ा संबंध है।' चित्र भारत के जंगल का है।





### एक नजर

## लखनऊ छावनी में शुरू हुई शाम की विशेष सफाई व्यवस्था

**लखनऊ (एजेंसी)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत लखनऊ छावनी परिषद ने स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए शाम की विशेष सफाई व्यवस्था शुरू की है। अब प्रतिदिन शाम छह बजे से रात 10 बजे तक छावनी क्षेत्र में 70 सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाकर सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करेंगे। इस नई व्यवस्था की शुरुआत छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) अभिषेक राठौर और बोर्ड के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर की। पहले चरण में यह अभियान सैन्य अधिकारियों और जवानों के आवासीय क्षेत्रों के बाहर शुरू किया गया है। जल्द ही इसे पूरे छावनी क्षेत्र में लागू किया जाएगा। छावनी परिषद के अधिकारियों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करना और अधिक अंक हासिल करना है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया रानी अवंती बाई की प्रतिमा का अनावरण

**लखनऊ (एजेंसी)।** वीरांगना रानी अवंती बाई ने भारत की आन-बान-शान की रक्षा और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान और त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बांदा जिले के कालू कुआं चौराहे पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए अपने संबोधन में यह कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए गौरव का विषय है। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भारत के वीरों-वीरांगनाओं और राष्ट्र नायकों को बांदा के महत्वपूर्ण स्थलों पर सम्मान देकर वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए एक नया आदर्श प्रस्तुत किया है।



सीएम योगी ने कहा कि लगभग तीन वर्ष पहले भी उन्हें बांदा में दो महत्वपूर्ण प्रतिमाओं के अनावरण का अवसर मिला था। आज वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा के अनावरण से यह गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बांदा का सिटी डेवलपमेंट प्लान, विकसित होती सड़कें और अन्य विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि योजनाबद्ध विकास किस प्रकार किसी शहर की पहचान बदल सकता है।

मुख्यमंत्री ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय पूरे देश में आजादी की प्रबल इच्छा थी। बैरकपुर में मंगल पांडे ने क्रांति की चिंगारी जलाई, मेरठ में धन सिंह गुर्जर ने उसका नेतृत्व किया, कानपुर के बिठूर में तात्या टोपे ने उसे आगे बढ़ाया और झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई ने वीरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी महान परंपरा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने भी राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। सीएम ने कहा कि आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा स्थापना से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को मजबूत करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि कि जब अच्छे नेता चुने जाते हैं, तो महापुरुषों को ऐसे ही सम्मान मिलता है। यह सम्मान उन नायकों-नायिकाओं और वीरों-वीरांगनाओं के प्रति कृतज्ञता है, जिनके लिए राष्ट्रधर्म ही सर्वोपरि था और उसके लिए बलिदान दिया। इसी परम्परा में वीरांगना अवंती बाई लोधी का नाम भी आता है। सीएम ने उनकी स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए विनम्र सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, पीडब्ल्यूडी के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत समेत अन्य भाजपा नेता व गणमान्य उपस्थित रहे।

# यूपी में अगले 72 घंटे भारी बारिश का अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से राहत दिलाने वाला मानसून अब चुनौती भी बनता नजर आ रहा है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में अगले 72 घंटे बेहद महत्वपूर्ण रहने वाले हैं। 10, 11 और 12 जुलाई के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी रहेगा, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। राजधानी लखनऊ में 10 जुलाई तक आसमान में घने बादल छाए रहने, रुक-रुक कर बारिश और गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। लगातार बारिश के कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज हो सकती है, जिससे उमस से राहत मिलेगी लेकिन जलभराव की समस्या बढ़ सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 10 जुलाई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। कई स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या और आसपास के जिलों में तेज बारिश का दौर देखने को मिल सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

# यूपी में ईवी सब्सिडी आवेदनों में 241% की भारी बढ़ोतरी

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की 'इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022' का असर अब जमीन पर साफ दिखने लगा है। राज्य में न सिर्फ पर्यावरण अनुकूल वाहनों के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है, बल्कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ईवी सब्सिडी के स्वीकृत आवेदनों में पिछले वर्ष के मुकाबले 241 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मौजूदा समय में देशभर में बिकने वाले कुल इलेक्ट्रिक वाहनों में अकेले उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत हो चुकी है, जिसे सरकार जल्द ही 30 प्रतिशत तक पहुंचाने की तैयारी



में है। यूपी परिवहन विभाग की पारदर्शी व्यवस्था के चलते अब तक 86,489 इलेक्ट्रिक वाहनों के सब्सिडी आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 43 हजार से अधिक लाभार्थियों को भुगतान भी किया जा चुका है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जहां 13,950 आवेदन स्वीकृत हुए थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह आंकड़ा बढ़कर 47,514 पहुंच गया। चालू वर्ष में 1 अप्रैल 2026 से 22 जून 2026 के बीच ही करीब 10 हजार नए आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। इस पूरे इकोसिस्टम में सबसे ज्यादा मांग दोपहिया वाहनों (61,417) की रही है, जिसके बाद चार पहिया ईवी (24,959) का नंबर आता है।

# मानचित्र के लिए अब फायर सेफ्टी हलफनामा अनिवार्य

**लखनऊ (एजेंसी)।** शहर में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने भवन निर्माण में फायर सेफ्टी को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब जिन आवासीय भवनों के लिए फायर एनओसी अनिवार्य नहीं है, उनके मानचित्र पास कराने से पहले भवन स्वामियों को लिखित हलफनामा देना होगा। इसमें यह वादा करना होगा कि भवन में न्यूनतम फायर सेफ्टी मानकों का पूरा पालन किया जाएगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के इस आदेश को लेकर लखनऊ में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशंस ने सवाल उठाए हैं। RWA का कहना है कि लखनऊ में कई अपार्टमेंट हैं जिनमें फायर सेफ्टी के मानक पूरे नहीं किए गए हैं, जिसको लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं. ऐसे में आम लोगों से हलफनामा लेने का क्या मतलब है। LDA VC प्रथमेश कुमार ने बताया कि इस नए प्रावधान का मुख्य उद्देश्य ऊंची इमारतों में लगने वाली आग से होने वाले नुकसान को कम करना है। हलफनामे में फायर एक्सटिंग्विशर, स्मोक डिटेक्टर, इमरजेंसी एग्जिट और पर्याप्त वेंटिलेशन जैसी व्यवस्थाओं का उल्लेख अनिवार्य होगा। यह नियम उन मध्यम आकार के आवासीय प्रोजेक्ट्स पर लागू होगा जहां फायर विभाग से NOC की बाध्यता नहीं है, लेकिन सुरक्षा के नाम पर अक्सर लापरवाही सामने आती है।

# युवा बने सरकारी योजनाओं के ब्रांड एम्बेसडर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के युवा अब केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि वे योगी सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उठाने को तैयार हैं। इसी प्रगतिशील सोच के साथ राजधानी लखनऊ में 'यूपी राइज 2026: संवाद, संकल्प, सफलता' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा टाइम्स नाऊ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों से आए हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया और 'कैंपस ब्रांड एम्बेसडर' के रूप में सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में जुटे छात्र-छात्राओं ने एक सुर में कहा कि वर्ष 2017 के बाद जबसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभाली है, तब से यूपी का परसेप्शन पूरी तरह बदल चुका है। कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, रिकॉर्ड निवेश और उद्योगों के आने से अब युवाओं को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ रहा है। कौशल विकास, स्वरोजगार और स्टार्टअप अनुकूल नीतियों के चलते आज उत्तर प्रदेश देश में 'सबसे ज्यादा और सबसे बड़े अवसरों' वाले राज्य के रूप में स्थापित हो चुका है, जिसकी सराहना अन्य राज्यों से आए युवा भी कर रहे हैं।

# फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई को ग्राम बरी अंजनियां निवासी चंद्र बदन जोशी ने कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर बताया था कि स्कॉर्पियो वाहन से आए कुछ लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की और उनमें से एक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली से वह बाल-बाल बचा। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए



कोतवाली क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का सफल खुलासा करती पुलिस।

मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह के नेतृत्व में कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान 8 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिस्टी रोड स्थित मेहरबान नगर देवहा पुल के पास से सर्वजीत सिंह निवासी गढ़ीपट्टी, नानकमत्ता, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी कहलो निवासी देवीपुरा, बिलासपुर (रामपुर) तथा सिमरन सिंह निवासी पहाड़पुर, बिलासपुर (रामपुर) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस तथा स्कॉर्पियो कार (पंजीकरण संख्या UK-06-AN-3802) बरामद कर ली। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक के.सी. आर्या, उपनिरीक्षक एवं विवेचक राकेश राय, उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल कमल पाल, हेड कांस्टेबल सुभाष जोशी, कांस्टेबल दुर्गा नाथ तथा कांस्टेबल जगदीश नगरकोटी आदि सम्मलित रहे।

# संध्या संवाद से मिला पेंशनर्स को बकाया

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी सरकार प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनसमस्याओं के समयबद्ध समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए शासन स्तर पर लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे आम नागरिकों के साथ-साथ कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कार्मिकों की समस्याओं का भी त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में देवीपाटन मंडल में मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने "संध्या संवाद" कार्यक्रम के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कराया।



देवीपाटन मंडल के श्रावस्ती में आयोजित संध्या संवाद कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आए, जहां सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीपीएफ एवं अन्य सेवा संबंधी देयों का भुगतान कराया गया। इस पहल के तहत कुल 89 लाख 41 हजार 612 रुपये की जीपीएफ धनराशि संबंधित कर्मचारियों के खातों में पहुंचाई गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के चेहरे भुगतान मिलने के बाद खुशी से खिल उठे। बढ़ाते हुए मंडल में संध्या संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से प्रशासन सीधे लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है।

"संध्या संवाद" कार्यक्रम में कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने शिकायत रखी कि उनका जीपीएफ तथा अन्य सेवा संबंधी भुगतान लंबित है। इस पर मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया। जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं तेजी से पूरी कराईं। परिणामस्वरूप जीपीएफ भुगतान का सफलतापूर्वक निस्तारण हो सका। सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकाश नारायण पाठक, राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय, सुनील श्रीवास्तव, प्रेम नारायण वर्मा, कौशल्या देवी, अवधेश कुमार तथा भगवान दीन वर्मा सहित अन्य पात्र कर्मचारियों को उनके सेवा संबंधी देयों का भुगतान कराया गया। सभी लाभार्थियों को मिलाकर कुल 89 लाख 41 हजार 612 रुपये की धनराशि वितरित की गई।

योगी सरकार ने मंडल में संध्या संवाद कार्यक्रम की शुरुआत श्रावस्ती जिले की ग्राम पंचायत टेण्डवा महन्थ से की थी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुना गया, उनका तत्काल समाधान कराया गया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। संध्या संवाद कार्यक्रम धीरे-धीरे प्रशासन और आमजन के बीच भरोसे का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है।

# विद्यार्थियों को बांटे गए बैग व स्टेशनरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भारत विकास परिषद, शाखा खटीमा द्वारा संचालित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बिसौटा में विद्यार्थियों को स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। परिषद का सेवा पखवाड़ा दिवस 27 जून से 10 जुलाई तक मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न जनसेवा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों को सहयोग प्रदान करना



स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरण के दौरान बच्चे एवं अध्यापकगण।

परिषद की प्राथमिकता है और सेवा पखवाड़े के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सहायता पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दीपक बत्रा, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल, प्रांतीय महासचिव हरीश शर्मा, प्रांतीय सेवा संयोजक सुनील रैदानी, दीपचंद खर्कवाल, विक्रम गुलाटी, संतोष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, विष्णु दत्त शर्मा, हरप्रीत सिंह महल, बबीता अग्रवाल, रितु गुप्ता, रितु बत्रा, स्वाति गोयल सहित परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम अचल यादव ने भारत विकास परिषद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# रिटायर्ड एआरटीओ के घर छापा, 35 करोड़ बरामद

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विजिलेंस टीम ने कभी सपने में नहीं सोचा होगा कि आय से अधिक संपत्ति मामले में जिस रिटायर्ड एआरटीओ ललित कुमार के लखनऊ आवास पर वह छापा मारेगी, वहां हर कोने में नोट ही नोट देखने को मिलेंगे। घंटों तक चली छापेमारी में 20 करोड़ के सोने-चांदी के बिस्किट और जेवर देखकर अफसर हैरान रह गए। 1.62 करोड़ रुपये नकदी भी मिली है। इसके अलावा करोड़ों रुपये की प्रॉपर्टी के दस्तावेज बरामद हुए हैं। ललित कुमार आगरा में एआरटीओ पद पर कार्यरत थे। अब वह लखनऊ के अलीगंज में रहते हैं। बुधवार को विजिलेंस टीम भारी पुलिसबल के साथ वहां पहुंची और छापेमारी शुरू कर दी। अभी तक घर से जितने जेवर, पैसे और प्रॉपर्टी के कागज मिले हैं, उनका कुल मूल्य 35 करोड़ बताया जा रहा है।

**मंत्रालय-मांग** मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

# उत्तराखंड में अलग जनजाति मंत्रालय की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था के कार्यकर्ताओं ने संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह राणा के नेतृत्व में केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तराखंड में भी पृथक जनजाति कार्य मंत्रालय की स्थापना की मांग को लेकर खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि उत्तराखंड में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों थारू, बुक्सा, जौनसारी, भोटिया और राजी जनजातियों के सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास हेतु विशेष योजनाओं एवं कार्यक्रमों की आवश्यकता को देखते हुए उत्तराखंड में भी पृथक जनजाति कार्य मंत्रालय की स्थापना



मांग को लेकर खटीमा तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन देते।

की जाए। केंद्र सरकार की तरह से उत्तराखंड में भी जनजाति समुदायों के विकास, शिक्षा, रोजगार स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरक्षण एवं अधिकारों के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जाए। उन्होंने मांग किया कि जनजाति समुदायों की समस्याओं और आवश्यकताओं के समाधान के लिए एक पृथक जनजाति कार्य मंत्रालय की स्थापना किया जाना अत्यंत आवश्यक है। वहीं खटीमा तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण ने बताया कि मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था की ओर से पृथक जनजाति कार्य मंत्रालय की स्थापना को लेकर एक ज्ञापन आया है जिसको उचित माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित कर दिया जाएगा। वहीं मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह राणा ने बताया कि केंद्र सरकार के तर्ज पर उत्तराखंड में भी जनजाति कार्य मंत्रालय की गठन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है ताकि उत्तराखंड में भी जनजाति समुदाय के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा जनजाति की समस्त योजनाओं का सही से क्रियान्वयन हो सके और जनजाति के लोगों का उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पूर्व भी जनजाति कल्याण मंत्रालय के गठन की मांग को लेकर कई बार मांग की गई है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस मौके पर चरन सिंह राणा, मनीष सिंह राणा, नितेश सिंह राणा आदि रहे।

## एक नजर

### पूरनपुर में श्रम विभाग का ने मारा छापा, चार बच्चे मिले

**पूरनपुर।** बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को श्रम विभाग ने नगर में विशेष अभियान चलाया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला के नेतृत्व में टीम ने पुस्तक विक्रेताओं, होटलों, ढाबों और कपड़ा दुकानों का औचक निरीक्षण किया, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों पर चार बच्चे काम करते मिले। टीम ने बच्चों की पारिवारिक और शैक्षणिक स्थिति की जानकारी ली। बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन पर संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर तय समय में जवाब तलब किया गया है। मुक्त कराए गए बच्चों को परिजनों को सौंप दिया गया। टीम ने संचालकों को जागरूक करते हुए बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है।

# तालाब में डूबने से मानसिक रूप से कमजोर युवक की मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बुधौली में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ घर के पीछे स्थित तालाब में डूबने से एक मानसिक रूप से कमजोर युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधौली निवासी बसंतलाल वर्मा (34 वर्ष) पुत्र जगन्नाथ मानसिक रूप से कमजोर था। बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद शौच के लिए घर से बाहर निकला था। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो चिंतित पिता ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। परेशान होकर पिता ने गुरुवार सुबह स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और उसकी तलाश करने की गुहार लगाई। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे परिजनों की नजर घर के पीछे स्थित तालाब में पड़ी। पानी के अंदर युवक के सिर के बाल दिखाई देने पर परिजनों के होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी तुरंत बिलसंडा पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मौके पर पहुंचकर तालाब में डूबे युवक की जानकारी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा



मृतक का फाइल फोटो।

ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकाला गया है। शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

-नीरज कुमार, कार्यवाहक थानाध्यक्ष, बिलसंडा।

ग्रामीण की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा था।

## दुष्कर्म के प्रयास में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग किशोरी के साथ अभद्रता और उसके परिजनों को धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, किशोरी जब घर के पास मौजूद थी, तब एक युवक ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। घटना के बाद पीड़िता किसी तरह वहां से बचकर निकली और अपने परिजनों को सूचित किया। परिजनों का आरोप है कि कानूनी कार्रवाई के लिए जाते समय नामजद आरोपियों और उनके सहयोगियों ने उन्हें रास्ते में रोककर डराने-धमकाने का प्रयास किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी अरविंद कुमार सहित पांच नामजद लोगों और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। प्रशासन द्वारा आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

## संक्षेप समाचार



घटिया सामग्री को बयां करती सड़क। -जागरण मोर्चा

### पहली बारिश में ढही नई सड़क और पुलिया

**बरखेड़ा।** बहादुरपुर हुकमी गांव में करीब दो माह पहले बनी सड़क और पुलिया पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गई। सड़क का किनारा धंसने और पुलिया के नीचे की ईंटों की दीवारें ढहने से आवागमन खतरे में पड़ गया है। जल निकासी बाधित होने से गांव में जलभराव और गंदगी की समस्या भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा सड़क और पुलिया की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

### तेंदुए के हमले से गांव में दहशत, ग्रामीणों ने वन विभाग से रेस्क्यू अभियान चलाने की मांग

**बरखेड़ा।** बहादुरपुर हुकमी गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, दिनदहाड़े एक तेंदुए ने गांव में एक कुत्ते पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद गांव के लोगों में भय व्याप्त है और किसान खेतों में जाने से घबरा रहे हैं, जबकि बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की मौजूदगी की सूचना कई बार वन विभाग को दी गई, लेकिन मौके पर कोई टीम नहीं पहुंची। इससे लोगों में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर तेंदुए को पकड़ने तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता।



तेंदुए के पग चिन्ह। -जागरण मोर्चा



पवित्र पट्टा बंधन कार्यक्रम में भाग लेते गौ सेवक। -जागरण मोर्चा

### गो माता पवित्र पट्टा बंधन कार्यक्रम में लिया संकल्प

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी, जिला पीलीभीत के तत्वावधान में परशुराम चौक पर गो माता के पवित्र पट्टा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गो सेवा, गो संरक्षण और गौवंश के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने गो सेवा के कार्यों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए इसे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग बताया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा, जिला प्रमुख पलेन्द्र शर्मा, नगर प्रमुख शिवम् सिंघल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने गो माता को पवित्र पट्टा बांधकर गो संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया तथा "गो सेवा ही राष्ट्र सेवा है" का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा विषय है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र एवं समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ।



संवेदनशील मार्गों का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### श्रावण मास व कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, यात्रा मार्ग का किया संयुक्त निरीक्षण

**पीलीभीत।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री नताशा गोयल एवं उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी ने नवीन बरेली-सितारगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना अमरिया और जहानाबाद क्षेत्र के कांवड़ यात्रा मार्ग तथा संवेदनशील स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान राज कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। बाद में आयोजित समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डायवर्जन, सड़क सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई। कार्यदायी संस्था को सड़क मरम्मत, गड्ढों का भराव, साइनेज, रिफ्लेक्टर तथा अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, नियमित गश्त करने और प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि कांवड़ यात्रा सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### विवेकानंद यूथ अवॉर्ड के लिए आवेदन आमंत्रित, उत्कृष्ट युवाओं को मिलेगा 50 हजार का पुरस्कार

**पीलीभीत।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विवेकानंद यूथ अवॉर्ड हेतु पात्र युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी, जनजागरूकता अभियान और उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं का चयन राज्य स्तर पर किया जाएगा। चयनित युवा को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा तथा प्रशस्ति सम्मान प्रदान किया जाएगा। जनपद के ऐसे युवा, जिन्होंने समाज और राष्ट्रहित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, व्यक्तिगत श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रस्ताव आवश्यक अभिलेखों सहित जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग, विकास भवन पीलीभीत स्थित कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# गौकशी के लिए ले जा रहे एक को गौरक्षक दल ने पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गौकशी के लिए गाय ले जाए जाने की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय बजरंग दल और गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं ने एक व्यक्ति को गाय के साथ पकड़ लिया। समय रहते सूचना मिलने पर गाय को सुरक्षित बचा लिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

गौ रक्षक दल और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि बंजरिया क्षेत्र में एक व्यक्ति गौकशी के लिए गाय को बेचने गहलुइया की ओर ले जा रहा है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गाय को गौकशी के लिए बेचने की तैयारी थी। सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल के शिवम भदौरिया, राहुल, अभिषेक, सूरज ठाकुर, गोपाल, अनुज, मोहित, रोहित हिमांशु आदि कार्यकर्ता सक्रिय हुए और बताए गए स्थान पर पहुंच कर घेराबंदी करते हुए कार्यकर्ताओं ने गाय को जिंदा व सुरक्षित बचा लिया। इसके साथ ही गाय को ले जा रहे गोपाल नाम के व्यक्ति को भी दबोच लिया। गाय खरीदने वाला कसाई मौके से भाग गया। सूचना पाकर बडी संख्या में लोग घटना की जानकारी लेने के लिए मौके पर पहुंच गए। इसको लेकर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई। हिन्दू संगठन के लोगों ने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। गौ रक्षक दल और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। पुलिस ने पकडे गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर फरार कसाई को पकडने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस दौरान कई लोगों से पूछताछ की, घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गाय को कहां से लाया गया था। पुलिस ने बताया कि कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा होगा। इधर लोगों में घटना को लेकर रोष देखा जा रहा है।



मौके पर मौजूद पुलिस व सुरक्षित बचाई गई गाय। -जागरण मोर्चा

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरु कर दी मामले की जांच

# घर से निकले युवक का पेड़ से लटका मिला शव, हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घर से निकले एक युवक का शव उसके घर से करीब 50 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। जिसे देखकर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भैरवकला सूरज पाल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार को रात्रि करीब नौ बजे घर से निकला था। वह शराब के नशे में था। रात तक घर ना पहुंचने पर परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नही चल सका। गुरुवार को ग्रामीणों ने घर से लगभग 50 मीटर दूर एक पेड़ पर उसका शव लटका देखा। यह खबर गांव में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्वजन और पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारीकी से निरीक्षण कर आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़ी जानकारी जुटाई। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक चार भाईयों में तीसरे नम्बर पर था। कुछ माह पहले उसके छोटे भाई की भी शराब से मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# घर में घुस कर भाभी के साथ देवर ने किया दुष्कर्म

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ विरोध करने पर लगाई पिटाई, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** घर में घुसे देवर ने भाभी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर पीटा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

हजारा थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 23 मई को वह अपने घर पर अकेली थी। रात्रि के दौरान वह चारपाई पर सो रही थी। रात्रि करीब 11 बजे महिला का देवर घर में घुस आया। कमरे में चारपाई पर सो रही भाभी को युवक ने गलत नीयत से दबोच लिया। इसके बाद उसने जबरन भाभी के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर उसका मुंह दबा दिया और मारा पीटा। जिससे महिला घायल हो गई। किसी को बताने या शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी महिला ने परिवार को दी। उसी समय महिला हजारा थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। और पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल भी नही कराया। इसके बाद महिला ने एसपी को पत्र दिया। लेकिन एसपी के आदेश के बावजूद कोई कार्यवाही नही की गई। इससे परेशान होकर महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## डीलर्स के लिए डिप्लोमा प्रशिक्षण शुरू

**पीलीभीत।** जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में मैनेज हैदराबाद द्वारा संचालित 48 सप्ताह का डिप्लोमा और सीसीआईएनएम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले अभ्यर्थी डिप्लोमा के आधार पर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक, जबकि सीसीआईएनएम कोर्स के बाद केवल उर्वरक लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी हाईस्कूल/इंटरमीडिएट अंकतालिका, आधार, पैन कार्ड, दो फोटो और निर्धारित शुल्क के साथ कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9193297078 पर संपर्क किया जा सकता है। कृषि अधिकारी ने युवाओं से समय पर आवेदन की अपील की है।

# नेटवर्क खराब, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गांव राहुल नगर में लंबे समय से बनी मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। विरोध प्रदर्शन कर खराब नेटवर्क व्यवस्था के खिलाफ नारेबाजी की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है। कई बार घंटों तक नेटवर्क पूरी तरह गायब रहता है, जबकि कई स्थानों पर फोन करने के लिए लोगों को घरों की छतों या खुले मैदानों में जाना पड़ता है। कॉल बार-बार कट जाती है और इंटरनेट सेवा भी ठीक से काम नहीं करती। इसके कारण लोगों के निजी, व्यावसायिक और सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आज के समय में अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन हो चुकी हैं। बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, राशन, पेंशन, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र समेत कई सरकारी सेवाओं के लिए इंटरनेट जरूरी है, लेकिन खराब नेटवर्क के कारण समय पर कार्य नहीं हो पाते। विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसान भी मौसम की जानकारी, फसल संबंधी सलाह और ऑनलाइन पंजीकरण जैसे कार्य समय पर नहीं कर पा रहे हैं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार संबंधित दूरसंचार कंपनी के अधिकारियों और प्रशासन को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि यदि गांव में नेटवर्क व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान विमल कुमार, रंजीत, सोनिया, दीपक, सुनीता आदि मौजूद रहे।



मोबाइल नेटवर्क के विरोध में प्रदर्शन करते लोग। -जागरण मोर्चा

## टाइगर रिजर्व कार्यालय में वाटिका का हुआ उद्घाटन व पौधारोपण

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के प्रभागीय कार्यालय परिसर में गुरुवार को वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर द्वारा नवनिर्मित वाटिका का उद्घाटन किया गया। इसके बाद फील्ड डायरेक्टर, प्रभागीय वनाधिकारी और प्रभागीय निदेशक ने परिसर में फूलदार एवं शोभाकार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अधिकारियों ने कहा कि ऐसे हरित प्रयास परिसर की सुंदरता बढ़ाने के साथ जैव विविधता के संरक्षण में मददगार साबित होते हैं। इस अवसर पर पीलीभीत रेंज अधिकारी विनीत श्रीवास्तव सहित वन विभाग के तमाम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी नगर अमरनाथ वर्मा ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी के प्रति सतर्कता तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ने न्यायालय परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं पर विशेष निगरानी रखने तथा सुरक्षा संबंधी सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान अनुशासन एवं पूर्ण सतर्कता बनाए रखने पर भी जोर दिया। सीओ सिटी ने सुरक्षा कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।



जायजा लेते सीओ सिटी।

## जनसंख्या अभियान और जनगणना की तैयारी तेज

**पीलीभीत।** जनपद में 11 से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ डॉ. बी.सी. पंत ने बताया कि इस वर्ष का स्लोगन "जब बच्चों में हो सही अंतराल, परिवार बने स्वस्थ और खुशहाल" है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन परामर्श, काउंसलिंग और निःशुल्क साधनों का वितरण होगा। दूसरी ओर, जनगणना-2027 की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि निर्बाध कार्य के लिए जिला जनगणना सहायता केंद्र को नया लैंडलाइन नंबर और इंटरनेट कनेक्शन दिया जाएगा, जबकि वर्तमान नंबर (05882-254116) बाढ़ नियंत्रण कक्ष में स्थानांतरित होगा।

# 'ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना का स्थलीय सत्यापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, लखनऊ की टीम ने जनपद पीलीभीत का दो दिवसीय भ्रमण कर उद्यान विभाग की 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना के क्रियान्वयन का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम के विशेषज्ञ हीरालाल भगौरे ने बीसलपुर, बिलसण्डा, अमरिया और पूरनपुर क्षेत्र में शासन द्वारा रैंडम चयनित 10 लाभार्थी किसानों के खेतों का निरीक्षण कर योजना की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने किसानों से सीधे संवाद कर सिंचाई व्यवस्था, अनुदान (सब्सिडी) के वितरण तथा योजना में पारदर्शिता संबंधी जानकारी प्राप्त की। जिला उद्यान अधिकारी मृत्युंजय सिंह एवं योजना प्रभारी रामेश्वर दयाल ने टीम को जिले में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों की संख्या और उपलब्धियों से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान टीम ने ग्राम पंचायत भानपुर, पूरनपुर में एकीकृत बागवानी मिशन के अंतर्गत स्थापित पॉलीहाउस का भी अवलोकन किया। किसानों ने बताया कि 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना से कम पानी में बेहतर सिंचाई संभव हुई है, जिससे जल संरक्षण के साथ उत्पादन और आय में भी वृद्धि हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य आधुनिक सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देकर कम पानी में अधिक उत्पादन सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री ओमकार सिंह यादव का निधन

**बदायूं।** बदायूं जिले की राजनीति के कद्दावर नेता और पांच बार के विधायक रहे पूर्व राज्य मंत्री ओमकार सिंह यादव का निधन हो गया है। उनके निधन से पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई है। वह अपनी सादगी, मिलनसार स्वभाव और मजबूत जनाधार के लिए जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे पार्टी के लिए एक बड़ी अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि ओमकार सिंह का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उनके निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले समर्थकों और विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों का तांता लगा हुआ है।



ओंकार (फाइल फोटो)

# दोहरे हत्याकांड के आरोपी अभय पर शिकंजा

## घटना में इस्तेमाल हथियारों का सप्लायर भी था साजिशकर्ता अभय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सैंजनी के एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप के भाई तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की गई है। मंगलवार को ही न्यायालय से अभय प्रताप की जमानत याचिका खारिज हुई थी। इस कांड में मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के विरुद्ध पहले ही रासुका लगाई जा चुकी है।



अभय प्रताप सिंह।

12 मार्च, 2026 को मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैंजनी गांव स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के बायोगैस प्लांट में घुसकर दो वरिष्ठ अधिकारी सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप के तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू की भी हत्याकांड में संलिप्तता पाई गई थी। उसे भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने इस हत्याकांड को आपराधिक षड्यंत्र मानते हुए अभय प्रताप के साथ मुनेंद्र विक्रम, धर्मेंद्र और मुख्य आरोपी अजय प्रताप के सगे भाई केशव उर्फ मिचकू को सहआरोपी बनाया था। इधर, जिला प्रशासन ने अभय प्रताप की आपराधिक गतिविधियों को समाज के लिए खतरा माना। डीएम की मंजूरी के बाद मूसाझाग पुलिस ने आरोपी अभय प्रताप के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की।

### रासुका लगाने के कारण

सूत्रों के अनुसार, उसकी गतिविधियां सामान्य कानून से नियंत्रित नहीं हो पा रही थीं। उसकी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया।

> एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी के तहेरे भाई अभय प्रताप के खिलाफ पुलिस ने रासुका के तहत कार्रवाई की है। इस केस में जो भी दोषी है। उन सबके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।
>
> – डॉ. हृदेश कठेरिया, एसपी ग्रामीण

### मुख्य आरोपी पर पहले लग चुकी है रासुका

मुख्य आरोपी अजय प्रताप पर प्रशासन की ओर से पहले ही रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिस और प्रशासन की ओर से उसकी गतिविधियों को समाज के लिए खतरा बताते हुए रासुका लगाई गई थी।

### हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष रह चुका है आरोपी

> एचपीसीएल दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी के तहेरे भाई अभय प्रताप सिंह के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई कराई गई है। मुख्य आरोपी पर पहले की रासुका लगाई जा चुकी है। केस में नामजद आरोपियों की भी आपराधिक गतिविधियां देखी जा रही हैं।
>
> – अवनीश राय, डीएम

आरोपी अभय प्रताप उर्फ कल्लू का राजनीतिक रसूख भी रहा है। आरोपी अभय प्रताप हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष रह चुका है। एचपीसीएल हत्याकांड के समय भी वह हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष था। पूर्व में जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर उसके स्वागत में बदायूं शहर में गाड़ियों का लंबा काफिला निकला था।

### मंगलवार को जिला न्यायालय ने खारिज की थी अभय की जमानत याचिका

दोहरे हत्याकांड के सहआरोपी अभय प्रताप उर्फ कल्लू अपनी जमानत के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा था। इसके लिए उसकी ओर से जिला न्यायालय में जमानत की याचिका डाली थी। न्यायालय ने मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान उसको खारिज कर दिया था।

### वर्ष 2023 में जनपद में हुई थी रासुका की कार्रवाई

अलापुर थाने के ककराला में बवाल के बाद पुलिस ने आरोपी वसीम पुत्र सर्वे अली, यूनुस शाह व उसके बेटे रहीस और यूसुफ पर रासुका की कार्रवाई की गई थी। इसमें सभी आरोपियों को जेल में तामील करा दी गई थी। इसके बाद अब एचपीसीएल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप और उसके तहेरे भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू पर रासुका की कार्रवाई की गई है।

# सुरक्षा में चूक पर सैफायर क्लब के सात कर्मचारियों पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सिटी मॉल स्थित सैफायर क्लब एण्ड लाउंज में आयोजित विशेष आमंत्रण-आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में चूक का मामला सामने आने के बाद प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में संस्थान के निदेशक दीपक नारंग ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 4 और 5 जुलाई को उद्घाटन से पूर्व विशेष आमंत्रण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें शहर के आमंत्रित अतिथि परिवार सहित शामिल हुए थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संगीत और आतिथ्य की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान कुछ अनाधिकृत व्यक्ति किसी तरह परिसर में प्रवेश कर गए और मंच पर प्रस्तुति दे रही कलाकार के साथ अनुचित व्यवहार करने का प्रयास किया। नारंग के अनुसार, सुरक्षा टीम ने तुरंत हस्तक्षेप कर आरोपितों को बाहर कर दिया, लेकिन इस दौरान कुछ सेकंड का वीडियो रिकॉर्ड होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे पूरे आयोजन को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वायरल वीडियो में दिख रहे लोग आमंत्रित अतिथि नहीं थे। घटना की प्रारंभिक जांच में सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर चार सुरक्षा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, जबकि तीन अन्य कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।



निर्देशक दीपक नारंग।

# एचपीसीएल हत्याकांड: आरोपी की 27 दुकानों पर नहीं चला बुलडोजर



मृतकों के फाइल फोटो नीले में सुधीर गुप्ता व लाल कोट में हर्षित मिश्रा।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** एचपीसीएल हत्याकांड में प्रशासन की कार्रवाई पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले में नामजद आरोपी की 27 दुकानों पर अब तक बुलडोजर नहीं चल सका है, जबकि उस पर लगाया गया करीब 90 लाख रुपये का जुर्माना भी जमा नहीं कराया गया है। इससे पीड़ित परिवारों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

गौरतलब है कि 12 मार्च को एचपीसीएल के डीजीएम और एजीएम की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया था। आरोपी की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण और आर्थिक दंड की बात कही गई थी। लेकिन घटना के कई महीने बीत जाने के बाद भी न तो आरोपी की 27 दुकानों पर बुलडोजर चल पाया है और न ही उस पर लगाया गया भारी जुर्माना वसूला जा सका है। ऐसे में पीड़ित परिवारों ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। उनका आरोप है कि यदि समय रहते सख्ती दिखाई जाती, तो कानून का संदेश मजबूत जाता। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही नियमानुसार कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, देरी को लेकर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। इस पूरे मामले में अब लोगों की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### कोर्ट में पेश किए गए एचपीसीएल हत्याकांड के आरोपी, जल्द शुरू होगा ट्रायल

**बदायूं।** बहुचर्चित एचपीसीएल हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों को गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया। मामले में अब जल्द ही ट्रायल शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस की मजबूत पैरवी और साक्ष्यों के आधार पर अभियोजन पक्ष को उम्मीद है कि आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाई जा सकेगी। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को दिनदहाड़े एचपीसीएल प्लांट में घुसकर बदमाशों ने दो अधिकारियों—सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा—की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां अभियोजन की ओर से केस डायरी और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। बताया जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में आरोप तय कर ट्रायल की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं, पीड़ित परिवार लगातार आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहा है। परिजनों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई इस जघन्य वारदात ने न केवल उनके परिवार को तोड़ा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने प्रशासन और न्यायालय से मामले की शीघ्र सुनवाई कर दोषियों को सख्त सजा देने की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि केस की विवेचना पूरी कर ली गई है और सभी जरूरी साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। अब अभियोजन पक्ष पूरी मजबूती से पैरवी करेगा ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

# कटरा नगर पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरानपुर कटर (शाहजहांपुर)।** कटरा नगर पंचायत कार्यालय सभागार में गुरुवार को नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तिलहर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) जीत राय ने नामित सभासद रजत शर्मा, रवि त्रिपाठी एवं रामनिवास को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। तीनों नामित सभासदों ने नगर हित एवं जनसेवा के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह 'प्रिंस' ने नव-नामित सभासदों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि नगर पंचायत के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित जनसुविधाओं को बेहतर बनाने में सभी जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी नामित सभासद जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाते हुए नगर के समग्र विकास में सक्रिय योगदान देंगे। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। उपस्थित लोगों ने नव-नामित सभासदों को मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। नगर के विकास और जनकल्याण के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्षकी गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही।



नगर पंचायत कटरा में नामित सदस्यों को शपथ दिलाते एसडीएम।

# भाकियू का निकाला जुलूस, प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसाने की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर में जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया व उप जिलाधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा।

बरेली मंडल बरेली के मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप व जिला अध्यक्ष पातीराम कश्यप के नेतृत्व में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति संगठन के कर्यकर्ता सुबह 10:00 बजे कोतवाली चौराहे के निकट कितनापुर रोड पर बंगाली बाबा मंदिर के प्रांगण में एकत्रित हुए । कार्यकर्ताओं ने यहां से जुलूसनिकला। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कोतवाली रोड , डिग्री कॉलेज चौराहा अस्पताल चौराहा होते हुए तहसील प्रांगण में पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम नागेंद्र पांडे को अपना ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ग्राम पंचायत पिपरिया मंडल में गाटा संख्या 474 क्षेत्रफल 1.4370 में गलत विरासत किए जाने की शिकायत की गई व खेमकरन पुत्र रामलाल के हिस्से की भूमि की जांच कर दस्तावेजों को उपलब्ध कराये जाने व ग्राम पंचायत के मेंबरों को मानदेय दिलाए जाने की मांग की। प्रदर्शन में मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप, जिला अध्यक्ष पातीराम कश्यप, उपाध्यक्ष चांद अंसारी, जिला महामंत्री शिवकुमार गौतम, सलाहकार मंत्री सुरेंद्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष हीरालाल, तहसील उपाध्यक्ष सदर पीलीभीत सोनपाल, ब्लॉक अध्यक्ष सगीर अहमद, राम बहादुर, सतनाम सिंह, खेमकरन, रूप किशोर, रूपलाल, बृजेश कुमार, शाहजहां बेगम, नूरजहां बेगम सहित कई मौजूद रहे।



उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को ज्ञापन देते भाकियू के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

## युवती से मारपीट करने पर दो पर प्राथमिकी

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुर्बानपुर में रास्ते के विवाद को लेकर एक युवती के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी गुलफ्शां ने पुलिस को बताया कि 4 जुलाई को खेत के निकास में जबरन डनलप (बैलगाड़ी) खड़ा करने को लेकर आरोपियों का उसके पिता से विवाद हुआ था। इसके बाद जब वह घर पर अकेली थी, तब आरोपी शाहरुख खान और मोहम्मद आलम ने घर में घुसकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# तमंचे पर अपहरण, पुश्तैनी घर ढहाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मकान हडपने की नीयत से घर बैठे मकान स्वामी का पडोसियों ने तमंचे की नोक पर अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने बुलडोजर से उसका मकान तुडवाकर सामान भर ले गए। शिकायत की गई लेकिन विधायक के संरक्षण में कार्रवाई नही हुई। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नगर के मोहल्ला पंकज कॉलोनी विधायक वाली गली के निवासी राम प्रताप ने बताया कि उसका पुस्तैनी मकान पंकज कॉलोनी विधायक वाली गली में स्थित है। जिसका वह मकान मालिक है। उसके मकान में सुनीता देवी 23 वर्षों से किराएदार के रूप में रहती चली आ रही थी। उसके मकान में तीन कमरे,बरामदा और आंगन खुला हुआ था। जिसमें हरे पेड खडे थे। आरोप है कि आरोपी उसके मकान को औने पौने दामों में खरीदना चाहते थे। जिसको पीडित ने मना कर दिया था। पांच मई की शाम चार बजे राम प्रताप अपने इसी घर में बैठे थे। पडोस के रहने वाले मनोज गुप्ता उर्फ सोना, मयंक गुप्ता अपने साथी मझले व तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके मकान पर आ धमके और तमंचे की नोक पर राम प्रताप को जबरन कार से अपहरण कर ले गए। अपहरण कर पीडित को आसाम रोड पर घूमाते रहे। आरोप है कि आरोपी की पीड़ित के अन्य साथियों ने बुलडोजर मंगवा कर उसका मकान तुड़वा दिया। घर में खडे हरे-भरे पेड़ गिरा दिए। घरेलू सामान ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले गए। उस समय उसकी किराएदार अपनी बेटी की शादी में गोरखपुर गई थी। आरोपियों ने दो घंटे तक डराया धमकाया और बंधक बनाए रखा। उसके बाद नगर के प्रीत रेस्टोरेंट के ठीक सामने उसको आरोपियों ने गाड़ी से उतार दिया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना रेस्टोरेंट व बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीडित ने बताया कि आरोपी अवैध कब्जा करने और खनन करके व गरीबों की संपत्ति हडपने का काम करते हैं। सत्ताधारी विधायक के संरक्षण में पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। उसने उसी दिन कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। लेकिन सत्ताधारी विधायक के दबाव के चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री से भी शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्वाही नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

> ▶ सत्ताधारी विधायक के संरक्षण से नही हुई कार्रवाई

## प्रेमी संग प्रेमिका फरार, युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**दातागंज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 जुलाई की रात 10 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर सो रही थी। इसी बीच दरवाजा खटकने की आवाज उसे सुनाई दी। जब उसने दरवाजा खोलकर देखा तो रंजीत पुत्र कल्लू दरवाजे पर खड़ा था। जिस पर रंजीत उससे बोला कि वह लेट हो गया, इसलिए वह उसके घर पर रुकना चाहता है। जिस पर वह उसके घर रुक गया। जब वह सो गई तो रंजीत उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह उठकर देखा तो रंजीत व मोहिनी घर से गायब थे। पुलिस ने आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

**चिकित्सा योजना** | तहसील सभागार में गूंजा मुख्यमंत्री का लाइव संदेश

# शिक्षा योजनाओं के सजीव प्रसारण का तहसील सभागार में हुआ आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में मुख्यमंत्री द्वारा वाराणसी में आयोजित शिक्षा जगत की महत्वपूर्ण योजनाओं के ऐतिहासिक शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बुधवार तहसील सभागार मोहम्मदी में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, डीबीटी वितरण कार्यक्रम, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय पुरस्कार कार्यक्रम तथा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के साथ एमओयू (MOU) जैसे महत्वपूर्ण कदमों की शुरुआत की गई।

बेसिक शिक्षा परिवार तहसील मोहम्मदी के तत्वावधान में तहसील सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख श्रीमान महेंद्र बाजपेई उपस्थित रहे। साथ ही नोडल अधिकारी/खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदी शशांक सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी पसगवां संजीव कुमार की उपस्थिति रही। बैंकिंग क्षेत्र से एसबीआई मुख्य शाखा प्रबंधक सैय्यद अहमद फ़राज़ और एसबीआई कृषि विकास शाखा प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा वितरित हुए कैशलेस चिकित्सा कार्ड कार्यक्रम में विकास खण्ड मोहम्मदी और पसगवां के कई शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई के द्वारा 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' से संबंधित कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए गए।



शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड देते हुए ब्लाक प्रमुख महेन्द्र बाजपेई।

### कार्ड प्राप्त करने वाले प्रमुख शिक्षक व कर्मी

जे पी इण्टर कालेज (मोहम्मदी) के आशीष कुमार मिश्र, अनुराग श्रीवास्तव, देवेन्द्र प्रताप सिंह, संजय कुमार कटियार, विभव अवस्थी और निरंजन सिंह एवं बेसिक शिक्षा परिवार (मोहम्मदी) योगेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र कुमार तिवारी, राजीव कुमार, अर्शी सुल्ताना, कर्म सिंह, अनुपम त्यागी। इसके साथ ही शिक्षा मित्र महिमा देवी, अनुदेशक अखिलेश कुमार और रसोइया मनोरमा देवी को भी कार्ड मिला। साथ ही विकास खण्ड पसगवां के जिया हैदर जैदी, विनय कुमार वर्मा, संजय सिंह, विश्वास कुमार सिंह, सुदयभान यादव, पूर्ति अग्रवाल, विवेक कुमार शर्मा, अर्चना सैनी, अजयपाल और ज्योत्सना मिश्रा को कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शचिन्द्र नारायण दीक्षित, कल्लू राम मिश्र, देवीचरन मिश्र, देवेन्द्र कुमार वर्मा, सत्येन्द्र अवस्थी, विनीत कुमार शुक्ल, योगेश कुमार मिश्र, राजीव कुमार विमल, मनोज कुमार, राम सिंह, एआरपी ज्ञानप्रकाश सिंह, अनूप कुमार, विश्वास कुमार, नोडल बालिका शिक्षा पसगवां सत्येन्द्र बहादुर सिंह, संकुल शिक्षक सुशील जोशी, मतलूब हसन, आशीष कुमार मिश्र, फरीद अहमद, मोहम्मद खालिद, अतीक अहमद, मोहम्मद रिजवान, नितिश भारद्वाज और मनीष राठौर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी अभिषेक मिश्र द्वारा किया गया। उपस्थित सभी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए इसे शिक्षा जगत के लिए एक मील का पत्थर बताया।

# नवजात की मौत पर अस्पताल पर कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के सूर्यांश हॉस्पिटल में नवजात की मौत के मामले को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ अस्पताल पहुंचकर पूरे प्रकरण की सघन जांच की।

काफी समय तक चली इस जांच के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं, ऑपरेशन थिएटर, प्रसव कक्ष, उपकरणों और उपचार संबंधी दस्तावेजों का बारीकी से निरीक्षण किया गया, जिसमें अस्पताल में कोई भी महिला डॉक्टर उपस्थित नहीं मिली।प्रारंभिक जांच में गंभीर कमियां और मानकों का उल्लंघन सामने आने पर प्रशासन ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से बंद करा दिया है। इसके साथ ही अस्पताल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। जांच टीम ने प्रसव प्रक्रिया, ड्यूटी स्टाफ और नवजात के इलाज से जुड़े सभी मूल अभिलेख कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन के जवाब और जांच रिपोर्ट का परीक्षण करने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही या अनियमितता मिलने पर अस्पताल के खिलाफ कठोरतम कदम उठाए जाएंगे।



अस्पताल में जांच करते चिकित्सा अधिकारी। –जागरण मोर्चा

> ▶ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने पहुंचकर की गहन जांच

### पेनल्टी शूटआउट में स्विट्जरलैंड ने कोलंबिया को 4-3 से किया पराजित

# स्विट्जरलैंड का 72 साल का सूखा समाप्त, अंतिम आठ में बनाई जगह

**वैंकूवर**

फीफा विश्व कप 2026 में प्री क्वार्टर फाइनल के सभी मुकाबले समाप्त हो गए हैं और क्वार्टर फाइनल के लिए टीमें तय हो गई हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का आखिरी मुकाबला स्विट्जरलैंड और कोलंबिया के बीच हुआ। स्विट्जरलैंड ने इतिहास रचते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

कनाडा के वैंकूवर में खेला गया मुकाबला निर्धारित समय तक 0-0 की बराबरी पर रहा। एक्स्ट्रा टाइम में भी कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट से मैच का नतीजा निकला। स्विट्जरलैंड ने पेनल्टी शूटआउट को 4-3 से अपने नाम किया। स्विट्जरलैंड और कोलंबिया ने अपने पहले शूटआउट पर गोल किया। दूसरे पर स्विट्जरलैंड की तरफ से जेकी अम्डोनी ने गोल मारा लेकिन डेविंसन सांचेज का पेनल्टी शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। स्विट्जरलैंड की तरफ से मैनुअल अकांजी तीसरी पेनल्टी मिस कर गए और स्कोर 2-2 हो गया।



### अब अर्जेंटीना से होगी भिड़ंत

क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड का सामना मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना से होगा। प्री क्वार्टर फाइनल में लियोनेल मेसी की टीम ने इजिप्ट को 3-2 से हराया। 78वें मिनट तक 0-2 से पिछड़ने के बाद अर्जेंटीना ने वापसी करते हुए मैच को अपने नाम किया। हालांकि रेफरी के अर्जेंटीना के पक्ष में कई विवादित फैसले दिए।

### इजिप्ट के कोच ने लगाया फीफा पर पक्षपात का आरोप



वहीं फीफा वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना ने इजिप्ट के खिलाफ एक बेहद रोमांचक उलटफेर भरी जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। एक समय पर इजिप्ट की टीम मैच खत्म होने के कुछ मिनट पहले तक 2-0 से आगे चल रही थी और उसकी जीत तय लग रही थी। लेकिन अर्जेंटीना की टीम ने मैच के आखिरी 15 मिनटों में चमत्कारिक वापसी करते हुए तीन बैक-टू-बैक गोल दाग दिए।

### क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल

**10 जुलाई:** मोरक्को बनाम फ्रांस
रात 1:30 बजे

**11 जुलाई:** नॉर्वे बनाम इंग्लैंड
रात 12:30 बजे

**12 जुलाई:** स्पेन बनाम बेल्जियम
रात 2:30 बजे

**12 जुलाई:** अर्जेंटीना बनाम स्विट्ज़रलैंड
सुबह 6:30 बजे

# बेन स्टोक्स के संन्यास पर विवाद गहराया, आईसीसी ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से मांगा जवाब

**लंदन**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर और कप्तान बेन स्टोक्स के अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान स्टोक्स ने अपने संन्यास का एलान किया था। हालांकि, अब उनका यह फैसला विवादों के घेरे में आ गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने इस मामले को लेकर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से संपर्क किया है और नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर जवाब मांगा है। दरअसल, बेन स्टोक्स ने तीसरे टेस्ट मैच के दौरान अचानक यह घोषणा कर दी थी कि वह अब इंग्लैंड की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते नजर नहीं आएंगे। उनके इस फैसले से फैंस के साथ-साथ क्रिकेट विशेषज्ञ भी हैरान रह गए। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्टोक्स के संन्यास से जुड़ा वीडियो अपने आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर साझा किया था। इसके अलावा मुकाबले के दौरान ब्रॉडकास्टर की ओर से भी इस वीडियो को दिखाया गया था। इसी मामले को लेकर अब आईसीसी ने आपत्ति जताई है। आईसीसी का कहना है कि किसी भी बड़े फैसले या आधिकारिक घोषणा के लिए तय नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करना जरूरी होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी ने ईसीबी से यह जानने की कोशिश की है कि संन्यास से जुड़ी घोषणा और उसके प्रसारण के दौरान सभी नियमों का पालन किया गया था या नहीं। बेन स्टोक्स का संन्यास ऐसे समय पर आया, जब वह पहले से ही कुछ विवादों के कारण चर्चा में थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को जीत दिलाने के बाद स्टोक्स एक नाइट क्लब विवाद में फंस गए थे। इस मामले के बाद उनकी काफी आलोचना हुई थी। विवाद बढ़ने के बाद टीम मैनेजमेंट ने उन्हें दूसरे टेस्ट मैच से बाहर रखने का फैसला किया था। हालांकि, तीसरे टेस्ट मैच में बेन स्टोक्स की टीम में वापसी हुई थी। फैंस को उम्मीद थी कि वह मैदान पर दमदार प्रदर्शन कर आलोचकों को जवाब देंगे, लेकिन मैच के चौथे दिन उन्होंने अचानक इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर होने का फैसला सुनाकर सभी को चौंका दिया। स्टोक्स के इस फैसले के बाद क्रिकेट जगत में कई तरह की चचाएं शुरू हो गईं। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्टोक्स के फैसले का सम्मान करते हुए उनके योगदान की सराहना की थी। बोर्ड ने उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली खिलाड़ियों में से एक बताया। हालांकि, आईसीसी की ओर से सवाल उठाए जाने के बाद अब ईसीबी को पूरे मामले पर अपना पक्ष रखना होगा। बेन स्टोक्स का क्रिकेट करियर कई यादगार पलों से भरा रहा है। उन्होंने इंग्लैंड को कई बड़े मुकाबलों में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी, शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के दम पर उन्होंने दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में अपनी जगह बनाई।

# वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत फीस का जुर्माना

**नई दिल्ली**

एंटीगा और बारबुडा के नॉर्थ साउंड सेंट जॉर्ज में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर-रेट बनाए रखने के कारण वेस्टइंडीज पर उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दो अंक काटे गए हैं। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने यह कार्रवाई की। वेस्टइंडीज की टीम तय लक्ष्य से दो ओवर पीछे पाई गई।आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.22 के अनुसार, खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। अधिकतम जुर्माना मैच फीस के 50 प्रतिशत तक सीमित होता है।



# जय शाह ने जादरान के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली**

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान को श्रद्धांजलि दी।

### आईसीसी चेयरमैन ने कहा- हमेशा याद किया जाएगा

जादरान का 38 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शाह ने जादरान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की तरक्की के पीछे अहम खिलाड़ियों में से एक बताया। लंबी बीमारी से जूझने के बाद जादरान ने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में अंतिम सांस ली। शाह ने अफगानिस्तान क्रिकेट में जादरान के योगदान की तारीफ करते हुए देश की ऐतिहासिक पहली क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत में उनके यादगार ऑलराउंड प्रदर्शन को याद किया।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से पहले प्रतिका रावल हुईं बाहर

### 10 जुलाई से खेला जाएगा टेस्ट, टैमी लेंगी संन्यास







**नई दिल्ली**

इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर होने वाले एकमात्र महिला टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम को एक बड़ा झटका लगा है।

टीम की स्टार सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। 25 वर्षीय दाएं हाथ की बल्लेबाज प्रतिका रावल को पिछले हफ्ते टांटन में इंग्लैंड ए के खिलाफ इंडिया ए का प्रतिनिधित्व करने के दौरान घुटने में गंभीर रूप से चोट लग गई थी। प्रिया की लगभग डेढ़ साल बाद टीम में वापसी हुई है। वहीं लॉर्ड्स के मैदान पर होने वाले इस मैच के बाद इंग्लैंड की बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी।

# मार्टा कोस्तयुक विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचीं




**नई दिल्ली**

यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक ने अपने करियर के पहले विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोस्तयुक ने बुधवार को सेंटर कोर्ट पर इटली की जैस्मीन पाओलिनी के खिलाफ 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा और 9 मिनट तक चला। 12वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पिछले साल की उपविजेता पर जीत के साथ डब्ल्यूटीए टूर पर उनके पिछले 22 मुकाबलों में 21 जीत का शानदार रिकॉर्ड बना दिया है। यह जीत उन्हें फ्रेंच ओपन 2026 में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद मिली है। पहली बार सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए कोस्तयुक ने आक्रामकता दिखाई। उन्होंने 19 विनर्स लगाए, जिनमें कई शानदार रिटर्न विनर्स भी शामिल थे। इसने पाओलिनी को लगातार दबाव में रखा।

### जोकोविच सेमीफाइनल में सवा 5 घंटे चला मैच जीते

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन में अब तक के सबसे लंबे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है। वह विंबलडन में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। पांच घंटे और 15 मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 7-6(10), 3-6, 6-3, 6-7(4), 7-6(10-4) से हराया। जोकोविच अपने करियर में 55वीं बार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इसके साथ ही जोकोविच ने विंबलडन के सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 15वीं बार जगह बनाई है। जोकोविच ने अपने पहले विंबलडन सेमीफाइनल के 19 साल बाद एक बार फिर अंतिम चार में जगह बनाई है। 39 साल और 51 दिन की उम्र में वह ओपन एरा में विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।



### नीरज और मीराबाई सहित 5 से गोल्ड की उम्मीद

**नई दिल्ली।** 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन 23 जुलाई से ग्लास्गो में होगा। भारत के 5 बड़े एथलीट्स से पदक जीतने की उम्मीद है। हालांकि हॉकी, टेबल टेनिस और बैडमिंटन जैसे खेल कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का हिस्सा नहीं होंगे। भारत के इन खेलों में मेडल जीतने की संभावना बेहद मजबूत थी। बहरहाल, भारतीय दल पर शेष खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव जरूर होगा।

मीराबाई चानू (वेटलिफ्टिंग): भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मीराबाई चानू से गोल्ड मेडल जीतने की पूरी उम्मीद है। इस बार वो महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में ऐतिहासिक हैट्रिक लगाने की कोशिश करेंगी।

नीरज चोपड़ा (जेवलिन थ्रो): नीरज तो भारत के पोस्टर ब्वॉय हैं और इनसे गोल्ड मेडल जीतने की उम्मीदें प्रबल हैं।

प्रवीण चितरावल (ट्रिपल जंप): भारतीय एथलेटिक्स ने फील्ड इवेंट्स में गजब की प्रगति की और ट्रिपल जंपर प्रवीण चितरावल ने गोल्ड की उम्मीदें मजबूत कर दी हैं।

प्रीति पवार (बॉक्सिंग): 22 साल की प्रीति पवार ने गजब का प्रदर्शन किया और गोल्ड की उम्मीदें जगाई हैं। प्रीति 54 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

रोहित यादव (जेवलिन): नीरज के लिए बड़ा खतरा हमवतन रोहित यादव बन सकते हैं। यादव ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप्स में 87.05 मीटर की दूरी पर भाला फेंका था।

# रविंद्र और डॉ. शैलेंद्र ने जीतीं 3-3 ट्रॉफियां

### फादर एंड सन तथा फादर एंड डॉटर श्रेणी में खेल का आयोजन

**भोपाल**



खेल मनोरंजन के साथ ही शरीर और मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है। खासतौर पर जब इसमें कुछ अलग हटकर आयोजन किया जाए तो रोचकता बढ़ जाती है।

कुछ इसी तर्ज पर आरके स्पोर्ट्स वर्ल्ड एवं मिनाल स्पोर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय मिक्स एज बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 का समापन 7 जुलाई को हुआ। यह प्रतियोगिता 4 से 7 जुलाई तक आयोजित की गई, जिसमें भोपाल के बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अरुणेश्वर सिंहदेव रहे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीप सिंह, मनोज गुप्ता, राजेश शर्मा, संदीप नामदेव तथा आरके स्पोर्ट्स क्लब की डायरेक्टर दीप्ति किरार भी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

# गांगुली को जन्मदिन पर तोहफा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम में एंट्री

**नई दिल्ली**

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली को उनके 54वें जन्मदिन पर बहुत बड़ा सम्मान मिला है। उन्हें बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाने के साथ ही गांगुली भारतीय क्रिकेट के 12 दिग्गजों में शामिल हो गए हैं, जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। गांगुली ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का आभार जताया। गांगुली ने अपने पोस्ट में लिखा, आईसीसी और चेयरमैन जय शाह का धन्यवाद। हॉल ऑफ फेम में शामिल होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। कप्तान के तौर पर गांगुली ने भारतीय क्रिकेट की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाई। उनकी कप्तानी में भारत ने 2003 वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी। उन्हें भारतीय क्रिकेट में आक्रामक सोच और युवा खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए भी याद किया जाता है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में गांगुली का नाम अब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, कपिल देव, सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले, वीरेंद्र सहवाग, बिशन सिंह बेदी, विनू मांकड़, डायना एडुल्जी, नीतू डेविड और एमएस धोनी जैसे भारतीय दिग्गजों के साथ जुड़ गया है। खिलाड़ी के रूप में शानदार करियर के बाद गांगुली 2019 से 2022 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष भी रहे। फिलहाल सौरव गांगुली इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े हैं और एसए 20 लीग में प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।